उ०—२ हेक थको चौड़ै हुवां, असमर करा अदोस। डेरां डेरां **बत्तड़ी**, डेरां डेरां जोस। —रा.रू.

२ देखो 'वाती' (रू. भे.)

बत्ती—१ देखो 'बत्ती' (रू. भे.)

बत्तीस देखो 'बत्तीस' (रू. भे.)

उ०—**बत्तीस** आखडी रौ निवाहणहार, वैरियां विभाड़णहार। —रा. सा. सं.

बत्तौ–वि० [स्त्री. वत्ती] अधिक, बढ़कर।

उ०—१ साच रै पखै बधण रौ दुख दुनियां रै सरब सुखां सूं घणौ **वत्तौ** है। —फुलवाड़ी

उ०—२ थारै-सूं वत्ती लिखमी और कुण हुसी। —बरसगांठ

रू. भे.—बतौ, वतौ ।

बत्थपुन्न—सं. पु. [सं. वस्त्र-पुण्य] वस्त्र-दान से होने वाला पुण्य । (जैन)

बत्थिरि—क्रि. वि.—विस्तार से ।

उ०—अजितनाथ वर भवण नदि मंडिय गुरु वत्थिरि ।
—अभयतिक

बत्थु—देखो 'वस्तु' (रू. भे.)

उ०—जिम गंगाजल जलह मझि सुपवित्त भणिज्जइ । जिम मोह गह बत्थु मझि मणहर वन्निज्जइ । —ऐ. जै. का. स.

बत्री देखो 'बात' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—दगम पिनाक गहल तो दीसै, विगत हमैं गुण बत्री । खडे मैं बसुधा विण खत्री, कोधी बार इकीसें । —र. रू.

बत्रीस देखो 'बत्तीस' (रू. भे.)

वत्स—सं. पु. [सं.] १ बेटा, पुत्र ।

२ गाय का बछड़ा ।

३ किसी जानवर का बच्चा ।

४ छोटा बच्चा, शिशु, बालक ।

५ संतान, औलाद ।

६ इन्द्र ।

७ कंस का एक अनुचर ।

८ एक प्रचीन देश जहाँ का राजा उदयन था । इसकी राजधानी कौशाबी थी ।

रू. भे.—बच्छ, बछ, बछक, बाच, बाछ, वच्छ, वच्छि, वछ, वाच, वाच्छि, वाछ ।

अल्पा—बच्छड़ो, वच्छ, बछड़ो, बछरो, बछवो, बछियो, बछो बाछड़ियो, बाछड़, बाछड़ो, बाछरू, बाछियो, बाछो, वचो, वच्छड़ो, वच्छ, वछरो, वछो वाछड़उ, वाछड़ो, वाछरू, वाछरो, वाछो ।

वत्सक—सं. पु. [सं. वत्सक.] १ छोटा बछड़ा, बच्चा ।

२ कुटज का पौधा ।

३ एक इक्ष्वाकुवंशीय राजा ।

४ एक यादव वंशीय राजा जो वसुदेव का भाई था ।

[सं. वत्सक] ५ पुष्प कसीस ।

६ कूलज ।

७ निर्गुण्डी ।

८ कंस के अनुचर वत्स का नामांतर ।

रू. भे.—बछक, वछक ।

वत्सनाभ—सं. पु. [सं.] १ हिमालय की तराई में कम ठंडे भागो में पैदा होने वाला वछनाभ नामक एक प्रकार का पौधा ।

२ उक्त पौधे की जड़ से निकलने वाला विष विशेष जो मीठा होता है, मीठा विष ।

रू. भे.—बच्छनाग, वच्छनाभ, बछनाग, बछनाभ, वच्छनाग, वच्छनाभ ।

३ एक महर्षि । (चरित्र कोश)

वत्सर—सं. पु. [सं. वत्सरः] १ द्वादश मास की एक अवधि, वर्ष ।

२ विष्णु का एक नाम ।

३ एक राजा जो ध्रुव राजा का छोटा पुत्र था ।

[सं. वत्सतरः] ४ वह बछड़ा जो जवान व जोतने योग्य हो गया हो ।

रू. भे.—बच्छ, वच्छर, बतसर, बत्सर, वच्छर, वच्छरी, वछर वछरि, वतसर ।

वत्सराज—सं. पु. [सं. वत्स.+राज] १ गाय का बछड़ा ।

२ गौतम बुद्ध का समकालीन कौशाबी का प्रसिद्ध राजा, उदयन ।

३ कौशल देश का एक राजा जो द्रोपदी स्वयंवर में उपस्थित था, वत्स ।

४ संवत् १५६० के लगभग हुए अजमेर के प्रसिद्ध दानवीर गौडवंशीय राजा का नाम ।

रू. भे.—बछराज वछराज ।

वत्सळ वत्सल—वि. [सं. वत्सल] (स्त्री वत्सला) १ जो पुत्र या संतान के प्रति स्नेहालु हो, प्रेम से परिपूर्ण हो ।

२ जो अपने छोटों के प्रति कृपालु, दयालु हो ।

सं. पु [सं. वत्सल] १ अनुराग, प्रेम ।

२ वात्सल्य रस ।

रू. भे.—बच्छळ, बछळ, वच्छळ, वच्छल, वछळ, वाछळ ।

वत्सलता—सं. स्त्री.—१ स्नेहालु या कृपालु होने की अवस्था, भाव ।

२ अनुराग, प्रेम ।

३ कृपा, दया, अनुग्रह ।

रू. भे.—वच्छलता ।

वत्सासुर—सं. पु. [सं.] वत्स नामक असुर जो श्रीकृष्ण के हाथों मारा गया ।

रू. भे. बछासुर, बछासुर, वछासुर, वछासुर ।

बथ—देखो 'बाथ' (रू. भे.)

उ०—रथ छाडि राजन उतरया, रूखमण्यौ साहिउ बथ । दड दोट वाजई कोट भाजई, वेग वाल्या हथ । —रुकमणी मंगळ

बथवो, बथूअउ—देखो 'बथवो' (रू. भे.) (उ. र.) (अमरत)

बथूळियो—देखो 'बथूळो' (अल्पा., रू. भे.)

बथूळो—देखो 'बथूळो' (रू. भे.)

बद–सं. पु.—१ किसी विषय का विशेषतः धार्मिक या आध्यात्मिक विषय का वास्तविक ज्ञान।

२ वृक्ष।

३ चारों वेद।

४ किसी मास का अर्धभाग, कृष्ण पक्ष, जिसमें चंद्रमा की कलाओं का क्रमशः ह्रास होता है और पूर्व निशा में अंधकार बढ़ता जाता है।

५ एक रोग विशेष। (भाव प्रकाश)

६ देखो 'बद' (रू. भे.)

रू. भे.—बद।

बदक–वि. [स. वद्] कहने वाला, वक्ता।

बदको–वि.—१ श्रेष्ठ, उत्तम, बढ़िया।

२ सज्जन, भला।

३ अधिक, बहुत।

रू. भे.—बदको।

बदखोर, बदखोरो—देखो 'बदखोर' (रू. भे.)

उ०—कर जुध धरा रह्यौ करनांणी। बदखोरौ आयौ चढ बाढ।
—द. दा.

बदगड–सं पु.—दिल्ली का एक नामान्तर।

बदणौ, बदबौ–क्रि. स. [सं वद्] १ कहना।

उ०—१ महा सुगण रूप है सुचित सार आचार में, सखां कवण जोड़-जें, अघट आज संसार में। यळा सह बदै यसो, सुजन रांम साधार है। पुणां जम जिवै पढौ, सुज कथा स अधार है। —र. ज. प्र.

उ०—२ सुनण 'नाथ' 'खेतसी' बदै सांदू खग वाहण। 'वखतौ' लिड़ियौ वदै, रखूं 'अमरा' जेही रण। —सू. प्र.

२ उच्चारण करना, बोलना।

३ वर्णन करना, उल्लेख करना, निरूपण करना।

उ०—सात सहस नव सौ सकळ, ऊपरि रूप अढार। जजसन लघु गुर जांणिजै, बदि गुण रतन विचार। —ल. पिं.

४ बात करना।

५ सूचना देना, बताना।

६ पुकारना, चिल्लाना।

७ महत्व देना, बड़ा मानना, मान देना, इज्जत करना।

उ०—१ सु रावळ घड़सी जगमालनूं कहै छै-ऐ हईया पोहड़ द्रंग बसै छै, तिकै ऐ म्हांनूं लिगार मात्र बदै न छै। ए अठा ताई जैसल-री धरती में छै तितरै म्हानूं धरती री आस कांई नहीं।
—नैणसी

८ किसी प्रकार की मान्यता देना, मानना, किसी श्रेणी में गणना करना।

उ०—१ सो ए पांच दड हुवै तिण नै राजा बदै।
—पंच दंडी री वारता

उ०—२ बदियौ स्वांन बनचरां, नहिं लाज निहारै। मुख भख ग्रासज मेल्हिजै, मस्तक पर मारै। —सू. प्र.

९ मानना, स्वीकार करना।

१०—आज्ञा देना, निर्देश देना।

उ०—१ सांपन्ना भूक हुवै सुख सात, बदौ जो हि देव करूं सो ही बात। सांप्रत सांमी मौ मज्झ सरीर, गोविंद गदाधर ग्यांन गहीर।
—ह. र.

उ०—२ पांवा रहण बदी पतसाहां सिर दावां धावां सहण। दारण रूप बाजिया दारण, बारण नै बारण बहण।
—लिखमीदास गाडण

११ बाजी लगाना, शर्त बदना, होड़ लगाना।

उ०—समंद फाळ कूदै हणू, जहर जारै संकर, सेस ही भुजां धर भार साहै। 'करण' रै 'पदम' जिम साह रै कटंडै, बदू जो कोई तरवार बाहै। —द. दा.

१२ प्रतिस्पर्धा करना।

उ०—बदि रुद्र ग्याग स्रोहयां बाहै। सूर थंभि रथ हाथि सराहै।
—सू. प्र.

१३ बढ़ बढ कर बातें करना, डींग हांकना।

१४ बहस करना, जिद्द करना।

१५ परस्पर निश्चय करना, नियत, मुकर्रर या तय करना।

१६ परिश्रम करना, उद्योग करना।

१७ देखो 'बधणौ, बधबौ' (रू. भे.)

बदणहार, हारौ (हारी), बदणियौ—वि०।

बदिओड़ौ, बदियोड़ौ, बदयोड़ौ—भू० का० कृ०।

बदीजणौ, बदीजबौ—कर्म वा०।

वदणौ, बदबौ, बधणौ, बधबौ—रू० भे०।

बदन–सं. पु. [स.] १ मुख, मुंह। (अ. मा.)

२ चेहरा, शक्ल, सूरत।

उ०—१ अति रूप क्रांति उजास, प्रफुल्ल बदन प्रकास। आवियौ पह उण वार, मिंदरां राज मझार। —सू. प्र.

उ०—२ पूछ्यां विना पयंपै पापी, घट विच कहै लात सिर थापी। बदन मत दिखाळै बंस द्रोही बळै। —र. रू.

उ०—३ विळखीजै तरुणी बदन, कंथ न आयौ तीज। मावड़ियां आयां मुहम, बदन जाय विळखीज। —बां. दा.

३ रूप, आभा।

४ अग्र भाग, अगला हिस्सा।

५ प्रथम संख्या।

६ कहने या बोलने की क्रिया या भाव ।

७ देखो 'वदन' (रू. भे.)

रू. भे.—वदन, वदन्न, वदनि, वदन्न, वदीन ।

वदनारविंद-सं पु. [सं. वदन+अरविंद] कमल के समान मुख, मुखारविंद ।

वि.—उक्त प्रकार के मुख वाला ।

वदनि—देखो 'वदन' (रू. भे.)

उ०—वदन चंद महाग्म लेड घडिउं, अमीय गह तणी रसना जडिउं । पवन चंदनगंध हरावतउ, वदनि वासि वसइ दिसि वासतु ।
—सालिसूरि

वदनीत—देखो 'वदनीयत' (रू. भे.)

उ०—वदनीत पाप चल धरम बाध, सब तजे धरम कत दुस्ट साध । मिट पूज देव मरजाद मूक, चळ विचळ अमर सब थान चूक ।
—शि. रू.

वदन्न—देखो 'वदन' (रू. भे.)

उ०—सुणि निबाव समरत्त, जाव छत्रपत्ति जवन्नां । सूर मीर सोचिया, नूर खंचिया वदन्ना । —रा. रू.

वदपख-सं. पु. [सं. वदि-पक्ष] किसी मास का कृष्ण पक्ष ।

उ०—मधि हिमरित वर अघण मास । सनि चतुरदस वदपख सकाज । —सू. प्र.

वदरंग—देखो 'बदरंग' (रू. भे.)

वदरंगी—देखो 'बदरंगी' (रू. भे.)

वदरा-सं. स्त्री.—धन, दौलत, वित्त ।

रू. भे.—बदरा ।

वदरीनाथ—देखो 'बदरीनाथ' (रू. भे.)

वदळ—देखो 'बादळ' (रू. भे.)

उ०—भिदि वज्र सिखर चकर इम भळकै । झीण वदळ मांझळ रवि भळकै । —सू. प्र.

वदळणौ, वदळबौ—देखो 'बदळणौ, बदळबौ' (रू. भे.)

वदलाड़णौ, वदलाड़बौ—देखो 'बदळाणौ, बदळाबौ' (रू. भे.)

वदळाणौ, वदळाबौ—देखो 'बदळाणौ, बदळाबौ' (रू. भे.)

वदळावणौ, वदळावबौ—देखो 'बदळाणौ, बदळाबौ' (रू. भे.)

वदळायत—देखो' बदळायत' (रू. भे.)

उ०—वदळायत नायक अग वजै, भय आंगण नायक नोज भजै । चोह चाल भालाळ विचाळ लियौ, किरणाळर झाळ कुंडाळ कियौ ।
—पा. प्र.

वदळी—१ देखो 'बादळ' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—मेरे पिया के देस बरस वदळी, मेरे पिया के । —लो. गी.

२ देखो 'बदळी' (रू. भे.)

वदळे, वदळै—देखो 'बदळै' (रू. भे.)

उ०—रात गमाई सोयकर, दिवस गमायो खाय । हीरा जलम अमोल था, कोडी वदळै जाय । —अज्ञात

वदळौ—देखो 'बदळौ' (रू. भे.)

वदांन्य-वि. [सं. वदान्य] १ जो मृदु भाषी हो, जिसकी बोली मधुर हो ।

२ जो बहुत उदार चित्त हो, दयालु ।

३ बात चीत करने पर संतुष्टि देने वाला ।

रू. भे.—वदांन्य ।

वदांन्यता-सं. स्त्री. [सं. वदान्यता] १ वदान्य होने की अवस्था या भाव ।

२ उदारता, कृपा ।

वदांम—देखो 'बादांम' (रू. भे.)

वदांमण—१ देखो 'बदावण' (रू. भे.)

२ देखो 'वदावन' (रू. भे.)

वदांमी—देखो 'बादांमी' (रू. भे.)

वदांवण—१ देखो 'बदावण' (रू. भे.)

२ देखो 'वदावन' (रू. भे.)

वदाईदार—देखो 'बधाईदार' (रू. भे.)

वदाई—देखो 'बधाई' (रू. भे.)

वदाउ, वदाऊ—देखो 'बधाऊ (रू. भे.)

वदाउड़ौ—देखो 'बधाऊ' (अल्पा., रू. भे.)

वदाड़णौ, वदाड़बौ—देखो 'वदाणौ, वदाबौ' (रू. भे.)

वदाड़णहार, हारौ (हारी), वदाड़णियौ—वि० ।

वदाड़िओड़ौ, वदाड़ियोड़ौ, वदाड़्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

वदाड़ीजणौ, वदाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

वदाड़ियोड़ौ—देखो 'वदायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. वदाड़ियोड़ी)

वदाणौ, वदाबौ-क्रि. स. ['वदणौ' क्रिया का प्रे. रू.] १ कहलाना ।

२ उच्चारण कराना, बोलाना ।

३ वर्णन कराना, उल्लेख कराना, निरूपण कराना ।

४ बात कराना ।

५ सूचना दिराना, बतलाना ।

६ अवाज दिराना, चिल्लाहट कराना ।

७ महत्व, मान व इज्जत दिराना, बडा मनवाना ।

८ किसी को किसी प्रकार की मान्यत दिराना, मनवाना, किसी श्रेणी में गणना करवाना
९ स्वीकार कराना ।
१० आज्ञा या निर्देश दिलवाना ।
११ बाजी लगवाना, शर्त लगवाना, होड़ लगवाना ।
१२ प्रतिस्पर्धा कराना ।
१३ बढ़-बढ़ कर बातें करवाना
१४ निश्चय, नियत या तय कराना ।
१५ बहस या जिद् कराना ।
१६ परिश्रम कराना, उद्योग कराना ।
१७ देखो 'बधाणौ, बधाबौ' (रू. भे.)

वदाणहार, हारौ (हारी), वदाणियौ—वि० ।

वदायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

वदाईजणौ, वदाईजबौ—कर्म वा० ।

वदाणौ, वदाबौ, वदावणौ, वदावबौ, **बिधाणौ, बिधाबौ, वदाड़णौ, वदाड़बौ, वदावणौ**, वदावबौ—रू. भे. ।

वदायोड़ौ—भू. का. कृ.—१ कहलाया हुआ. २ उच्चारण कराया हुआ, बोलाया हुआ. ३ वर्णन कराया हुआ, उल्लेख कराया हुआ, निरूपण कराया हुआ. ४ बात कराया हुआ. ५ सूचना दिराया हुआ, बतलाया हुआ. ६ आवाज दिराया हुआ, चिल्लाहट कराया हुआ. ७ महत्व, मान व इज्जत दिराया हुआ, बड़ा मनवाया हुआ. ८ किसी को किसी प्रकार की मान्यता दिराया हुआ, गणना कराया हुआ. ९ स्वीकार कराया हुआ. १० आज्ञा या निर्देश दिलवाया हुआ. ११ प्रतिस्पर्धा कराया हुआ. १२ बढ़-बढ़ कर बातें करवाया हुवा. १३ बाजी, शर्त या होड़ लगवाया हुवा. १४ निश्चय, नियत या तय कराया हुवा. १५ बहस या जिद् कराया हुआ. १६ परिश्रम कराया हुआ, उद्योग कराया हुआ ।

१७ देखो 'बधायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. वदायोड़ी)

रू. भे.—'बिधायोड़ौ' ।

वदारौ—देखो 'वधारौ' (रू. भे.)

वदावणौ, वदावबौ—१ देखो 'वदाणौ, वदाबौ' (रू. भे.)

२ देखो 'बधाणौ, बधाबौ' (रू. भे.)

उ०—ल्याई मालण सेहरौ हे सहेली, पनाजी रै सीस गुलाब रौ । रसीलाराज उण राजकंवर नै प्रौर वदावण वेहगौ ।

—रसीलै राज रा गीत

वदावणहार, हारौ (हारी), वदावणियौ—वि० ।

वदाविप्रोड़ौ, वदावियोड़ौ, वदाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

वदावीजणौ, वदावीजबौ—कर्म वा० ।

वदावन—सं. स्त्री.—१ स्वागत, सत्कार ।

२ अगवाणी ।

रू. भे.—वदांमण, वदावण, बदावन, वदांमण, वदांवन, वद्धांमणी ।

वदावियोड़ौ—१ देखो 'वदायोड़ौ' (रू. भे.)

२ देखो 'बधायोड़ौ (रू. भे.)

(स्त्री वदावियोड़ी)

वदि—अव्य. [सं. वदि] किसी मास के कृष्ण पक्ष की ।

उ०—१ दीमे न न्याय भोगवि दसा, पडछौ सुदि वदि पख री देखें नें साच दाखे दुनी, खांडौ चांदौ ए-खरौ । —ध. व. ग्रं.

उ०—२ सतरह, मतसठ्ठ, वरीसइ, मिगसर वदि दुतिया दीसइ हो ।

—ध. व. ग्रं.

रू. भे.—बदि, बदी, वदी ।

वदियोड़ौ—भू. का. कृ.—१ कहा हुआ । २ बोला हुआ, उच्चारण किया हुआ । ३ वर्णन किया हुआ, उल्लेख किया हुआ, निरूपण किया हुआ. ४ बात किया हुआ. ५ सूचना दिया हुआ, बताया हुआ. ६ पुकारा हुआ, चिल्लाया हुआ. ७ महत्व, मान व इज्जत दिया हुआ, बड़ा माना हुआ । ८ किसी प्रकार की मान्यता दिया दिया हुआ, किसी श्रेणी में गणना किया हुआ. ९ स्वीकार किया हुआ, माना हुआ. १० आज्ञा या निर्देश दिया हुआ. ११ बाजी, शर्त या होड़ लगाया हुआ. १२ प्रतिस्पर्धा किया हुआ. १३ बढ बढ़ कर बातें किया हुआ, डींग हांका हुआ. १४ बहस या जिद् किया हुआ. १५ निश्चय, नियत या तय किया हुआ. १६ परिश्रम किया हुआ, उपयोग किया हुआ. १७ देखो 'बधियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. वदियोड़ी)

वदी—१ देखो 'वदि' (रू. भे.)

२ देखो 'बदी' (रू. भे.)

उ०—सांसण श्री उथपिया सांभळ, विरड़ कुमंत्री करै वदी । जादव कांनौ दियै नह जग, जादव थाभौ दियै जदी —कविराजा बांकीदास

वदीत, वदीतउ—१ देखो 'व्यतीत' (रू. भे.)

उ०—येहड़ौ लाग आहाड़ा हुऐ, तुऊ घर बीयां न होय । दत देतां ग्रीखम दरसाणौ, सीत वदीत हुई सगळोय ।

—जोगिदास कवारीयौ

२ देखो 'विदित' (रू. भे.)

उ०—१ राउन श्री भीम कहइ जी, जादव वंसि वदीत रे । पधारौ जेसलमेरु नइजी, प्रीति घरी निज चित्त रे । —ऐ. जै. का. सं.

उ०—२ वसुधा वीर वदीतउ जीतउ जिणि जरासंघु । तहि हरि अखिल टालए पालए राज सुबंधु । —जयसेखर सूरि

बदीतं—१ देखो 'व्यतीत' (रू. भे.)

२ देखो 'विदित' (रू. भे.)

बदीतो—वि. [सं. विदित] (स्त्री. वदीती) १ प्रसिद्ध, विख्यात ।

उ०—१ जपियो मिघ्र जिण विध जुध जीता, वधं वंस खैरोंद बदीता । असुर हरण अद वाण अथागा, वर सिधकरि खैरोदा वागा ।
—सू. प्र.

उ०—२ बीजा पूरो मंन बीनो, वजाए जत्राई वाजा । जीती जीती महाराजा बदीतौ जगति । —दूदौ सुरताणोत बीठू

उ०—३ पूज्या मनूं इच्छा पूरइ, दुख दालिद नासैं दूरैं हो । जिण चौसट योगिनी जीती, वरतइ ए बार बदीती हों । —ध. व. ग्र.

२ देखो 'व्यतीत' (रू. भे.)

बदूळ—देखो 'बादळ' (रू. भे.)

उ०—सो कंग सांमळं बदूळ पर बीजूजळा का मिळाव । ऐसे भयानक एकलगिड़ बराह ढाए । —सू. प्र.

बदूसणौ, बदूसबौ—देखो 'विदूसणौ, विदूसबौ' (रू. भे.)

बदूसियोड़ौ—देखो 'विदूसियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बदूसियोड़ी)

बदेस—देखो 'विदेस' (रू. भे.)

उ०—बहु घंघाळ आव घरि, फासू करइ बदेस । संपत सघळी सपजं, सं दिन कदी लहेस । —ढो. मा.

बदोतर—वि. [सं. वृद्धोत्तर] १ बढ़ा हुआ, अधिक ।

२ बढ़ने योग्य ।

३ समाप्त प्राय ।

बदोवद, बदोवदि—स. पु. होड़, प्रतिस्पर्धा ।

रू. भे.—वादोवदी ।

बद्दळ—देखो 'बादळ' (रू. भे.)

उ०—गिरि जागि चरण लहि लखत गोम, बद्दळ इळ दरसं छांडि व्योम । जघाळस वदण चित्र जास, किरि जळद इद्र धांनुख प्रकास ।
—रा. रू.

बद्दळी, बद्दल्ली—देखो 'बादळ' (अल्पा., रू. भे.)

बद्धणौ, बद्धबौ—देखो 'बधणौ, बधबौ' (रू. भे.)

उ०—लोय लोयण दळं अमिउ वरसंतउ वद्धए सुद्ध जिम बीय चदो । —ऐ. जै. का. सं.

बद्धमांन—देखो 'वरद्धमांन' (रू. भे.)

बद्धांमणी—सं. स्त्री.—१ देखो 'बधांमणी' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—बीतउ कान्ह वात इम सुणी, नगर लोक द्यइ बद्धांमणी ।

मदनभेरि भूंगळ भरहरइ, वरण अढ़ारइ जय-जय करइ ।
—कां. दे. प्र.

२ देखो 'बदांवण' (रू. भे.)

बद्धांमणौ—देखो 'बधांमणौ' (रू. भे.)

बद्धाणौ, बद्धाबौ—देखो 'बधाणौ, बधाबौ' (रू. भे.)

बद्धापन—देखो 'बूढ़ापण' (रू. भे.)

बद्धायोड़ौ—देखो 'बधायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बद्धायोड़ी)

बद्धावणौ, बद्धावबौ—देखो 'बधाणौ, बधाबौ' (रू. भे.)

उ०—वगु विणासी वगु विणासी मीमु आवेइ, बद्धावइ जणु मयलु जीव दांनु तइ देव दिद्धऊ केवलिवयणु जु सच्चु किउ त्रिहुं भुयणि जसवाउ लिद्धउ । —पं. पं. च.

बद्धावियोड़ौ—देखो 'बधायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बद्धावियोड़ी)

बद्धियोड़ौ—देखो 'बधियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बद्धियोड़ी)

बध—सं. पु. [सं.] १ जान-बूझ कर किसी को मारने की क्रिया या भाव, हत्या ।

२ विनाश, विध्वंस ।

३ विरोध, वैर, वैमनस्य ।

उ०—रांणौ कुंभौ पाट छै । मांहोमांहि भाइयां आसि बध लागौ ।
—नैणसी

४ आघात, प्रहार ।

५ युद्ध ।

रू. भे.—वध, व्रध ।

बधक—सं. पु.—१ मछली पकड़ने का कांटा । (अ. मा.)

२ देखो 'वधिक' (रू. भे.)

उ०—हांणि कहयां कोई न पतीजै, निहचै अग बधक कूं दीजै । जमनिति सदा बधक न हिरणां, चौरासी में दौड्याई फिरणां ।
—ह. पु. वा.

रू. भे.—बधक ।

बधण—सं. स्त्री. [सं. वृद्धि] बढ़ने की क्रिया या भाव, वृद्धि, बढ़ोतरी ।

उ०—बधण सरस वरस वरस, दरस कमंध कुळदाप । अरस लगो छक ऊफणै, पौरस तूझ 'प्रताप' । —जैतदांन बारहठ

बधणौ, बधबौ—देखो 'वधणौ, बधवौ' (रू. भे.)

उ०—१ आभा रूप जोम ऊफांणिक, वणियौ अनग दूसरै वांणिक ।

वीर तदिन कीरति वाधारी, भरथ साख **वधियौ** कुळ भारी ।
—सू. प्र.

उ०—२ पांण जोड़ रिणछोड़ पूजजे, प्रथी चौगणीं वधं प्रमांण ।
—ह. नां. मा.

वधणहार, हारौ (हारी), वधणियौ—वि० ।

वधिग्रोड़ौ, वधियोड़ौ, वध्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

वधीजणौ, वधीजबौ—कर्म वा० ।

वधतीवेस—देखो 'वधतीवेस' (रू. भे.)

वधतेरौ - देखो 'वधतौ'

वधतौ—देखो 'वधतौ' (रू. भे.)

उ०—१ तद पूलै नूं कयौ 'चौधरी इसी दातारगी कर सू पांडू गोदारै सूं नांम वधतौ हुवै । —द. दा.

उ०—२ 'पातळ' दत वीरत पणौं, समंदर तणौं सभाव । **वधती सूं** वधती वणौं, चढ़ती लहर चढ़ाव । —जैतदांन बारहठ

(स्त्री. वधती)

वधरणौ, वधरबौ–क्रि. अ. [सं. वर्धनम्] १ आगे बढ़ना, अग्रसर होना ।

उ०— जेसळ आप वडइ असवार, कोस **वधरइ** वारा वार । जोयण एक घड़ी मइ जाइ, हारइ नहीं न थाका थाइ । —ढो. मा.

२ वृद्धि को प्राप्त होना, वृद्धि होना ।

३ चूड़ी आदि शुभ मानी जाने वाली वस्तु का त्रुटित होना, टूटना ।

४ काटा जाना ।

५ किसी देवता को चढ़ाने के लिये नारियल आदि को फोड़ा जाना, तोड़ा जाना।

६ विस्तार होना, विस्तृत होना, लम्बा होना ।

७ बोला जाना ।

वधरणहार, हारौ (हारी), वधरणियौ—वि० ।

वधरिग्रोड़ौ, वधरियोड़ौ, वधरघोड़ौ—भू० का० कृ०

वधरीणौ, वधरीजबौ—भाव वा० ।

वधरणौ, बधरबौ—रू० भे०

वधराणौ, वधराबौ–क्रि. स. [वधरणौ क्रि. का प्रे. रू.] १ आगे बढ़ाना, अग्रसर कराना

२ वृद्धि कराना/करना।

३ चूड़ी आदि शुभ मानी जाने वाली वस्तु को तोड़ाना ।

४ कटवाना ।

५ देवताओं को नारियल आदि फोड़कर चढवाना।

६ विस्तार कराना, लंबा कराना ।

७ बोलाना, बुलवाना ।

वधराणहार, हारौ (हारी), वधराणियौ—वि० ।

वधरायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

वधराईजणौ, वधराईजबौ—कर्म वा० ।

वधराणौ, बधराबौ, बधरावणौ, बधरावबौ, वधरावणौ, वधरावबौ—रू. भे.

वधरायोड़ौ–भू. का. कृ. [स्त्री. वधरायोड़ी] १ आगे बढ़ाया हुआ, अग्रसर किया हुआ. २ वृद्धि कराया हुआ/किया हुआ. ३ चूड़ी आदि शुभ मानी जाने वाली वस्तु को तोड़ाया हुआ. ४ कटवाया हुआ. ५ देवताओं को नारियल आदि फोड़ कर चढ़वाया हुआ. ६ विस्तार कराया हुआ, लंबा कराया हुआ. ७ बोलाया हुआ, बुलवाया हुआ ।

वधरावणौ, वधरावबौ—देखो 'वधराणौ, वधराबौ' (रू. भे.)

वधरावणहार, हारौ (हारी), वधरावणियौ—वि० ।

वधराविग्रोड़ौ, वधरावियोड़ौ, वधराव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

वधरावीजणौ, वधरावीजबौ—कर्म वा० ।

वधरावियोड़ौ—देखो 'वधरायोडौ' (रू. भे.)

(स्त्री. वधरावियोड़ी)

वधरियोड़ौ–भू. का कृ.—१ आगे बढ़ा हुआ, अग्रसर हुवा हुआ. २ वृद्धि को प्राप्त हुवा हुआ. ३ त्रुटित हुवा हुआ, टूटा हुआ. (चूड़ी आदि) ४ कटा हुआ. ५ फोड़ा हुआ, फूटा हुआ, तोड़ा हुआ. (नारियल आदि) ६ विस्तारित, विस्तृत ।

(स्त्री. वधरियोड़ी)

वधरोम, वधरोमौ–सं. पु.—सुग्रर, वराह । (ग्र. मा , ह. नां. मा.)

रू. भे.—वधरोम ।

वधांमण, वधांमणउ—देखो 'वधांमणौ' (रू. भे.)

उ०—जाय हुइ बेटउ, तउ आवइ लोक भेटउ, कीजइ **वधांमणउ**, सकल लोक आंणंदणउं । —व. स.

वधांमणी–सं. स्त्री.—देखो 'वधांमणौ' (अल्पा., रू. भे)

उ०—मागइ मात **वधांमणी**, धव धव धाया लोक । ताहरु माधव आवीउ, आज समाविन सोक । —मा. कां. प्र.

उ०—२ आवी नें वन पालक दीध **वधांमणी** रें, गुरु आगमन प्रघोस । वादिवा चाल्यौ निज परवार सुं रें, हो नृप तेहनें संतोस ।
—वि. कु.

उ०–३ राजडीउ भायाइत जेउ, नइ केल्हण रइबारी वेउ । राउल भणी गया परि सुणी, वेगइ मांगइ **वधांमणी** । —कां. दे. प्र.

वधांमणौ–स पु. [सं. वर्द्धमानकम्] १ स्वागत, अगवानी ।

उ०— तठा उपरांति करि नें राजांन सिलांमति राजांन राजावत ग्रंराव रै रिणखेत हाथी आयौ छै। रिण जीत नगारा घुबै छै ।

फतै रा मैदाना वागा छै। जस जैत रा डंका वाजिया छै। कुसळखेम आगद रा वधाइदार दौड़िया छै। घगा साम्हा फौजा रा मडूम वालीया छै। प्रावै छै सु किरा भात बखाणीजै छै। पातसाह रा डेरा हुसम रतन नवलूआ हुता सु आंगि थागां दाखलि कीआ छै। अजमेर रा थाणा री जमीत कीजै छै। घरि घरि मगळाचार आगद वधांमणां कीजै छै। घणा माल निजराति उवारीजै छै।

—रा. सा. स.

२ आदर, सत्कार, मान सम्मान।

३ आनन्द, उत्साह, खुशी। (उ. र.)

उ०—१ अस्हारा है, आज वधांमणा, सहेली है गावउ मगलच्यार। पहिरउ है मगल माहरउ, सहेली है गावउ अरिहंत देव। तित्थंकर त्रिभुवन तिलो, कर जोड़ी है। नरि सुरनर सेव।

—स. कु.

उ०—२ निबोजी फतै करै नै गाव भिगाले पधारिया, वधांमणा हुवा।

—वीरमदे सोनगरा री वात

४ किसी के स्वागत में या आनन्द या खुशी में गाया जाने वाला गीत।

उ०—नरनाथ कोडि मथुरा नगर, वाजै सुमर वधांमणा। वाजत्र सुताम छत्रीस वगि, सोभै ग्यान सुहांमगा। —रा. रू.

५ शुभ समाचार या शुभ सन्देश सुनाने की क्रिया या भाव।

६ उक्त समाचार सुनाने वाले को दिया जाने वाला पुरस्कार।

रू. भे.—वदावणो, वधांमणो, वधावणो, वद्धामणो, वधामण, वधामणउ, वगावणो।

अल्पा.,—वधामणी।

वधांमणो, वधांमबो— देखो 'वधाणो, वधाबो' (रू. भे.)

वधामणो, वधामबो—देखो 'वधाणो, वधावो' (रू. भे.) (उ. र.)

वधाइ—देखो 'वधाई'।

उ०—वधाइ वधाई जसोदा वधाई। —नागदमण

वधाइदार—देखो 'वधाईदार' (रू. भे.)

उ०—फतैरा मैदाना वागा छै। जस जैत रा डंका वाजिया छै। कुसळखेम आगद रा वधाइदार दौडिया छै। —रा. सा. सं.

वधाई—देखो 'वधाई' (रू. भे.)

उ०—सिवी नदी तिरनै साहजादी नूं ले नीसरियो। सारै वधाई वाली। साहजादी सिवं सू बहोत राजी हुई। बहोत वधाई दीवी। घोड़ो सिरोपाव दियो। —नैणसी

वधाईवार—देखो 'वधाईदार' (रू भे.)

उ० - विलकुलै वधाईवार वधि, आगद उछब अथाह म। आगम्म लवर 'अभगाह' री, जाय कहै 'जैसाह' सू। —सू प्र

वधाउ—देखो 'वधाऊ' (रू. भे.)

उ०—महि बीता दस मास, आम नृप कुंवर जनम्मै। वधाउवां जिणवांर 'अजं' बहु दरब उघमै। —सू. प्र.

वधाउड़ो, वधाऊड़ो—देखो 'वधाऊ' (अल्पा, रू. भे.)

वधाऊ—देखो 'वधाऊ' (रू. भे.)

उ०—ए उछाह करंता आया, आगै जनक वधाऊ आया।

—रांमरासो

वधाऊहार—देखो 'वधाईदार' (रू. भे.)

उ०—इसो आणंद देखि के कटक मांहे थैं वधाऊहार आगै वदोवदि दोड्या। —वेलि टी

वधाणो, वधाबो—देखो 'वधाणो, वधाबो' (रू. भे.)

उ०—१ इसा रंग उच्छाह सू, रांम आया। वधै मात कौसल्या आए वधाया। —सू. प्र.

उ०—२ साथ मारो अमनां सूं लाल्हरतो थको वहै छै। वधाईदार आगै वधाइया छै। सू वधाई प्रांण दीवी छै। —रा. सा. सं

वधाणहार, हारो (हारी), वधाणियो—वि०।

वधायोड़ो—भू० का० कृ०।

वधाईजणो, वधाईजबो—कर्म वा०।

वधापण—देखो 'बूढ़ापण' (रू. भे.)

वधापो—देखो 'वधापो' (रू. भे.)

वधायक—वि. [सं. बृध्-वर्धयते] १ बढ़ाने वाला, वृद्धि करने वाला।

उ०—वधै राज सुख विरुद, वधै हित संपत वधायक। अवर वधै दिन इनो, वधै पल पल वरदायक। —सू प्र.

२ देखो 'विधायक' (रू. भे.)

३ देखो 'विधेयक' (रू. भे.)

वधायोड़ो—देखो 'वधायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री. वधायोडी)

वधारण—वि [सं. वृद्धि-कारः] १ बढ़ाने वाला, वृद्धि करने वाला।

२ खींचने वाला, लम्बा करने वाला।

३ त्रुटित करने वाला, तोड़ने वाला।

वधारणो, वधारबो—क्रि. स. ["वधरणो" क्रिया का प्रे. रू.] १ आगे बढ़ाना, अग्रसर करना, आगे जाने के लिये प्रेरित करना।

उ०—'रूपा' 'पातां' 'जाधळां' छळ जोधांण नरिंद। वस छत्रीमां झल्लिया, घस वधारण दुंद। —रा. रू.

२ वृद्धि करना, बढ़ाना। (उ. र.)

उ०—१ वनि वनि विकसइं वेउल खेउ लगाडइं चींति । दीठा द्राखह मंडव मंड **वधारइं** प्रीति । —जयसेखरसूरि

उ०—२ देवर माहरि वरि नहीं, ऊठी गिउ म्राखेटि । प्रीऊडा-पंजरि पापीह, जलण **वधारिउ** जेठि । —मा. कां. प्र.

३ विस्तार करना, फैलाना, लम्बा करना ।

उ०—१ वधि रां' ण सुवप **वधारियौ**, असमांण छिबतौ म्रावियौ । —सू. प्र.

उ०—२ सिखा फरहरती, उत्तरासंगी घोती, हाथि प्रवीत्रीसऊ, तूरीउ जनोइ सिर भद्रिउं तिलक **वधारिउं**, गायत्री साधनुं । —व. स.

उ०—३ ऊणी राजा जोवा गयु, दीठूं खडग रलिया प्रति थयु । वेगि लेई **वधारू** चीर, पिहिरी खंड नीसरयु वीर । —नळाख्यान

उ०—४ राज गरीब निवाज, जेण प्रहळाद उबारै । राज गरीब निवाज, द्रोपदा चीर **वधारै** । —गजउद्धार

४ मान देना, इज्जत देना, सम्मान ।

उ०—१ सु पछै रावळ घड़सी धरती वाळी, तरै सारां विखायतां नूं **वधारिया** तरै महियां नूं कह्यौ—'थे माहरी वडी चाकरी पोहता छौ, सु थे मांगो जितरी धरती म्हे थांनूं दां । —नैणसी

उ०—२ पाछै जिण दिन तख्त बैठियौ छत्र धारियौ ता'हरां बहरांम कवी से ने तेड़ पूरौ **वधारियौ** । —नी. प्र.

५ काटना, कतरना, टुकड़े करना ।

६ किसी देवता को चढ़ाने के लिये नारियल म्रादि को फोड़ना, तोड़ना ।

७ चूड़ी म्रादि शुभ मानी जाने वाली वस्तु को तोड़ना, समाप्त करना ।

वधारणहार, हारौ (हारी), वधारणियौ—वि० ।

वधारियोड़ो, वधारियोड़ौ, वधारयोड़ौ—भू० का० कृ० ।

वधारीजणौ, वधारीजबौ—कर्म वा०

बंदारणौ, बंदारबौ, बंधारणौ, बंधारबौ, बदारणौ, बदारबौ, बधारणौ, बधारबौ, बनारणौ, बनारबौ, बाधारणौ, बाधारबौ, वाधारणौ, वाधारबौ । —रू. भे. ।

वधारियोड़ो-भू. का. कृ.—१ म्रागे बढ़ाया हुम्रा, म्रग्रसर किया हुम्रा, बढ़ने के लिए प्रेरित किया हुम्रा. २ वृद्धि किया हुम्रा, बढ़ाया हुम्रा. ३ विस्तार किया हुम्रा, फैलाया हुम्रा, लम्बा किया हुम्रा. ४ मान, सम्मान व इज्जत दिया हुम्रा. ५ काटा हुम्रा, कतरा हुम्रा, टुकड़े किया हुम्रा. ६ फोड़ा हुम्रा, तोड़ा हुम्रा. (नारियल) ७ तोड़ा हुम्रा, समाप्त किया हुम्रा. (मांगलिक पदार्थ)
(स्त्री. वधारियोड़ी)

वधारौ—देखो 'बधारौ' (रू. भे)

उ०—१ दिम्रा **वधारा** देस दे, हैंवर द्रव्य हसत्ति । पतिसाही । ऊपरां, यू कहिम्रौ म्रसपत्ति । —वचनि

उ०—२ यया हरख सौ गुणा, भड़ां चौगुणा **वधारा** । साज हूं गजराज, किताइ घजराज सिरा रा । —रा. व

उ०—३ म्रावियां सेव पावौ उतन्न । घर सहत **वधारा** विगु धन्न । —सू. प्र

वधाव—देखो 'बधाव' (रू. भे.)

उ०—नितु नितु जोसी पूछोइ, नितु नितु सुकन मुभाव । नित नि निरति विहूणडां, म्राविइ वली **वधाव** । —मा. कां.

वधावणौ—देखो 'वधांमणौ' (रू. भे.)

उ०—महाराय श्री कल्यांणमलजी जन्म महोच्छव मांगळिक **वधाव** कराया । —द. वि

वधावणौ, वधावबौ—देखो 'बधाणौ, बधाबौ' (रू. भे.) (उ. र.)

उ०—१ भलौ भलौ सारो जग भाखै, कही न लाई वात कई मागज धरां **वधावण** मोटां, मोटी पाघ संसार मई । —द. द

उ०—२ सहू महाजन हरखीया, कोण देस कहो कुणि ठांमि रावळी पोळै म्रावीया, पोळघा वेगी **वधावउं** जाह । —बी.

उ०—३ इणि परि राउ **वधावीइ**, मनि म्राण्यां हे परमांणंद नयर लोक म्रासांचरीजि' जउ इम बोलइ ए 'हीराणंद' —हीराणंद सू

वधावणहार, हारौ (हारी), वधावणियौ—वि० ।

वधाविम्रोड़ो, वधावियोड़ौ, वधाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

वधावीजणौ, वधावीजबौ—कर्म वा० ।

वधावधि, वधावधी—देखो 'बढावढी' (रू. भे.)

उ०—**वधावधि** राड़ि करै खगवाह । सत्रां 'परसावत' 'माहवसाह' —सू.

वधावियोड़ो—देखो 'वधायोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री. वधावियोड़ी)

वधावौ—देखो 'बधावो' (रू. भे.)

उ०—१ तद वीर पुरस री स्त्री नै म्रा वात रुची नहीं, तिण कहै है कि हे सखियां फगत ऊजळा कपड़ा राखण वाळां रा **वधावा** गाम्रो पण वीर पुरस नै पिछांणौ नहीं । —वी. स.

उ०—२ घणौ रस रहियौ बडा **वधावा** हुम्रा ।
—गौड़ गोपाळदास री वार

वधिक-सं. पु. [सं. वधकः] १ हत्या करने वाला, हत्यारा, वध क वाला ।

२ प्रहार, घात व चोट करने वाला, घातक ।

३ जल्लाद ।
४ शिकारी, व्याध ।
५ मृत्यु ।
रू. भे.—बधक, बधिक, वधक ।

बधियोड़ौ—देखो 'बधियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. बधियोड़ी)

बधिर—देखो 'बधिर' (रू. भे.)

बधिरपणौ—देखो 'बधिरपणौ' (रू. भे.)

बधु, बधू—सं. स्त्री. [सं. वधुः, वधूः] १ ऐसी युवती जिसका विवाह तुरन्त ही हुआ हो, दुलहिन, नव विवाहिता ।
२ पुत्र-वधू ।
३ सम्बन्ध की दृष्टि से छोटे की स्त्री ।
४ पत्नी ।
५ स्त्री, औरत ।
रू. भे.—बधु, बधू ।

बधूवर—सं. पु. [सं. वधू-वर] १ दूल्हा । (उ. र.)
२ पति ।

बधेतौ—देखो 'बधतौ' (रू. भे.)

बधेपौ—देखो 'बधापौ' (रू. भे.)

बधेबधि—देखो 'बढाबढी (रू. भे.)
उ०—समोभ्रम 'दीप' हिंदाळ' सधीर । बधेबधि लोह करै नर वीर ।
—सू प्र.

बधोतरी—देखो 'बढोतरी' (रू. भे.)

बधोबधू, बधोबधौ—सं. पु.—मवेशी को चरने के निमित्त हाकते समय किया जाने वाला शब्द ।

बधौ—देखो 'बाधौ' (रू. भे.)
उ०—धम सनेह कुळ मारग धारा । प्राण हूंत बधि आप पियारा ।
—सू प्र.
(स्त्री. बधि, बधी)

बध्धाणौ, बध्धाबौ—देखो 'बधाणौ, बधाबौ' (रू. भे.)

बध्धाई—देखो 'बधाई' (रू. भे.)

बध्धाईदार—देखो 'बधाईदार' (रू. भे.)
उ०—सुणि श्रविया बहु सुधन, दुभ्भळ बध्धाईदारां । सभ्भै प्रवासा डवर, चित्र अवछाडि बजारा ।
—सू. प्र.

बध्धावणौ, बध्धावबौ—देखो 'बधाणौ, बधाबौ' (रू. भे.)
उ०—सुमत्रा भ्रनै केकई मात साई । भली भांत बध्धाविया ग्यार भाई ।
—सू. प्र.

बध्धावियोड़ौ—देखो 'बधायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. बध्धावियोड़ी)

बध्रास—सं. पु.—शाक विशेष
उ०—वालु नइं वेलातरु, वेळ वेतस वांणिए । बध्रास बाहलु लीउ, वाउलीउ वखांणिए ।
—मा. कां. प्र.

बनंचर—देखो 'बनचर' (रू. भे.)
उ०—वदियौ स्वांन बनंचरां, नहिं लाज निहारै । मुख भख ग्रासज मेल्हिजै, मस्तक पर मारै ।
—सू. प्र.

बन—सं. पु. [सं.] १ जंगल, विपिन ।
उ०—कुंजर ज्यूं जो केहरी, तूं लेतौ तालीम । कळ में रखवाळत कवण, संपूरण बन सीम ।
—बां. दा.
पर्या०—अटवी, अरण्य, आरण, ऊंख, कंतारक, कखवा, कछ, कातार, कांनन, खंड, गहन, झंक, रन, रिख, विपन, विलवात ।
मुहा०—वन में जाणौ=दिशा (मैदान) जाना, (साधु के लिये)
२ जल, पानी । (ह. नां. मा.)
३ जल का स्रोत ।
४ वाटिका, बगीचा ।
५ कमल ।
६ कमल के फूलों का दस्ता ।
७ आवास स्थान, घर ।
८ काष्ठ, लकड़ी ।
उ०—आतुर चित्त आगळी, धांम विसरांम सुधारे । बन चंदण बावना, अगर घणसार अपारे । महल-काठ चुणि विमळ, पहल, रूई घ्रत पूरित । श्रोप सदळ श्रोछाड़, अमळ परिमळ आंकूरित । उण भवण बसण राजा 'अजन' आप सुखासण ऊतरी । लखि वरत सुरी अचरज लगी, नार पन्नगी किन्नरी ।
—रा. रू.
९ किरण, रश्मि ।
१० शंकराचार्य के अनुयायी दशनामी संन्यासियों की एक शाखा ।
रू. भे.—वण, बन, बन्न, वण, वनु, वन्न ।
अल्पा.—बनौ, बणौ, वणौ, वन्नि, वन्हि ।
मह.—वनाळ ।

बनअमावस्या—सं. स्त्री.—श्रावण मास की अमावस्या, हरियाली अमावस्या ।

बनउक, बनओक—सं. पु. [सं. वन+ओकस्, वनौक] १ वानर, बंदर । (अ. मा., ह. नां. मा.)
२ वन्य-पशु ।
३ वानप्रस्थाश्रमी, तपस्वी, मुनि ।

वि.—बन में निवास करने वाला, बनवासी।

रू. भे.—बनउक, बनम्रोक।

बनकर–सं. पु. [सं. वन्यकर] सूर्य, भानु।

रू. भे.—बनकर।

बनखंड–सं. पु. [सं. वनखंड] वन, जंगल।

उ०—१ जिण रित नाग न नीसरइ, दाझइ बनखंड दाह। जिण रित मालवणी कहइ, कुंण परदेसां जाह। —ढो. मा.

उ०—२ बनखंड गिर झगर नह वसियौ, हूं भौ देख कतूहळ हसियौ। —सू. प्र.

रू. भे.—बणखंड, बनखंड।

बनखंडी–सं. पु. [सं. वनखंड+रा. प्र. ई.] १ साधु, संन्यासी, तपस्वी।

२ वनवासी।

रू. भे.—बणखंडी, बनखंडी।

बनगव, बनगाय, बनगाव–सं. स्त्री. [सं. वनं+राज. गव] १ नीलापन लिये हुए भूरे रंग का गाय के आकार का एक वन्यपशु, नीलगाय।

२ एक प्रकार का तेंदू वृक्ष।

रू. भे.—बनगव, बनगाय, बनगाव।

बनड़ो—देखो 'बनो' (अल्प., रू. भे.)

बनड़ो—देखो 'बनो' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—होय रंग हबोळोय मांढहडो। वळियो जनवास हमैं बनड़ो। —पा. प्र.

बनचर, बनचरी, बनचरु, बनचारी–वि. [सं. वनचर] (स्त्री. वनचारण, वनचारिण) १ वनमें विचरण करने वाला।

उ०—हाडा, कूरम राठवड़, गोखां जोख करंत। कहज्यो खाना खांननैं, वनचर हुवा फिरंत। —महाराणा अमरसिंह

२ वनवासी, उदासी।

उ०—अरजुन वनचर लागउ वादु, करउं झूझु ऊतारउं नादु। —पं. पं. च.

सं. पु.—१ जंगली प्राणी, जंगली पशु।

उ०—जळचर वनचर आंतरो, जळचर जळ में जोर। बनचर प्रति वेढीमणी, जो कछु लाभै कोर। —गज उद्धार

२ बंदर, वानर। (अ. मा., नां. मा.)

३ हनुमान, बजरंगी।

उ०—हणु मिलत धुर हर दीध सिर हथ, रिधु बजरंग हुवौ समरथ। चवै रघुवर वयण बनचर, सीत सुध साजै। —र. रू.

४ हरिण।

५ शरभ नामक जंगली जंतु।

६ एक प्रकार का जंगली घास।

रू. भे.—बणचर, बनचर, बनचरी, बनचारी, वणचरि, वनंचर, वनेचर।

बनज–वि. [सं. वन+जन्य, वनज: वनजं] वन में उत्पन्न होने वाला।

सं. पु.—१ कमल २ वृक्ष ३ वनस्पति ४ हाथी। ५ सुगन्ध युक्त तृण। ६ नील कमल का पुष्प। ७ जंगली कपास का पौधा।

रू. भे.—बनज।

बनझंगर–सं. पु.—वन की झाडी समूह।

उ०—इण भांत रा बनझगरां मांहै हरिण, सूअर, सांबर, रोज, खरगोस, गेंडा, खग भांति भांति रा जानवर चरै छै। —रा. सा. सं.

बनडंडकारण—देखो 'दंडकारण्य' (रू. भे.)

बनता—देखो 'वनिता' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)

बनतुळसी–सं. स्त्री. [स. वनं+तुलसी] तुलसी के समान मंजरी व पत्तियों वाला बर्बर नाम एक पौधा विशेष, बर्बरी।

वि. वि.—यह चरपरी, रुचिकारक, गरम तथा कफ, वात रोग और नेत्र रोग नाशक है तथा सुख पूर्वक प्रसव कराने वाली है।

रू. भे.—बनतुळसी।

बनद–स. पु. [सं. वनद:] मेघ, बादल।

रू. भे.—बनद।

बनदरसाव–सं. पु.—इन्द्र। (अ. मा.)

बनदेव–सं. पु. [सं. वनदेवता] (स्त्री. वनदेवी) वन का अधिष्ठाता देवता।

बननाथ–सं. पु. [सं.] १ समुद्र।

२ मलय-वन।

बननिधि–सं. पु. [सं.] समुद्र।

रू. भे.—बननिधि।

बनपत, बनपति, बनपती–सं. पु. [सं. वनपति] वन का राजा सिंह,शेर। (अ. मा.)

उ०—१ कोरण सुभट घटा घट कटकां, त्रजड़ां हय दांमणी तप। 'सूर' तणौ घरहरै नरेसुर, वनपत यर खेंगरै वप—देवराज रतनू

उ०—२ लंक वन पति हंसगति को करमण, मनमंत —ढो. मा.

रू. भे.—बनपत, बनपति, बनपती।

बनपाळ, बनपाळक–सं. पु. [सं. वनपालक:] वन या बगीचे का रक्षक, बागवान, माली।

रू. भे.—बनपाळ, बनपाळक।

बनफळ–सं. पु. [स. वनं+फलं] वन के फल-फूल।

रू. भे.—बनफळ ।

बनबिलाव—स. पु [सं. वन+बिडाल:] १ बिल्ली की जाति का परन्तु कुछ बड़े आकार का एक जंगली हिंसक जंतु ।

वि. वि.—इसके शरीर का रंग मटमैला होता है और कानों का बाहरी भाग काला होता है। यह प्रायः झाड़ियों मे रहता है और चिड़ियों को पकड़-पकड़ खाता है ।

२ उक्त प्रकार के जन्तुओं का वर्ग ।

रू. भे.—बनबिलाव ।

बनभ्रंग—स पु. [स. वनभृंग] वन का भ्रमर ।

उ०—जिम केतकी वनभ्रंग, तिम मुगुण सुं मुफ रंग ।

—समय सुंदरगणि

बनमय—वि. [स. वनं+मय=युक्त] वनों मे युक्त या परिपूर्ण ।

रू. भे.—वनमय ।

बनमानस, बनमानुस—सं. पु. [सं. बन+मानुष] १ एक जंगली जंतु जो बन्दर मे कुछ उन्नत और मनुष्य से कुछ मिलता-जुलता होता है ।

२ उक्त प्रकार के जंतुओं का वर्ग जिसमे गोरिल्ला, चिंपेंजी, ओरंग उटग आदि जतु है ।

रू. भे.—वनमानस, वनमानुस ।

बनमाळ, बनमाळा—स. पु [सं वनमाला] वन के पुष्प एवं पल्लवो की गुंथी हुई कट मे पाव पर्यन्त लटकने वाली माला ।

रू. भे.— बनमाळ, वनमाळा, वन्नमाळा ।

बनमाळी—वि. [स.] वनमाला धारण करने वाला ।

सं. पु.—१ ईश्वर । (नां. मा.)

२ विष्णु ।

उ०—पार प्रहळाद तणी प्रतपाळी । वळ घू अखी कियौ वनमाळी ।

—र. ज. प्र.

३ श्री कृष्ण । (अ. मा.)

उ०—भीमकराय भणइ रुक्मइया, वर वनमाळी जांणु । छप्पन कोडि जादव नौ राजा, वस विसुध वखांणु । —रुकमणि मंगळ

४ बागवान, माली ।

उ०—वन माळी रे पुत्तर आयौ । जिण तुळसां री बन रोपायौ ।

—लो. गी.

रू. भे.—बनमाळी, बनमाली, बनवारी, बनवारी, वन्नमाळी, ।

बनमुरगौ—सं पु यो. [स. वनं+फा. मुर्ग] जंगली मुर्गा जो साधारण मुर्गे की अपेक्षा कुछ बडा होता है, वन-कुक्कुट ।

रू. भे.—वनमुरगौ ।

बनमूत—स. पु [स. वनमूत:] बादल, मेघ ।

बनर—देखो 'वानर' (रू. भे.) (नां. मा.)

बनरमाळ—देखो 'बांदरमाळ' (रू. भे.)

बनराइ, बनराज, बनराय, बनराव—सं. पु [सं. वनराज] १ सिंह, शेर ।

उ०—पद बनराव न पांमियौ, दुरव दिखाळै दांत । सीहू थयौ वन साहिबौ, ठीगांरी संकरांत । —बां. दा.

२ बड़ा जंगल, विशाल वन ।

[सं. वनराजि] ३ वृक्ष, पेड़, वृक्ष समूह ।

उ०—१ धमक खोद धरणी सहै, काट सहै बनराय । फुटक वचन असली सहै, ओरा सह्या न जाय । —श्री हरिरांमजी महाराज

उ०—चैत्रइ विचित्र थइ रही, अंब तणी बनरायौ जी । घुड़ साखा अकुरित थइ, सोह वसतइ पायौ जी । —वि. कु.

४ वृक्ष पंक्ति ।

५ पेड़ पौधे, वनस्पति आदि ।

उ०—२ पोस में ओस पड़ै निस, रुदन करै बनराय । दोस विना पिउ रोस करे, तै सोस ज थाय । —ध. व. ग्रं.

६ वन, जंगल ।

उ०—कोघी परतग्या इसी, मन सेती महाराय । पदमणि परणुं तो घरि रहु, नहि तो गिरि बनराय । —प. च. चौ.

७ वनखण्ड ।

रू. भे.—बणराइं, वणराइ, बणराज, बणराव, बणराव, बनराइ, । बनराज, बनराय, बनराव, बणराइं, वणराइ, वणराई, वणराज, वणराय, वणराव ।

बनरवाल, बनरवालि—देखो 'बांदरमाळ' (रू. भे.)

उ०—तलिआं-तोग्ग ऊभीआ घरि-घरि बांधीआं ए वनर वालि । गुहरइं मादल रण कीआं तिहिं नाचइं ए नवरंगि बाल । —हीरांणंद सूरि

बनरावन—देखो 'व्रंदावन' (रू. भे.)

उ० --आस्रम चौथे आयके इक बनरावन जावै । आस्रम चौथे आयकै इक तीरथ दिस धावै । —अरजुनजी बाहरठ

बनरुह—सं. पु. [स. वनरुह] कमल का फूल ।

बनरोई, बनरोही—सं. पु.—१ बन, जंगल ।

२ बीहड़वन, दुर्गम जंगल ।

रू. भे.—बनरोई, बनरोही ।

बनलक्ष्मी—सं. स्त्री. [सं.] १ वन की शोभा, वनश्री ।

२ केला ।

बनलौ—देखो 'बनौ' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—वरसंता सहरा वीटांणी, नमव न हुए नराळौ । डांणा आज लगौ डुगरियौ, बनलौ कांठळ वाळौ । —अज्ञात

वनवारी—देखो 'वनमाळी' (रू. भे.)

उ०—सोधन पीवजी साज संवारी, अब वेगि मिळो तन जाइ वनवारी। —दादूबांणी

वनवास–सं. पु. [सं.] १ घर, नगर व बस्ती छोड़ कर जंगल का निवास।

उ०—वस राज (जो) रो रावणी, कुण घणी आयत होयबै। वनवास अती दुख घणा, क्या जांणां क्या जोय बै। —रीसालु री बात

२ उक्त प्रकार के निवास की क्रिया, दशा, व्यवस्था, विधान।

मुहा.—वनवास दैणौ=घर से दूर जंगळ मे उदासी बन कर रहने की आज्ञा देना।

रू. भे.—वनबास, बनवास, वनोवास।

अल्पा.—बनवासौ, वणवासु, वनवासु, वनवासौ।

वनवासी–वि [सं. वनवासिन्] १ वन में निवास करने वाला, बसने वाला।

२ उदासी, तपस्वी।

सं. पु.—१ ऋषि-मुनि, संन्यासी, २ वानप्रस्थी।

रू भे.—बनवासी।

वनवासु, बनवासौ—देखो 'वनवास' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—१ बारह ए वरस वणवासु नाठै हींडिवुं तेरमई ए। अम्हि किम ए जांणिसु, तुहितउ वनवासु जू नेतलु ए। —प प च.

उ०—२ वनवासौ चवदै वरसां रो, वांमां राग विळावै। बीते पलही कलप बराबर, जिकै दिवस किमि जावै। —र. रू.

वनविळासिणी–स. स्त्री.—वन में विलास या विचरण करने वाली देवी।

वनवीरोत–स. पुं—राठौड़ वश की एक उपशाखा या उस शाखा का व्यक्ति।

वनसण–सं. स्त्री. [स. वनशण] शण-पुष्पी नामक औषधि विशेष। (निघंटु)

रू. भे.—बनसण।

वनसपति, वनसपती—देखो 'वनस्पति' (रू. भे.)

उ०—१ **वनसपति** फूली फळी, नांना रंग धरंति। तिम तूं यौवन जांणीजै, खिण एक-मांहि खिरंति। —मा. का. प्र.

उ०—२ वनसपती पुहपति विसतारै। भंवर गुंजार करै सुर भारै। —सू. प्र.

उ०—३ वनसपती सूं वेलां लपटनै रही छै। —रा. सा. सं.

वनसी—१ देखो 'बंसी' (रू. भे.) (अ. मा.)

२ देखो 'वंसी' (रू भे)

वनासपति, बनासपती – देखो 'वनासपति' (रू. भे.)

वनस्थळि, वनस्थली–स. पु. [सं. वनस्थली] १ वनों से घिरा हुआ प्रदेश। अरण्य देश।

२ वन का भाग।

रू. भे.—बनसथळी, बनस्थळी।

वनस्पति–स. स्त्री. [स. वनस्पतिः] १ जमीन से अंकुरित होकर उत्पन्न होने वाले पेड़, पौधे, लताए, घास आदि।

२ बड़ा जगली वृक्ष जिसमें पुष्प लगे विना ही फल लगते हों।

३ वृक्ष, पेड़।

रू. भे.—बनसपति, बनसपती, बनस्पति, बनस्पती, बनासपति, बनासपती, वनसपति, वनसपती, वनासपति, वनासपती।

वनस्पतिसास्त्र–सं पु [सं. वनस्पति+शास्त्र] वह शास्त्र जिसमें पेड़-पौधों की उत्पत्ति, गुणधर्म तथा जातियों का वैज्ञानिक ढग से विवेचन किया हो, वनस्पति-विज्ञान।

रू. भे —बनस्पति-विद्या।

वनागनी, वनाग्नि–स. स्त्री. यौ. [सं. वन+अग्नि] वन मे लगने वाली आग, दावानल।

रू. भे.—बनागनी, बनाग्नि, वनिअगनि।

वनात—देखो 'बनात' (रू. भे.)

उ०– भणी रंग रंग री वनात मुखमल कळाबूती सोने रूपै रा वणिया जीण हाजर कीजे छै। —रा सा. सं.

वनाती– १ देखो 'बनाती' (रू. भे.)

उ०—वनाती झूला घातिया रहकलां, ढकां, खड़खला जूता छै। सू हालिया थकां घोड़ां री माम पाड़ै। —रा. सा. सं.

२ देखो 'बनात' (रू. भे.)

उ०– घोड़ी तो भीजै, पिया, नवलखोरै, कोई भीजै रे **बनाती**, भीजै रे वनाती, रे साज। —लो. गी.

वनाधिप, वनाधिपति–स पु. [सं. वन+अधिपति] सिंह, शेर।

रू भे —बणाधिप, बणाधिपति।

वनापार–वि.—अत्यधिक, अपार।

उ०—मीसरां तांण घमसांण रै मागड़ै, पागड़ै जैत खाटै **बनापार**। जोधपुर नाथ कर कोप पुठै जकां, ऊनन छूटै तकां हुए आधार। —जवांन जी आढौ

वनायु–स. पु [स.] १ एक प्रचीन देश जहां के घोड़े प्रसिद्ध होते थे।

२ उक्त देश का निवासी।

३ पुरुरवस् राजा का उर्वशी से उत्पन्न पुत्र।

४ एक दानव जो कश्यप एवं दनु के दस प्रधान पुत्रों में से एक था।

वनायुज–सं. पु. [सं.] १ उक्त देश (वनायु) का घोड़ा। (डिं. को.)

२ घोड़ा (डिं को.)

बनाळ–सं. स्त्री. [स. वन+अलिका] १ सूरजमुखी।
२ देवदाली घघरबेल, बंदाळ। (अमरत)
३ देखो 'वन' (मह., रू. भे.)

बनास—देखो 'बनाम' (रू. भे.)
उ०—चढंती महासमर ,बनास फळंती झोळां, सुभ्र गीडुलती बीरां करीरां सुवास। समीरां हलती बेस गहीरां तरां री साखा, कमोद फूलती नीरां चौगणं प्रकास। —महाराजा मानसिंह

बनासपति बनासपती—१ देखो वनस्पति' (रू. भे.)
उ०—गिरां खळक्कं नीर नदि, भरणा झरै अपार। बनासपति पाखर बणी, विविध प्रकारै भार। —गज उद्धार
२ देखो 'बनासपति' (रू. भे.)

बनि–सं स्त्री. [स. वह्नि] १ अग्नि, आग। (ना. डि. को)
[स वनि:] २ अभिलाषा, कामना।
३ याचना।
४ देखो 'बनी' (रू. भे.)
उ०—१ पंथी एक संदेसडइ, लग ढोलइ पैहच्याइ। विरह-दाघ बनि तनि वसइ, सेहर गाजइ ग्राइ। —ढो मा.
उ०—२ (इमी) जु मालिग छै सु बनि वनि रै विचै केसरि चुगै छै। —वेलि टी
५ देखो 'बनी' (रू. भे.)
रू. भे.—बनि, बन्हि, बन्ही बहनि बहनी बेहनि, बेहनी, वनी, वन्नि, वन्हि, वन्ही।

बनिअगनी—देखो 'वनागनी' (रू. भे)
उ०—आवं सगण अबीत, जेम बनिअगनि सिळगां। सरप विक्ख मोखवा, मत्र आवं सुखमंगां। —रा. रू.

बनिता–स. स्त्री. [सं.] १ पत्नी, भार्या।
उ०—बनिता-पती विदेस गय, मंदिर-मझै अद्धरयणीए बाळा। लिहइ भुयगी, कहि सुंदरि कवण नुज्जेण। —ढो. मा
२ स्त्री, औरत, नारी, रमणी।
उ०—बनिता रूपं रात्रि आमणी। —धरम-पत्र
३ प्रियतमा, प्रिया, प्रेयसी।
४ स्वामिनी, मालकिन।
५ बेटया।
६ दो सगण युक्त छै वर्णों की एक वृत्ति।
रू. भे.—बनता, वनिता, वगता, वनता, वनिता, वनीता।

बनितासुत-स. पु.—मनुष्यों की एक जाति। (मारकण्डेय पुराण)

बनिता सुत–स. पु. [स वैनतेय] गरुड़ (डि. ना. मा.)

बनित्ता – देखो 'वनिता' (रू. भे.)
उ०—वप सोळह सिणगार बनित्ता, लखण बतीस संजुगत ललित्ता। सोमा सारिख किरण सवित्ता, दीपै मंदर राज दुहित्ता। —गु. रू. बं.

बनिस्पत—देखो 'बनिस्पत' (रू. भे.)

बनी–स. स्त्री. [स.] १ छोटा वन, वाटिका।
उ०—वैरि मंदिरि स लाछि सांसही, प्रात्म पोदस बनी समइं दही। भूंटि भूबि मुक्त नारि बिनोई, प्राथमिउं मिहर सूं मुंह जोई। —सालि सूरि
२ बीहड़ व भयावह जगल।
३ वनस्थली, भाड़ी, कुंज।
४ देखो 'बनी' (रू. भे.)
५ देखो 'वनि' (रू. भे.)
रू. भे'—बणी, बनि, बनी, बन्नी, बन्हि, बन्ही, वणी।

बनीत—देखो 'वनीत' (रू. भे.)

बनीता—देखो 'वनिता' (रू. भे)
उ०—सोहन वाम दिसा निज सीता, बादळ बीज प्रभाव बनीता। —र. ज. प्र.

बनीपक, बनीयक–सं. पु. [सं.] भिखारी, भिक्षुक, याचक। (ह. नां. मा.)

बनीसिख–सं. स्त्री. [सं. वह्नि-शिख] केसर। (ह. नां. मा.)

बनु—देखो 'वन' (रू. भे.)
उ०—दह दिसि इम जां वनु आरोडइं। जीव विणासइं तरुयर मोडइं। जां इम दलवइ पारधि लागई तांम असंभमु पेखइ आगइ। —पं. पं. च.

बनेचर—देखो 'वनचर' (रू. भे.)

बनै—देखो 'बनै' (रू. भे.)

बनोक–सं पु. [स. वनोकस्] वानर।
रू. भे.—'बनोक'

बनोड़ा देखो 'बनोड़ौ' (रू. भे.)
उ०—ताहरां हेमी बोलियो-कूंभा मालांणी ! कटक बाळ बनोड़ा मतां नाखै। साइया मिळो ! ताहरां कूंभौ घोड़ै हूं उतरियो। —नैणसी

बनोत्सरग–सं. पु [सं. वन+उत्सर्ग] १ देव मन्दिर, वापी, कूप उपवन आदि बनवा कर सार्वजनिक उपयोगार्थ, शास्त्र विधि से दिया जाने वाला दान, उत्सर्ग।
२ उक्त प्रकार के दान की शास्त्रोक्त विधि।

बनोद–सं. पु. [स. वनोदय] १ कमल।
२ देखो 'विनोद' (रू. भे.)

बनोवनंणी–वि. स्त्री.— जिसके नेत्र कमल के सदृश हो, कमल-नयनी।

उ०—नाहरां नु करै जेर जाहरां विनोवनंणी, प्रवा दोय राहरां। नु देर लैणी पेस। दिळी इस जिसा फेर नरां नू ऊथाप दैणी, दीना नाथ 'सैणी' वीस करां नूं भ्रावेस। —नवलजी लालस

वनोळी—देखो 'वंदोळी' (रू. भे.)

वनोळो—देखो 'वदोळो' (रू. भे.)

वनोवास—देखो 'वनवास' रू. भे.)

उ०—किसा दीह ग्रांणद-विन्नोद कीधा। लहै भूप भ्रागया वनोवास लीधा। —सू. प्र.

वनौ—देखो 'बनो' (रू. भे.)

उ०—१ रहियो एकज रात, कोलूमड पाबू कमद। पमंग चढ़ै परभात, वरवा घरा खड़िया वनौ। —पा. प्र.

उ०—२ दुखां रो डेरियो बीकानेरियो दिनां रो दादो, दीठां सीस ढेरियो हेरियो जरादूत। भूखे लोब लाग वनो हेरियो बखाकभंड, पीढ़ी सात मातै पांणी फेरियो कपूत। —उदैभांण बारहठ

वनौकस—सं. पु. [सं.] १ बंदर, वानर।

२ वनवासी।

वनौखद वनौसद—सं. स्त्री. [सं वन+ग्रोषधि] १ जंगल में पैदा होने वाली ग्रोषधि, जड़ी, बूटी।

वन्न—देखो 'वन' (रू. भे.)

उ०—सीहां देस विदेस, सम, सीहां किसा उतन्न। सीह जिकै वन संचरै, सो सीहां रो वन्न। —बां. दा.

वन्नमाळ—देखो 'वनमाळा' (रू. भे.)

वन्नमाळी—देखो 'वनमाळी' (रू भे.)

उ०—तिसी तंत ताती बजी ताल ताळी, मंडयौ पाव ग्रांरभियो वन्नमाळी। —ना. द.

वन्नर—देखो 'वांनर' (रू. भे.)

उ०—मूगले कहिय मुहि मारि मारि, घूरिणयउ कोट काळइ कंधारि। पतिसाह तणै भालिय पखांण, जुधि चडिय लंक वन्नर जांण। —रा. ज. सी.

वन्नरमाळ, वन्नरमाळा, वन्नरवाळ—देखो 'बांदरमाळ' (रू. भे.)

उ०—१ दिल्ली नगरी-रै साज-रो ग्राज कांई कैणो। घर घर फरियां ग्रर वन्नरमाळावां बांधीजै है। चारू कांनी वाजा वाजै है। —वरसांगठ

उ०—२ ग्रति ग्रब मौर तोरण ग्रजु ग्रबुज, कळी सु मंगळ कळस करि। वन्नरवाळ बंधांणी वल्ली, तरुवर एका बियै तरि। —वेलि

वन्नि—१ देखो 'वन' (ग्रल्पा., रू. भे.)

उ०—१ केसरि कथिन्न सांभळि कन्नि, वाउळि कि वन्नि लागउ वहन्नि। 'बीकाहर' राजा ए वखांण। जाळोवळि सीतउ घ्रित्त जांण। —रा. ज. सी.

उ०—२ एकइ वन्नि वसंतड़ा, एवड़ ग्रंतर काई। सीह कवड्डी नह लहइ, गइवर लक्खि विकाई। —ग्र. वचनिका

२ देखो 'वनि' (रू. भे.)

वन्निजणौ, वन्निजबौ—देखो 'वरणणौ, वरणबौ' (रू. भे.)

उ० जिम चिंतामणि रयण मझि, उत्तम सलहिज्जइ। जिम कणयाचल गिरिहु मझि, किरि धुरहि ठविज्जइ। जिम सोह गह वत्थु मझि, ससहरु वन्निज्जइ, जिम तरुहु मझि वंछित्त करु, सुरतरु महिमा महमहइ। —ग्रभयतिक यति

२ देखो 'विणजणौ, विणजबौ' (रू. भे.)

वन्निजियोड़ौ—१ देखो 'वरणियोड़ौ' (रू. भे.)

२ देखो 'विणजियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. वन्निजियोड़ी)

वन्नीयणौ, वन्नीयबौ—देखो 'वरणणौ, वरणबौ' (रू. भे.)

उ०—तीरणइ थापिउ तिहू यण सारो, बीजउ ग्रमरापुरि ग्रवतारो। हथिणाउरपुरु वन्नीयए। —पं. पं. च.

वन्नीयोड़ौ—देखो 'वरणियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. वन्नीयोड़ी)

वन्य—वि. [सं.] १ वन का, वन सम्बन्धी, जंगली।

२ जंगल में उत्पन्न, जंगल की पैदाइश।

३ बर्बर, हिंसक।

४ ग्रसभ्य, ग्रशिष्ट।

स. पु. १ जंगली सूरन।

२ क्षीर विदारी।

३ वाराही कन्द।

४ राम।

वन्यकर—देखो 'वनकर' (रू. भे.)

वन्या—सं. स्त्री. [सं.] १ बड़ा वन, ग्रनेक वन।

२ जल की बाढ़।

३ ग्रश्वगंध।

६ गोपाल ककड़ी।

(४) मुद्गपर्णि।

(५) गुंजा।

वन्रमाळ—देखो 'बांदरमाळ' (रू. भे.)

उ०—पूजा-पाठ निराठ, वरै वन्रमाळां मोखी। जागण राती जगां, दसुटण दायजां चोखी। —दसदेव

वन्हि—१ देखो 'वनि' (रू. भे.)

२ देखो 'बनी' (रू. भे.)

३ देखो 'वन' (अल्पा., रू. भे.)

४ देखो 'वह्नि' (रू. भे.)

उ०—सीत न तावड मनि गणइ, दिवस न रयणी संक। भूख पिपासा न वह्नि जल, केवल यथा करक। —मा. का. प्र.

वन्हौ—१ देखो 'वणौ' (रू. भे.)

उ०—सबको सीर सपूत में, सब कोई मिल सपूत। कुळरी ढाकण होत है, ज्यू वन्हौ को सूत। —अज्ञात

२ देखो 'वह्नि' (रू. भे.)

वन्हौ—देखो 'बनौ' (रू. भे.)

वप—देखो 'वपु' (रू. भे.) (ह. ना. मा.)

उ०—पेखियौ महर जोधाण-पत, सब जग धणी संपेखियौ। वप आभ परस ज्यारू वरण, लाभ नयण पण लेखियौ। —रा. रू.

उ०—२ राम लखण सत्रघण भरथ, सूरज वंस सिगार। एक अम चत्र वप अवधि, ए चत्रधा अवतार। —सू. प्र.

वपणौ—सं. स्त्री—१ नाईयों के हजामत करने का स्थान

२ देखो 'विपणी' (रू. भे.)

वपन—सं. पु. [सं.] १ बीज बोने की क्रिया या भाव।

२ सिर-मुंडाई, हजामत।

३ वीर्य।

वपराणौ, वपराबौ—क्रि. स. [सं. व्यापरणम्] १ अपने उपयोग के लिये किसी वस्तु की व्यवस्था करना, उस वस्तु को किसी तरीके से प्राप्त करना। उपलब्ध करना।

उ०—मन करती जका ई मासी गिरै गाय वपराय लेती गाया री ई एक छोटी-मोटी छाग वणगी ही। —फुलवाड़ी

२ व्याप्त करना, सचार करना, फैलाना।

उ०—वपरातौ ठाडोळ, तुठजै वार मंगाळा। दुखिया मेटण दरब बिड़द घण सपत वाळा। —मेघ

३ उपयोग करना, उपभोग करना, इस्तेमाल करना।

वपराणहार, हारौ (हारी), वपराणियौ—वि०।

वपरायोड़ौ—भू० का० कृ०।

वपराईजणौ, वपराईजबौ—कर्म वा०।

वपराणौ, वपराबौ, वपरावणौ, वपरावबौ—रू. भे.।

वपरायोड़ौ—भू. का. कृ.—१ उपयोग या आवश्यकता पूर्ति के लिये किसी वस्तु की व्यवस्था किया हुआ, प्राप्त किया हुआ, उपलब्ध किया हुआ. २ व्याप्त किया हुआ, सचार किया हुआ, फैलाया हुआ.

३ उपभोग किया हुआ, इस्तेमाल किया हुआ।

(स्त्री. वपरायोड़ी)

वपरावणौ, उपरावबौ—देखो 'वपराणौ, वपराबौ' (रू. भे.)

वपरावणहार, हारौ (हारी), वपरावणियौ—वि०।

वपराविप्रोड़ौ, वपरावियोड़ौ, वपराव्योड़ौ—भू० का० कृ०।

वपरावीजणौ, वपरावीजबौ—कर्म वा०।

वपरावियोड़ौ—देखो 'वपरायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री वपरावियोड़ी)

वपरीत—देखो 'विपरीत' (रू. भे.)

उ०—'केहर' 'कांदळ' मारकै, ऐ अगलूणी रीत। 'कांदळ' 'केहर' मारियौ, रीत करां वपरीत। —हररांम आसियौ

वपरुच—सं. पु. [सं. वपु.+रुचि=कांति] खून, रक्त। (अ. मा.)

वपा—सं. स्त्री. [सं.] १ चर्बी।

२ मेद।

३ गुफा।

४ चीटियों या दीपक द्वारा बनाया हुआ मिट्टी का टीला। वल्मीक

५ बाबी।

रू. भे.—वपा।

वपि—देखो 'वपु' (रू. भे.)

उ०—वपि—केसरिया साज वणाया। उभै सहंस सिंधुर धुज आया। —सू. प्र.

वपु—सं. पु. [सं. वपुस्] १ शरीर, देह, अंग, काया।

उ०—१ खग नीर धीर अंतर खरा, मद कुंजर वपु जिम मयण। मन बसै तेम तूं मांहरै, मो मन वसियौ महमहण। —ह. र.

उ०—२ वपु दस गुणौ, जोर न्रप वधियौ। सो गुण अनंत पराक्रम सधियौ। —सू. प्र.

२ रूप, सौन्दर्य, वरण।

३ आकार, आकृति।

रू. भे.—वप, वपु, वपुख, वप्प, वप्पु, वप, वपि, वपुख, वप्प।

वपुख—देखो 'वपु' (रू. भे.)

उ०—सिर नासा कान दसन आखै, नख गाळ वपुख ना मल नाखै। भिलणौ लेखौ करै मंत्रणौ, विहचण अपणौ करि घन घरणौ। —वृ. रत.

२ देखो 'वपुस' (रू. भे.)

वपुस—सं. पु. [सं. वपुषः] देवता।

रू. भे.—वपुख, वपुख।

वपुस्टमा—सं. स्त्री. [सं. वपुस्टमा] काशिराज सुवर्णवर्मन् की कन्या जो

जन्मेजय को ब्याही गई थी ।

वि. वि.—इसके शतानीक व शकुकर्ण नामक दो पुत्र थे ।

बपुस्मती—सं. स्त्री. [सं. वपुष्मती] १ सिन्धुराज की पुत्री जो राजा मरुत्त की पत्नी थी ।

२ स्कंद की एक अनुचरी ।

बप्प—देखो 'वपु' (रू. भे.)

उ०—देवी वाहन नाम के बप्प-वाळी । देवी खग्ग सूलंधरा खप्पर वाळी । —देवि

बप्र—सं. पु. [स. वप्रः, वप्र] १ मिट्टी की दीवाल ।

२ शहर-पनाह ।

३ मिट्टी का टीला ।

४ चोटी या शिखर ।

५ नदी तट ।

६ किसी भवन की नींव ।

७ पहाड़ का उतार ।

८ शहर-पनाह का द्वार या फाटक ।

९ खाई की मिट्टी का उसके किनारे बना हुआ धुस्स ।

१० वृत्त का व्यास ।

११ खेत ।

१२ मिट्टी, धूल, रेणु ।

[सं. वप्रिन्] १३ प्रजापति ।

१४ द्वापर युग के व्यास ।

बप्रवरण—सं. पु. [सं. वप्रावरण] गढ़, किला । (अ. मा., ह. नां मा.)

बप्रौढौ—सं. पु. [स. विवोढृ] १ पति । (ह. नां मा.)

२ दूल्हा, वर ।

बफा—सं. स्त्री. [फा.] १ निर्वाह, पालन, अमल ।

२ सद्व्यवहार, बर्ताव ।

३ प्रेम, मोहब्बत ।

४ निष्ठा, आस्था, भक्ती ।

५ सुशीलता, सज्जनता ।

बफादार—वि. [फा.] १ अपनी प्रतिज्ञा का पालन करने वाला, वचन निभाने वाला ।

उ०—हर बात में कौल पालणौ बडी बात छै । बफादार सांच री संग करजै, सांचौ कोल पाळणौ —नी. प्र.

२ स्वामी भक्त, नमक हलाल ।

३ कर्त्तव्य-निष्ठ ।

४ सच्चा ।

रू. भे.—बफादार ।

बफादारी, बफेदारी—सं. स्त्री. [फा. वफादारी] १ बफादार होने की अवस्था या भाव ।

२ प्रतिज्ञा पालन करने की क्रिया या भाव ।

उ०—तो गोपाळदास नवाब नूं कहाई जे बात तो म्हांसूं ही मालुम हुई छै । नवाब तुम हम सूं सलाह करो तो बफेदारी है । —गौड़ गोपाळदास री वारता

३ स्वामी भक्त ।

उ०—तद गोपाळदास कही बादशाह री चाकरी में बफेदारी कांई नहीं । —गौड़ गोपाळदास री वारता

४ कर्त्तव्य निष्ठा ।

५ सच्चाई ।

रू. भे.—बफादारी, बफेदारी ।

बफारौ—देखो 'बफारौ' (रू. भे.)

बभीखण—देखो 'विभीखण' (रू. भे.)

बभीखणौ—देखो 'विभीखण' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—उवै वार बभीखणौ चालि आयौ । लखै ते हणूमांन पावां लगायौ । —सू. प्र.

बभक—देखो 'भभक' (रू. भे.)

बभकणौ, बभकबौ—देखो 'भभकणौ, भभकबौ' (रू. भे.)

उ०—१ चहक पावक बभक चहुं चक । तद अरक रथ थरक कौतिक, उदधि रण अण थाह । —सू. प्र.

उ० २ जळ बड़वानळ जिकौ जळावै, ऊन्हौ तिकौ समदचै आवै । वात एम कहतां नृप वांणी, पहाड़ फोड़ि बभकियौ पांणी ।
—सू. प्र.

उ०—३ घड़ फूटत तूटत सीस धार, पड़नाळ स्रोण बभकै अपार ।

उ०—४ डील ऊकळै बभकि ऊठै, मरद अंवाळा आ गिरै । जाळ भाळो देय वुलावै सुखद छांय सरजित करै । —दसदेव

बभकणहार, हारौ (हारी), बभकणियौ—वि० ।

बभकिअोड़ौ, बभकियोड़ौ, बभक्योड़ौ—भू० का० कृ०

बभकीजणौ, बभकीजबौ—भाव वा ।

बभकाणौ, बभकाबौ—देखो 'भभकाणौ, भभकाबौ' ।

बभकाणहार, हारौ (हारी), बभकाणियौ—वि० ।

बभकायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

बभकाईजणौ, बभकाईजबौ—कर्म वा०

बभकायोड़ौ—देखो 'भभकायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बभकायोड़ी)

बभकार—देखो 'भभकार' (रू. भे.)

उ०—सिर भागी तोड़, गज हमगोळ, बवै सरीळ, कर बीळ। बभकार गहीळ, भायो भीळ, होय कंठीळ, हड़हड़त। —भगतमाळ

बभकियोड़ो—देखो 'भभकियोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री. बभकियोड़ी)

बभकी—देखो 'भभकी' (रू. भे.)
उ०—ढोल ऊकळं बभकी उठे, मरद नैवांळा भ्रा गिरै। जाळ भ्रामी देय बुलावे, सुखद छांय सरजित करै॥ —हसदेव

बभक्कणो, बभक्कबो—देखो 'भभकणो, भभकबो' (रू. भे.)
उ०—१ लोही घखधक्क बभक्कत लाल। पड़ै घर आणि पतंग पखाल। —सू. प्र.
उ०—२ रोळ गजां गंघड़ा बभक्कै घाव चोळ रत्तां। सळाबोळ कीघां भायो वेताळीस कोघ। —हुकमीचंद खिड़ियौ
बभक्कणहार, हारौ (हारी), बभक्कणियौ—वि०।
बभक्कियोड़ो, बभक्कियोड़ो, बभक्क्योड़ो—भू० का० कृ०।
बभक्कीजणो, बभक्कीजबो—भाव वा०।

बभक्काणो, बभक्काबो—देखो 'भभकाणो, भभकाबो (रू. भे.)
बभक्काणहार, हारौ (हारी), बभक्काणियौ—वि०।
बभक्कायोड़ो—भू० का० कृ०।
बभक्काईजणो, बभक्काईजबो—कर्म वा०।

बभक्कायोड़ो—देखो 'भभकायोड़ो (रू. भे.)
(स्त्री. बभकायोड़ी)

बभक्कियोड़ो—देखो 'भभकियोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री. बभक्कियोड़ी)

बभयंगी—सं. पु. [सं. इन्द्रिय-विभु] इन्द्र। (अ. मा.)

बभाड़—देखो 'विभाड़' (रू. भे.)
उ०—पतसाहां हु भ्रमेल परठीयो, भरीयो सुरत भ्रनत बभाड़। भ्रमर "भ्रमर" तणौ ऊगाड़ो, छत्र घारीयां तणौ भ्रोखाड़। —भ्रमरसिंह री गीत

बभाड़णो, बभाड़बो—देखो 'विभाड़णो, विभाड़बो' (रू. भे.)
बभाड़णहार, हारौ (हारी), बभाड़णियौ—वि०।
बभाड़ियोड़ो, बभाड़ियोड़ो, बभाड़्योड़ो—भू० का० कृ०।
बभाड़ीजणो, बभाड़ीजबो—कर्म वा०।

बभाड़ियोड़ो—देखो 'विभाड़ियोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री. बभाड़ियोड़ी)

बभीखण, बभीखन—देखो 'विभीसण' (रू. भे)
उ०—भ्रवि बभीखण लंक राज रघुवर भ्राविया भ्रवधेस। —सू. प्र.

बभुत—१ देखो 'विभुता' (रू. भे.)
२ देखो 'विभूति' (रू. भे.)

बभूत—देखो 'विभूति' (रू. भे.)
उ०—धू परि भ्राड बभूत तिलक धरि। कदळी पत्र दीप राजा करि। —सू. प्र.

बभूतसिद्ध—देखो 'विभूतिसिद्ध' (रू. भे.)

बभूति—देखो 'विभूति' (रू. भे.)

बम्भीखण—देखो 'विभीसण' (रू. भे.)
उ०—उरघ भ्रंबर उद्धरण, वेद ब्रह्मा गावाळण। दळ दांणव निरदळण, भ्रव्व रांमण चौ गाळण। बम्भीखन जग्ग करण, सबळ देतां संघारण। नवनाथ निमघियण, त्रिविघ लोकां ऊपावण। —ज. खि.

बभ्रु—देखो 'बभ्रु' (रू. भे.)

बभ्रुपिंगळा—सं. स्त्री.—शनि। (भ्र. मा.)

बभ्रुवाहन—देखो 'बभ्रुवाहन (रू. भे.)

बमणो, बमबो—क्रि. स. [सं. वमनम्] १ कै करना, वमन करना। (उ. र.)
२ थूकना।
३ उड़ेलना।
४ उगलना, प्रकट करना। (उ. र.)
५ फेंकना।
६ खारिज करना, भ्रस्वीकार करना, त्यागना।
उ०—हिव मिथ्यात्व बमीयउ, मन उपसमियौ भ्रति घणुं। दुरदम दिल दमियउ, समकित रमीयउ गुण थुणुं। —वि. कु.
बमणहार, हारौ (हारी), बमणियौ—वि०।
बमियोड़ो, बमियोड़ो, बम्योड़ो—भू० का० कृ०।
बमीजणो, बमीजबो—कर्म वा०।

बमथु, बमथू—सं. पु. [सं. वमथुः] १ हाथी की सूंड का पानी।
२ कै, उलटी।

बमन—सं. पु. [स.] १ कै या उलटी करने की भ्रवस्था, क्रिया या भाव।
२ कै, उलटी।
३ थूक।
४ उड़ेलना क्रिया।
५ उगलना क्रिया।
६ फेंकना क्रिया।
७ त्याग छुटकारा, भ्रस्वीकृति।

बमर—देखो 'विवर' (रू. भे.)
उ०—एक महामोटौ भ्रवत छै। तण ऊपरां देवळ छै। तठै बमर छै। सो गुपत गेलौ भ्रांपां रा घर वीच नीसरै छै। —कल्याणसिंघ नगराजोत वाढेल री वात

वमियोड़ौ–भू. का. कृ.—१ कै किया हुआ, वमन किया हुआ। २ थूका हुआ। ३ उड़ेला हुआ। ४ उगला हुआ, प्रगट किया हुआ। ५ फेंका हुआ। ६ खारिज किया हुआ, ग्रस्वीकार किया हुआ, त्यागा हुआ।

(स्त्री. वमियोड़ी)

वमुख, वमुह—देखो 'विमुख' (रू. भे.)

उ०—१ घर कारण वेहू ग्रावड़ै छत्रधर, पाछट खग दाखवीयौ पांण। कुंभळमेर न दीधौ कूंभै, सेवा वमुख गयौ सुरतांण।
—महारांणा कुंभा रौ गीत

उ०—२ सुजड़ झड़ंतां झाड नृप वेहू ग्रड़तां समर, खत्री ग्रन देख ग्रत वमुह खड़तां। ग्रगाड़ी तणा भड़ खड़ै ग्रस ग्रावीया, पछाड़ी ऊपरै भार पड़तां।
—पहाड़खां ग्राढौ

वमेक—देखो 'विवेक' (रू. भे.)

उ०—इसौ वमेक सग्रह मत ऐहौ। जोगेसुरां दुलभ ग्रति जेहौ।
—सू. प्र.

वम्मरौ—देखो 'विवर' (ग्रल्पा., रू. भे.)

उ०—देवी वम्मरे डूंगरे रन्न वन्नै। देवी थूंवडे लींबड़े थन्न थन्नै।
—देवि.

वयंड—देखो 'वितंड' (रू. भे.) (ग्र. मा., ह. ना. मा.)

उ०—१ तूटा गज सिर करै ग्रंग्राका, दांतूसळां बजावै डाका। गत ग्रत करि सिंधू सुर गावै, वयंड सूंड चौ भेर वजावै। —सू. प्र.

उ०—२ पटहसति सूंढि फेरइ प्रचंड, ग्रिख दिसा बोम नांखइ वयंड। पटहसती छाया पक्खरेह, पाहाड़ जांणि हालइ पगेह।
—रा. ज. सी.

उ०—३ निपट खळां ची नार कथ कहै नित नाह नैं, वयंड खळ झाड़ तो देख हथवाह नै। रोस दळ छोड जावै ग्रगम राह नै, समर मत छेड़जै कवर "रणसाह" नै।
—रणसिंह सीसोदिया रौ गीत

२ देखो 'वंडौ' (मह., रू. भे.)

वयंडकनी–वि. स्त्री. [सं. वंड+कर्णिक] कटे कान वाली।

वयडचर–सं. पु. [सं. वितड+चरः] ग्रनलपक्षी।

उ०—वयंडां घड़ा झाडा-खंडां वाढतै, गाढमल जाजमा धकै गाहै। मम्मी समर बीर नारद ग्रछर माल्हिया, माल्हिया वयंडचर समर माहै।
—राव बुधसिंह हाडा रौ गीत

वयंडमुख—देखो 'वितंडमुख' (रू. भे.)

वयंत—देखो 'वियत' (रू. भे.) (ना. मा.)

वय–सं. स्त्री. [स.] १ बीता हुआ जीवन-काल, उम्र, ग्रवस्था। (ग्र. मा.)

उ०—१ ग्रंग सो लियौ कनिक उणहारै। सोळ वरस वय सोळ सिंगारै।
—सू. प्र.

उ०—२ वय किसोर ऊतरै, जोर जोबन परगट्टै। ग्रणमायौ ग्रंग मैं ति किरि रतनाकर तट्टै।
—रा. रू.

२ जवानी, युवावस्था।

३ समय, काळ। (ह. ना मा) (ग्रनेका.)

उ०—पलटै वय पलटै प्रकत, रितु दिन पलटै रंग। पलटै नही "प्रतापसी," विछुटै जे मुख वंग।
—जंतदांन बारहठ

४ क्रम। (ग्रनेका)

५ विस्तार। (,,)

६ बल, शक्ति। (,,)

७ पक्षी, विहग (,,)

[सं. वच्] ८ वचन, वाणी, बोल।

उ०—१ झुक वहणौ नह जांणियौ, दोयण वय मुख दब्ब। "पातल" हुंदा उरघ पण, संघा ग्रनम सरब्ब।
—जंतदांन बारहठ

उ०—२ जांणमतौ वय संसौ राजिद, तात कहूं विघ तोनूं। स्रोपत सेस उचारण,संतां, देह धरी नर दोनूं।
—र. रू.

६ स्वर, ग्रावाज।

उ०—इहंत केळि डाळयं, उपति बंद्रबालयं। बहत दुंदभं वयं जपंत देव जै जयं।
—सू. प्र.

१० छप्पय छंद का एक भेद जिसमें, ४८ गुरु व ५६ लघु कुल १५२ मात्राएँ होती हैं।

उ०—गुर ग्रड़चाळां गाइजै, लघु कर छप्पन लेख। वय छपय वाखांणीयै, सेसौ कहै विसेख।
—पिंगळ सिरोमणि

११—जुलाहा।

१२ वसिष्ठ कुलोत्पन्न एक गोत्रकार।

वि [सं. वयस्य] समान।

उ०—बाबर बीखरिया ग्रोड़णियें ग्राडै, डाबर नयणां री टाबर वय डाडै।
—ऊ. का.

रू. भे —वय, वय्र, वह्र।

वयग्रभीत–स. पु. [स ग्रभीत-वय] युधिष्ठिर। (ग्र. मा.)

वयकुंठ— देखो 'वैकुंठ' (रू. भे.)

वयगरण, वयगरणौ—देखो 'व्ययकरणिक' (रू. भे.) (उ. र.)

उ० - मंत्रि महामत्रि राणा स्त्रीगरणा वयगरणा रायगरणा धरमाधिगरणा देव गरणा नायक दंडनायक ग्रंग लेखक भांडागारिक।
—व. स.

वयगरणौ—देखो 'व्ययकरणिक' (रू. भे.)

उ०—क्षण एक जाइ वयगरणी, क्षण एक जाइ राजगरणि, क्षण

एक जाइ हस्ति माला, क्षण एक जाइ आयुध साला, क्षण एक जाइ वाहरिण, क्षण एक जाइ राजकुलि। —व. स.

ट्ठणौ, वयट्ठबौ—देखो 'बैठणौ, बैठबौ' (रू. भे.)

उ०—मेज रमतां मारुवी, गिण मेल्हणी मजाड। जांणिक विकसी केतकी, भमर वयट्ठउ आई। —ढो. मा.

वयट्ठियोड़ौ—देखो 'बैठियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. वयट्ठियोड़ी)

वयण—देखो 'वचन' (रू. भे.)

उ०—१ चूर कियौ श्री चौसरण, केयौ **वयण** वहंत। वाघ केण छिपिया वचै, कांपिया धरम रहत। —बां. दा.

उ०—२ गांठि रो कोड न लगै गरथ, मिगला हुइ जिण थी सयण। धरम नै करम गहु मे धुरा, बडो वस्तु मीठो **वयण**। —ध. व. ग्रं.

उ०—३ **वयणै** गाला वरचवै, मूठी गाढा खग्ग। हजरती दरबारमे, थिरताबीयै बग्ग। —गु रू. ब.,

वयणड़ौ—देखो 'वचन' (अल्पा., रू. भे)

उ०—बलिहारी गुरु **वयणड़ै**, बलिहारी गुरमुख चंद रे। बलिहारी गुरु नयणड़ै, परगटा परमाणंद रे। —स. कु.

वयणबूठ-वि —अपने वचनो पर दृढ़ रहने वाला।

उ०—साम धरम रता गण गावै। **वयणबूठ** मुख झूठ न वाचै। —रा. रू.

वयणपुन्न-स. पु. [सं वचन | पुण्य] मुख से शुभ वचन बोलने पर होने वाला पुण्य। (जैन)

वयणसगाई-स. स्त्री.—डिंगल काव्य का एक शब्दालंकार विशेष जिसमें, किसी छन्द के प्रथम चरण के प्रथम शब्द के आदि में जो वर्ण आता है वही वर्ण उस चरण के अंतिम शब्द के आदि में आता है।

उ०—**वयणसगाई वेस**, मिल्यां सांच दोखण मिटै। किणयक समैं कवेस, थपियो सगपण ऊथपै। —र. रू.

वि. वि.—वयण सगाई के प्रमुख तीन भेद माने गये है:—

(१) शब्द-वर्ण वयण सगाई, (२) वर्ण संख्यक वयण सगाई व (३) मित्र वर्ण वयण सगाई।

(१) **शब्द-वर्ण वयणसगाई**—के र. ज. प्र. के अनुसार व र. रू. के अनुसार तीन भेद हैं।

"वयण सगाई तीन विधि आद मध्य तुक अन्त। —र. ज. प्र.

(१) **आदिमेल**—इसमे छन्द चरण के प्रथम शब्द के आदि वर्ण की पुनरावृत्ति चरणान्त शब्द के आदि में होती है।

(२) **मध्यमेल** इसमे छन्द चरण के आदि वर्ण की पुनरावृत्ति चरणान्त शब्द के मध्य मे होती है।

(३) **अन्तमेल**—इसमें छंद चरण के आदि वर्ण की पुनरावृत्ति चरणान्त शब्द के अंत में होती है। इनके अतिरिक्त इसकी तीन श्रेणियां भीं मानी गई है:—

(१) अत्युत्तम आदि मेल।

(२) अत्युत्तम मध्य मेल।

(३) तथा अत्युत्तम अंत मेल।

(२) **वर्ण-सख्यक वयण सगाई**:—इसमें छंद चरण के प्रथम शब्द के आदि वर्ण की पुनरावृत्ति चरणान्त शब्द के नियम से न होकर चरणान्त वर्ण संख्या के हिसाब से होती है। इसके निम्नलिखित पांच भेद माने गये है:—१ अत्युत्तम २ उत्तम ३ मध्यम ४ अधम ५ अधमाधम।

(३) **मित्र-वर्ण वयण सगाई अथवा अखरोट**:—इसके अन्तर्गत छन्द चरण के प्रथम शब्द के आदि वर्ण की पुनरावृत्ति चरणान्त शब्द में होने के स्थान पर उस वर्ण के मित्र वर्ण की आवृत्ति हो जाती है। मित्र वर्ण निम्न लिखित हैं:—

(१) **अधिक मित्र**—आ, ई उ, ए, य, व, ।

(२) **सम मित्र**—ज-झ, ब-व, प-फ, न-ण, ग घ च-छ।

(३) **न्यून मित्र**—त-ट, थ-ढ (ठ), द-ड।

डिंगल काव्य में वयण सगाई का प्रयोग व्यापक रूप से हुआ है। परन्तु इसका निर्वाह अनिवार्य हो ऐसा नही है। इसका निर्वाह न होने से किसी छन्द में दोष आ जाता हो ऐसी बात नही है। गीतों में इसका प्रयोग अनिवार्य माना गया है। १४ वी शताब्दी की रचना मे इसका प्रयोग देखा जाता है। संभवत इसकी शुरुआत इससे पूर्व में हो चुकी थी।

रू. भे.—वयणसगाई, वैणसगाई, वैणसगाई

वयद—१ देखो 'वियत' (रू भे.)

२ देखो 'वैद्य' रू. भे.)

उ०—विद सब करि जिम ग्रंथ वतावै। ओखद ज तूं कहै मुजि आवै। सुणै राज दन हुकम सनेहो। अरज **वयद** कीधी फिर एही। —सू. प्र.

वयवधणा—स. स्त्री.—चौहान वंश की एक शाखा।

वरंकरार—देखो 'बरकरार' (रू. भे)

उ०—राठोड़ा मोह वधी, वधी मोह हिंदुसयांना। **वरंकरार** नवकोट, हसम राखिया खजांनां। —गु. रू. बं.

वयर—देखो 'वैर' (रू. भे.)

उ०—१ म्हाराजा अहा ससत्र भुज मुदारा, सो-गुणै जोस पंडां कथन सधारा। आज री वार लेसी **वयर** ऊधारा। देखजै आच कण सर घरै दुवारा। —पदमसिह आढौ

उ०—मनि करै कुण इण भांति, खित वयर काढण खांति । इक वयर धरा मबीह, सुजि वंस दूजौ 'सीह' । —सू. प्र.

वयरणीयौ-[सं. पु.] शत्रु, वैरी।

उ०—**वयरणीयौ** रहु वेगली, मुझ-सिउं म करु वात । आठ दीवाली आज थी, ममु लगी भव सात । —मा. कां. प्र.

वयराग—देखो 'वैराग्य' (रू. भे.)

उ०—१ धर ध्यांन सुजाय लिये धिप में । **वयराग** सुमाग हुवौ विप में । —पा. प्र.

उ०—२ **वयराग** इ मन वालियउ रे, संयम पालइ सुद्ध रे । —स. कु.

वयरागर—१ देखो 'वैरागर' (रू. भे.)

उ०—१ किहां करीतरु, किहां गुंजाफल, किहां लोहागर, किहां **वयरागर**, किहां गुंजाफल, किहां मुक्ताफल । —व. स.

उ०—२ उत्तम औखधि, सप्त धातुनी खांणि । परवत गंधक हींगलौ, **वयरागर** वखाणि । —मा. कां. प्र

२ देखो देखो 'वइरागर' (रू. भे.)

उ०—१ वांमसऊग्रा मुगवना मांगलियां **वयरागरां** हीरागरा पुस्पागर जादर मेघाडंवर नेत्रपट्ट धोतपट्ट राजपट्ट । —व. स.

वयरागरी—१ देखो 'वैरागर' (रू. भे)

उ०—गजराज वंध्याचलि, मोती जयकुंजरि, पदम पदमाकरि, तेजस्विता दिवाकरि, हीरा **वयरागरि**, प्रधांन, स्वरणमदिरि, विवेक गूरजरि, विधि विवेकिया तणइ घरि । —व. स.

२ देखो 'वइरागर' (रू. भे.)

वयरागियौ—१ देखो 'वैरागियौ' (रू. भे)

उ० —देस्य धन जांमात नैं, कन्या परणावेह । व्रत लेम्यै **वयरागियौ** मन धरि परम सनेह । —वि. कु

२ देखो 'वैराग्य' (अल्पा., रू. भे.)

वयरागी—देखो 'वैरागी' (रू. भे.)

उ०—माहेली हे **वयरागी** गुरु वालहा, माहेली हे वांचइ सूत्र सिद्धांत । —स. कु

वयराड़ी-सं. स्त्री.—एक प्रकार की रागिनी विशेष ।

उ०—गावत **वयराड़ी** रागइ, मलापत स्रीसंघ आगइ । —स. कु.

वेराजी—देखो 'वेराजी' (रू. भे.)

वयराजीउं—एक प्रकार का वस्त्र विशेष ।

उ०—नागवटा सारनाला खासटां अगिहिल **कबीव संजरांमां** मदवी फूलपगरीयां सारीपी तिलवास गरज्मसूत्र राजिउ **वयराजीउं** महिद ग्ररउं । व. स.

वयराट—१ देखो 'वैराट' (रू. भे.)

२ देखो 'विराट' (रू. भे.)

उ०—**वयराट** रांणी मनि देखि प्रांणी, गई तेह नइं लेविणु मघ पांणि । —सालिसूरि

वयरि, वयरी—देखो 'वैरी' (रू. भे.)

उ०—१ राउ दांमण ना **वयरि** मारइ । —ड. र.

उ०—२ **वयरि** वारिउ ऊगता, वली वधारि वयर । रोसि रय राखी रहिउ, आदित ग्रे कुण पइरि । —मा. कां. प्र.

उ०—३ जिण दीहे पावस झरइ, समनेहां सुख होइ । तिणि दिन **वयरी** वल्लहा, सेज न मुक्कइ कोइ । —ढो. मा.

उ०—४ हूं क्षणि क्षणि क्षीणी थइ, वाधी **वयरणि** ग्रास । वाधइ वली वक्षःस्थली, निसि नइ उर-निसास । —मा. कां. प्र.

उ० – ५ मोटउं कूडउं मागसिरि, वलो विचारी जोइ । दिन थोडिउ रयणी घणी, **वयरणी** कांइ विगोइ । —मा. कां. प्र.

(स्त्री. वयरण, वयरणि, वयरणी)

वयळ—देखो 'बयळ' (रू. भे.) (अ. मा.)

उ०—१ घण खळ असि झोकै खग घाऊं । **वयळ**-मंडळ नट कुंडळ बणाऊ । —सू. प्र.

उ०—२ दूझड़ां रायपाळां दुझळ, **वयळ** घरां सिर दूंद वण । ऐ कहै करौ खग झट इसी, रवि वाखांणै हाथ रिण । —सू. प्र.

वयसंधि-सं. पु. [मं.] दो अवस्थाओं के बीच की स्थिति ।

उ०—सु इह तौ न बाळक अवस्था माहे सूणे छै । नैं यौवण प्रायै जाणै छै । इहि विधि को सधि सु वयसधि कहावै । —वेलि टी.

वयस-सं. पु. [सं वयस्] (स्त्री वयसा) १ उम्र ।

२ जवानी ।

[सं वयस्य] ३ साथी, मित्र ।

४ सहयोगी ।

५ हम-उम्र ।

रू. भे.—बयस, वेस वैस वयस्य, वेस, वै' ।

वयसाख—देखो 'वैसाख' (रू. भे.)

वयसाही—देखो 'वैसाखी' (रू. भे.)

उ०—वीवइ दीवाली, कालू कात्तिकी,वरस **वयसाही** नितू वधांमणउं, पेटि पेटि आग्रहणी । —व. स.

वयस्थविर–वि. साठ वर्ष की अवस्था वाला । (जैन)

वयस्य—देखो' वयस'

वयांणौ-सं. पु. [देशज] विवाह में गीत गाने के लिये आई स्त्रियों में बांटी जाने वाली मिठाई ।

बयार—देखो 'बयार' (रू. भे.)

उ०—देखो बनरईया फूलन लागी मा, आगम वसंत बहार कै।
ओर की ओर भई छिब बन की, कोउक झोलैं बयार कै।
—रसीलो राज

बयाळ—देखो 'व्याळ' (रू. भे.)

बयोधर–वि. [सं. वयोधर.] (स्त्री. वयोधरी) युवा, तरुण।

उ०–निसाम-रोज आंननी उरोज धारनी नही। क्रसोदरीय कामिनी बिना बयोधरी नही। —ऊ. का.

बयोम—देखो 'व्योम' (रू. भे.)

उ०—साहण समद ऊछळिय सारि, गादयर वाउण सकइ सहारि।
रहचवियउ आवइ रोम रोम, वाजा सबहि फाटइ बयोम।
—रा. ज. सी.

बयोबरध, बयोव्रद्ध बयोव्रध, बयोविध–वि. [सं. वयोवृद्ध] जो अवस्था, अनुभव और ज्ञान में बडा हो, वृद्धपुरुष, बूढा।

बरंग–सं. पु. [सं. वर+अंगम्] १ सिर, मस्तक।

२ उत्तम शरीरांग।

३ सुडौल शरीर।

४ देखो 'वराग' (रू. भे.)

[सं. वर+अंगः] ५ हस्ती, हाथी।

६ देखो 'बरग' (रू भे.)

उ०—किता यग वरगा उडै कट किरमरां, मधर धर लड़ै उतबग बोलै सरा। चापडै मचै रिण निगाचर बनचरा, वीर कौतिक रचै जाण बादीगरा। — र. रू.

उ०—घंघमै आरीठ घटा आवटै मघाण पाण, उडै फाड कूभायळा बरगां उरण। राकमा बिभाड़ै पाडै आग्वाडै बजाडै रूक, 'नाथ' रो सूरा रमाडै ऊपाडै निहग। —राव सत्रसाल री गीत

बरंगन—देखो 'वारंगना' (रू. भे.)

उ०—बरंगन कंठ धरै वरमाळ, रूका उडी सीस चढै रुंडमाळ।
अपच्छर सूर जोड़ै हिज आय, जई रथ बैठि वसै सुरगि जाय।
—गू प्र

बरंगी–वि.—बरंग का, बरंग सम्बन्धी।

रू. भे.—बरंगी।

बरंच–अव्य [सं.] १ अपितु, बल्कि।

२ परन्तु, किन्तु, लेकिन।

३ देखो 'विरंचि' (रू. भे.)

बरंड–सं. पु. [सं.] १ समूह, झुण्ड।

२ समुदाय।

३ घास का ढेर, गट्ठर।

४ चेहरे पर होने वाले मुंहासे।

५ जेब, खीसा।

६ बंसी की डोर।

[सं. वितंड] ७ फीलखाने में दो लड़ाके हाथियों के बीच बनाई जाने वाली दीवार जो इनको लड़ने से रोके।

८ हाथी, गज।

९ देखो 'बरडौ' (मह., रू. भे.)

रू. भे.—वरंडक।

बरंडक–सं. पु. [सं.] १ हाथी पर रखी जाने वाली अंबाडी, हौदा।

२ मिट्टी का टीला।

३ दीवार।

४ देखो 'वरड' (रू. भे.)

बरंडा–सं स्त्री. [सं.] छुरी, खंजर।

२ सारिका पक्षी।

३ लैंप की बत्ती।

बरंडी—देखो 'भिंडी' (रू. भे.)

उ०—१ पानि तणी परिगह देहरी तण उमहरु, चउकी चउ खडे झलहलइ, उआरे पाणी खलहलइ, पगथिआरां सारुन्यारा, बरंडी उदार लहरीमाला उच्छलइं, मत्तवारणां उपरि पांणी वलइं।
—व. स.

उ०–२ भीवैं मन मांहै जांण्यौ, बावडी मांहे किसूं करै छै। यों जांण बरंडी रा छेकडा मांहे जोवै। तठै देखे तो अस्त्री छै।
—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

३ देखो 'आडी' (रू. भे.)

बरंडौ–सं. पु [सं. वरंडः] बरामदा।

उ०—निबड लोह तणी अरगला तोडी, पुंतार पाडी, कपाट संपुट फाडी, पडिहारु गांजी, चरण संबंधीया त्रिगडा भांजी, बरंडा पाडतउ, माणस मारतउ राउत रसाडतउ। — व. स.

रू भे.—बरडौ, बिरडौ।

मह.—वरड।

बर–वि. [सं वर] १ सर्वोत्तम, सर्व-श्रेष्ठ।

२ उत्तम, बढ़कर, श्रेष्ठ।

उ०—१ लाघै बिखमी चालतां होजी, वाट अनड़ बर वीर प्रबल पराक्रमी। —वि. कु.

उ०—२ वांमा अंग वणी बर सुंदरि, कनकलता जांणै कळप्पतरि।
—गु रू. बं.

३ चुनने योग्य, योग्य, लायक।

४ दानी। (५) सुदर। (६) भला।

सं. पु. [सं. वरः] १ पति, भरतार। (अ. मा., ह. नां. मा.)

उ०—१ मारू नूं आलइ सखी, एह हमारी बुज्झ। साल्ह कुंवर सुहिणइ मिल्यउ, सुंदरि सउ बर तुज्झ। —ढो. मा.

उ०—२ बेटी इतरी मोटी हुई नै इण रै बर री खबर ही नहीं। न जांणां मुवो किना कठी हो जोगी संन्यासी हुय गयो। —नैणसी

उ०—३ वच्छे! सासुरा तणी इसी स्थिति जांणवी, सुसरउ उवेखइ, जेठ नीचउं देखइ, बर पुण लडइ, देवर नडइ, जेठांणी कुसइ, देवरांणी हसइ, नणंद नरनरावइ सासु कांम करावइ। —व. स.

२ वधू-प्रार्थी।

३ स्वामी, मालिक।

उ०—वीर विच्चखण क्रीत तणी बर, ढाहण खाग फरिंदां ढूको। 'नाथ' तणी 'सुरतेस' नरमें नर, चित ठीक नहीं कुळ रीत न चूको। —ठाकर सूरतसिंह चहुवांण रो गीत

४ दामाद, जमाता।

५ देवी-देवताओं से अभीष्ट वस्तु पाने के लिये की जाने वाली प्रार्थना, याचना, विनय, उपासना।

६ उक्त प्रकार से प्राप्त होने वाली संतुष्टि।

७ देवी-देवताओं से प्राप्त होने वाला आशीर्वाद, वरदान, अनुग्रह, सिद्धि।

उ०—१ मारग मांहे पांणी नहीं। कटक मरण लागो। तद जनी नूं कहयौ-पांणी पैदा कर। सु जती नूं खेतपाळ रो बर हुंतो, रोही मांहे जाइ खेत्रपाळ जी री आराधना करी। —नैणसी

उ०—२ इक धारण तो जिम चित भावै। पूजें भेग जिको बर पावै। —सू प्र.

८ अभिलाषा, इच्छा कामना।

९ भेंट, पुरस्कार।

१० चुनाव य पसंद करने की क्रिया या भाव।

११ चयन, चुनाव।

१२ वरण करने, अपनाने, की क्रिया या भाव।

१३ दहेज।

१४ लंपट व्यक्ति।

१५ गोरैया पक्षी।

[सं. वरं.] १६ केसर। (डिं. को.)

१७ हल्दी।

१८ दाल चीनी।

१९ अदरक।

२० सुगंध तृण।

२१ मौलसिरी।

२२ सेंधा नमक।

२३ मधु मक्खी का छाता।

२४ गुग्गुल।

२५ श्रीकृष्ण।

२६ दो लघु के लगण के भेद का नाम। (डि. को.)

[देशज] २७ रहट के माल की एक लड़ी।

प्रत्य. [फा.] १ संज्ञा शब्दों के आगे लगने वाला एक प्रत्यय।

ज्यूं.—ताकतवर।

अव्य.—२ अगर, यदि, और।

रू भे.—बर, वरु।

बरउमिया—सं. पु. [सं. उमा-वर] महादेव, शिव।

बरकंठ—सं. पु. [सं.] सुग्रीव।

उ०—बरकंठ वामा धरी धांमा किता कांमा बद किया। भय मेट भारी धनुसधारी अरज सारी येह। —र. रू.

बरक—सं. पु. [फा. वरकः] १ सोने या चांदी को कूटकर बनाया हुआ बहुत पतला झिल्ली नुमा पत्तर जो मिठाइयों पर लगा कर खाया जाता है तथा औषधियों में काम आता है।

२ पत्र, पृष्ठ, पन्ना।

३ पत्ता, दल।

४ टिकट, प्रयोग-पत्र।

[सं. वरक.] ५ इच्छा, चाह, वर।

६ चुग्गा।

७ जंगल में उत्पन्न होने वाला मूग, बन-मूंग।

८ तोलिया, दस्तर (डस्टर), झाड़न।

९ कपड़ा, वस्त्र।

१० नाव के ऊपर की छाजन।

११ देखो 'बिरक' (रू. भे.)

रू. भे.—बरक, बरख, बरग, वरग।

बरकरार—देखो 'बरकरार' (रू. भे)

उ०—सांकर प्रथीराजोत। संमत १६७२ अरटियौ गांव २ सूं बरकरार। समत १६८४ पूनासर। —नैणसी

बरकिंगकमेटी—सं. स्त्री. [अं.] कार्य-कारिणी-समिति।

बरक्ख—देखो 'बरस' (रू. भे.)

उ०—श्रोथ तेरस ऊजळी, माह उजाळै पक्ख। 'ईंदावत' ईजत सटै, गो बासटै बरक्ख। —रा. रू.

बरक्रंतु, बरक्रत, बरक्रतु, बरक्रित—सं. पु. [सं. वरक्रतुः] इन्द्र।

(नां. मा., ह. नां. मा.)

बरख—देखो 'बरस' (रू. भे.)

बरखणो, बरखबो—देखो 'बरसणो, बरसबो' (रू. भे.)

उ०—१ बरस बि च्यारि न मेह **बरखि** । पड़े घर काळ लगौ लगि पखि । —रांमरासौ

उ०—२ बेऊं चतुर सुजांण, नेम-रंग-रस पिया । बरखा-रुति घण **बरख** जाणि कु हरखिया । —ढो मा

बरखणहार, हारौ (हारी), बरखणियौ—वि० ।

बरखियोड़ो, बरखियोड़ौ, बरख्योड़ौ.—भू० का० कृ० ।

बरखीजणो, बरखीजबो—भाव वा० ।

बरखम—स पु. [स वर्ष्मन्] १ शरीर, देह । (ग्र. मा.)

२ ऊंचाई, माप ।

बरखा-देखो 'बरसा' (रू. भे.)

उ०—१ माळवणी ढोलउ कहइ, हिव म्हां मील्ह करेह । ऊन्हाळउ **बरखा** बिन्है, रहिया नृह्म सनेह । —ढो. मा.

उ०—२ सुर सैंनीम साथ लै, सुरपत मांम्हौ ग्राय । पोहपन की **बरखा** करी, लीधौ ग्राह बधाय । —गजउद्धार

उ० ३ इणौ समइयौ बरा रह्यौ छै, **बरखा** मंडनै रही छै । बिजळी भिळमिळ करने रही छै, बादळां भड़ लायौ छै । —रा. सा स.

बरखामापक—स. पु. [स. वर्षा+राज. मापक] वर्षा मापने का एक यन्त्र, रेनगेज ।

बरखारत, बरखारित, बरखारिति, बरखारितु बरखाऋत **बरखारुति**—देखो 'बरसारितु' (रू. भे)

उ० -१ **बरखारितु** लागि बिरहणी जागी ग्राभा भरहरै बीजां ग्रावास करै । —रा. सा. स.

उ०—२ बेऊं चतुर सुजांण नेम-रग-रस पिया । **बरखारुति** घण बरख जांणि कु हरखिया । —ढो. मा.

बरखियोड़ो—देखो 'बरसियोडो' (रू. भे)

(स्त्री बरखियोड़ी)

बरख्यात—स. पु. सरोवर, तालाब । (ह. नां. मा.,)

रू. भे.—**बरख्यान**

बरग—सं. पु. [सं. वर्ग] १ श्रेणी, जमात ।

२ जति, समुदाय, समाज ।

३ एक ही समान धर्म वाली वस्तुओं या प्राणियों का समूह, झुंड, दल, टोली ।

उ०—१ इसे होज तत मे कंवरसो चढियौ सो जाय सांढां रा **बरग** सरब घेरिया । रैबारी बीस पचनीस हाथ ग्राया सो मारिया । —कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—२ ताहरां पाबूजी कह्यौ-बाई! हूं तोनूं दोदै सूमरै री सांढां रा **बरग** प्राण देईस । —नैणसी

उ०—३ सो इहां रै गाय भैंस सांढां रा **बरग** घणा । सो सांढां रै लारै रैबारी रहै । सो ग्रति ग्रटावरा रहै, ग्रपजोरा हालै । कही नूं खातर में न ग्राणै । सो जिके ही गांव जाय बरगां रौ पीहो करै, तिकै गांव च्यार पुहर रौ निसवारी पड़ै । —कुंवरसी सांखला री वारता

४ किसी उद्देश्य विशेष के लिये बना हुग्रा कुछ व्यक्तियों का दल, पक्ष ।

५ निश्चित ग्रक्षर समूह मे किसी एक वर्ण से उच्चरित प्राणी का नाम जिसकी मान्यता पशु, पक्षी के नाम मे की जाती है । (फलित ज्योतिष)

७ विभाग, भाग ।

८ न्याय शास्त्र के नो या सप्त पदार्थ विभाग ।

९ व्याकरण में एक स्थान से उच्चारित होने वाले स्पर्श व्यंजन, वर्णों का समूह ।

१० ग्रंथ विभाग, परिच्छेद, प्रकरण, ग्रध्याय ।

११ दो समान ग्रंको या राशियों का गुणनफल ।

१२ वह क्षेत्र जिसकी लंबाई चौडाई समान हो, समकोण ।

१३ शक्ति, ताकत ।

१४ शत्रु दल ।

१५ पत्र, पत्ता ।

१६ पाच की संख्या । * (डिं. को.)

वि.—पाच ।

रू. भे. – बग बग्ग, बरग, बाग, वग वग्ग, वरग्ग, वाग, ।

बरगड़ो, बरगडु—स. पु —१ सिंह । (सभा)

२ देखो 'बरगड़ो' (रू. भे.)

बरगफळ—सं. पु. [सं वर्गफल] किसी ग्रंक को उसी से गुणा करने पर ग्राने वाला गुणनफल ।

बरगमूळ—स. पु. [स. वर्गमूल] किसी वर्गांक का वह ग्रंक जिसे यदि उसी से गुणन करें तो गुणन का वही वर्गांक हो ।

ज्यू०—४×४=१६ । १६ का वर्ग मूल ४ है ।

वि. वि.—ये वास्तविक ग्रौर काल्पनिक दोनों प्रकार के होते हैं ।

बरगळणो, बरगळबो—क्रि. ग्र.—१ गुमराह, होना, भ्रम में पड़ना ।

२ उत्तेजित होना, भड़कना ।

बरगळणहार, हारौ (हारी), बरगळणियौ—वि० ।

बरगळियोड़ो, बरगळियोड़ौ, बरगळ्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

बरगळीजणो, बरगळीजबो—भाव वा० ।

बरगळणो, बरगळबो—रू० भे० ।

बरगळाणौ, बरगळाबौ–क्रि. स. [राज. 'वरगळणौ' क्रि. का प्रे. रू.]
१ गुमराह करना, भ्रम में डालना।
२ उत्तेजित करना, भड़काना।
बरगळाणहार, हारौ (हारी), बरगळाणियौ—वि०।
बरगळायोड़ौ - भू० का० कृ०।
बरगळाईजणौ, बरगळाईजबौ—कर्म वा०।
बरगळाणौ, बरगळाबौ—रू० भे०।

बरगळायोड़ौ–भू. का. कृ. १ गुमराह किया हुआ, भ्रम में डाला हुआ.
२ उत्तेजित किया हुआ, भड़काया हुआ।
(स्त्री. बरगळायोड़ी)

बरगळियोड़ौ–भू. का. कृ. –१ गुमराह हुवा हुआ, भ्रम में पड़ा हुआ.
२ उत्तेजित हुवा हुआ, भड़का हुआ।
(स्त्री. बरगळियोड़ी)

बरगिरजा–स. पु. [स. गिरिजा-वरः] महादेव, शिव।

बरगोत्तम–स. पु. [सं. वर्गोत्तम] राशियो के वे श्रेष्ठ अंश जिनमे स्थित ग्रह शुभ होते हैं। (फलित ज्योतिष)

बरग—देखो 'वरग' (रू. भे.)
उ०—वर्द असुर गढ न दू बरग्गां। कूंचो दे आपरा करग्गां।
—सू. प्र.

बरघू–सं. पु. देखो 'बरघू' (रू. भे.)
उ०—सबद उग्र करनाळ सवाई। सुर बरघू तुरही सहनाई।
– रा. रू.

बरड़णौ, बरड़बौ—देखो 'बरड़णौ, बरड़बौ' (रू. भे.)
उ०—अघपत "भीम" कुमंत्री आंटै, बरड़ै तीजी वेळा। 'माधव' जिसा खीजाया मार्फी, मडीया ऊथळमेळा। —नवलजी लाळस
बरड़णहार, हारौ (हारी), बरड़णियौ—वि०।
बरड़ियोड़ौ, वरिड़ियोड़ौ, बरड़्योड़ौ—भू० का० कृ०।
बरड़ीजणौ, बरड़ीजबौ –भाव वा०।

बरड़ियोड़ौ—देखो 'बरड़ियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. वरड़ियोड़ी)

बरड़ी–सं. स्त्री. [देशज] १ लाल रग की मिट्टी विशेष जिस पर पानी बड़ा स्वच्छ दिखाई देता है।
उ०—तिकौ तळाव किण भांत रौ छै। राती बरड़ी री। पांडरौ नीर। पवन री मारियौ फीण आछंटतौ थकौ झौला खाय रह्यौ छै।
—रा. सा. स.
२ देखो 'बरड़ी' (रू. भे.)
उ०—दोय तो म्हांनै छाळी दीज्यौ दोय दीज्यौ लरड़ी। काळी भूरी दोनूं दीज्यौ एक वणाला बरड़ी। —लो. गी.

बरच—देखो 'बरचस' (रू. भे.)

बरचणौ, बरचबौ—देखो विरचणौ, विरचबौ' (रू. भे.)
उ०—संवत चोब पंच्यासीइ ए, बरचोउ चरी रसालू ए, अचल बधांमण ए। —हीराणंद सूरि
बरचणहार, हारौ (हारी), बरचणियौ—वि०।
बरचियोड़ौ, बरचियोड़ौ, बरच्योड़ौ—भू० का० कृ०।
बरचीजणौ, बरचीजबौ—कर्म वा०।

बरचस–सं. पु. [सं. वर्चस्] १ प्रकाश, उजाला, तेज।
(ना. मा., ह. नां. मा.)
२ कान्ती, दीप्ति।
३ रूप, शक्ल।
४ शक्ति, पराक्रम।
५ विष्ठा।
६ वृक्ष, पेड़।
रू. भे.—बरचस, बरच।

बरचियोड़ौ—देखो 'विरचियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. बरचियोड़ी)

बरछणौ, बरछबौ–क्रि. स. [सं. व्रश्चम्] १ घाव करना, काटना।
उ०—भीम पिंड बरछियौ, वेघ मातौ घरा, खार खुद रांम रिण हाथ लागा खरा। पांण तज मेलिया मांण हुय पाधरा, मिळै दहवाट ग्या थाट मंडोवरा। —द. दा.
२ चीरना, फाड़ना।
३ काट कर अलग अलग करना।
४ देखो 'विरचणौ, विरचबौ' (रू भे.)
बरछणहार, हारौ (हारी), बरछणियौ - वि०।
बरछियोड़ौ, बरछियोड़ौ, बरछ्योड़ौ—भू० का० कृ०।
बरछीजणौ, बरछीजबौ—कर्म वा०।

बरछियोड़ौ–भू. का. कृ.—१ घाव किया हुआ, काटा हुआ। २ चीरा हुआ, फाड़ा हुआ। ३ अलग-अलग किया हुआ।
४ देखो 'विरचियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री बरछियोड़ी)

बरजण—देखो 'वरजन' (रू. भे.)
उ० - महिपत बूढै मेलियौ, बरजण फज असवार। कूक लोक जादा करै, हमें मैं खादौ हार। —पा. प्र.

बरजणीक—देखो 'बरजनीक' (रू. भे.)

बरजणौ, बरजबौ—देखो 'बरजणौ, बरजबौ' (रू. भे.)
उ०—१ खैर नांखै नुगल जोदपुर खजांनै, दुजल हव जकां नै बरज

दीजै। कीत रा मडप री नीव गाढी करण, किसन रा पोतरा मदत कीजै। —कविराजा बांकीदास

उ०—२ जोतिम मगुन बिहूं विध जोगी। पोह ज्यां बरजै लेख प्रमांणी। —सू. प्र.

उ०—३ दिन रयण मुख विधि बरजि, हिम दूध गरजि करण रुख गोहुए। —रा. रू.

उ०—४ एह विख्याता नीलज निमि दमयंनी नि सरजी। प्राकृत नारी नीपाईनि स्रिष्टि जेणि नवि बरजी। —नलाख्यांन

बरजणहार, हारौ (हारी), बरजणियौ—वि०।

बरजियोड़ौ, बरजियोड़ौ, बरज्योड़ौ—भू० का० कृ०।

बरजीजणौ, बरजीजबौ - कर्म वा०।

बरजत—वि. [सं. वर्ज्य] जो निषिद्ध हो, निषेध करने योग्य।

सं. पु.—पाप। (म. मा.)

बरजन—सं. स्त्री [स. वर्जनम्] १ निषेध करने की क्रिया या भाव।

२ मनाही, मुमानियत, निषेध, रोक।

३ व्यवधान, बाधा, अवरोध।

४ परित्याग, त्याग।

५ वैराग्य, विरक्ति।

रू. भे.—वरजण।

बरजनीक—देखो 'बरजनीक' (रू. भे.)

बरजाग, बरजागी—देखो 'बजराक' (रू. भे.)

उ०—१ खाग आग बरजाग, प्रिसण बाळै परजाळै। खत्रवाट कुळवाट, पाट परिया उजवाळै। —गु. रू. ब.

उ०—२ जोऐ जुध रीस चढी बरजागि। उठी घ्रत सींचिया जाणिक आगि। —सू. प्र.

बरजाणौ, बरजाबौ—देखो 'बरजाणौ, बरजाबौ' (रू भे.)

बरजाणहार, हारौ (हारी), बरजाणियौ—वि०।

बरजायोड़ौ—भू० का० कृ०।

बरजाईजणौ, बरजाईबौ - कर्म वा०।

बरजायोड़ौ—देखो 'बरजायोडौ' (रू. भे)

(स्त्री· बरजायोड़ी)

बरजियोड़ौ—देखो 'बरजियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बरजियोड़ी)

बरजिस—स स्त्री. [फा· वर्जिश] १ ऐसा कार्य जिसको करने मे शारीरिक श्रम अधिक लगता हो।

२ कसरत, व्यायाम।

३ अभ्यास, प्रयास।

बरजोर—देखो 'बरजोर' (रू. भे.)

उ०—'अजमाल' सुणिजै एह, कर जोड़ एम कहेह। इह्न साह की हुइ ओर, जंग किया हम बरजोर। —सू. प्र.

बरजोरा—स. स्त्री. [देश] राठौड़ वंश की एक उपशाखा।

बरजोरी—देखो 'बरजोरी' (रू. भे)

बरज्या—देखो 'वज्या' (रू. भे.)

बरट—स. पु. [स. वरटः] (स्त्री. वरटा) १ हस।

२ बरैंया।

३ विर्रा अनाज।

४ कुन्द का फल।

बरटापति—स. पु. [सं. वरटा+पति] हंस।

उ०—बरटापति सुंदर तां दीठू कनक यसू सरीर। एक चरण पाखमाहि (ली) घो, बीजु अवनी मांडी। —नळाख्यांन

बरडौ, बरढौ—देखो 'वढौ' (रू. भे.)

बरण—स. पु. [स. वरण, वरणः] १ इच्छा और रुचि के अनुसार किया जाने वाला चयन।

२ कन्या के योग्य वर के चुनाव की क्रिया।

उ०— सिणगारी मग्राह स, विस कांमणि वरियांम। वरि आई हाला वरण, करण, महा जुध काम। —हा. झा.

३ उक्त चुनाव के पश्चात कन्या द्वारा वर को वरमाला डालने की क्रिया, अंगीकार, विवाह, शादी।

उ०—नरग रथ थिकत घण वहै खागां अतर, अडर कर कर मरै वरण अवरी। पड़ै धड गजाणण कहै इम पचाणण, गजाणण कठै गिण सोभ गवरी। —पीथौ सांदू

४ आदर, सत्कार।

५ यज्ञ आदि के लिये उपयुक्त ब्राह्मण का चुनाव व उसका आदर-सत्कार।

६ उक्त ब्राह्मण को दिया जाने वाला दान।

७ पूजन, अर्चना, धर्मानुष्ठान।

८ याचना।

९ ढकने या लपेटने की क्रिया भाव।

१० आवरण, आच्छादन।

११ पर्दा, चादर।

१२ शहरपनाह की दीवार, प्राकार।

१३ घेरा।

१४ पुल, सेतु।

१५ आर्या गीति या स्कंधांण (स्कंधक) का भेद विसेश।

१६ गाने में स्वर विस्तार की क्रिया—इसके चार भेद स्थायी,

आरोही, अवरोही, व संचारी ।
१७ पंवार वंश की एक शाखा ।
[सं. अवरण-आगुरे अलोप] १८ ऊंट।
[स. वर्णिणी] १९ स्त्री, पत्नी ।
[सं. वर्ण]—२० रंगरूप ।

उ०—१ कंथड़ा झालि किरमाळ कैड़ी करां । सार झड़ वरण सो सोक सैलां सरां । —हा. झा.

उ०—२ भुज विसाळ लंकाळ, बरण झाळाहळ सुंदर । भरि माते भाद्रवे, जांणि ऊगो भासकर। —गु. रू. बं.

२१ अक्षर, स्वर ।

उ०—इक कहत गिरवर एह, दरसंत सब लघु देह । सब वरण वांण सरीर, इम कहत दुरत अधीर । —रा. रू.

२२ अकारादि शब्दों के चिन्ह या संकेत।
२३ प्रार्थना, स्तुति।
२४ गुण ।
२५ आर्य संस्कृति के अनुसार मनुष्य समाज के चार विभाग । ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ।
२६ भेद, किस्म ।
२७ यश, कीर्ति । (अ. मा.)
२८ देखो 'वरुण' (रू. भे.) (अ. मा.)

उ०—आंबेरी "जैसाह" सूरसागर आसम्मं, वरण दिसा वाग सूं, बणी बूंदी वड धम्मं । 'अभा' आदि उमराव, रांण वाळा मन रक्खे, वरण इद्र धनवंत, इसो "अगजीत" निरक्खे । —रा. रू.

२९ देखो 'व्रण' (रू. भे.)
३० देखो 'वरणन' (रू भे.)

उ०—कांन सुणण भागवत तणो कथ । वरणव करि अवरण वरण । —ह. नां. मा.

रू. भे.—बरण, बरन, बरन्न, ब्रण, ब्रन, ब्रन्न, वंन्न, वरन, वरन्न,

णअढार—देखो 'अढारव्रन्न'

णखंडमेरु—सं. पु. [सं. वर्ण-खंडमेरु] छन्द शास्त्र या पिंगल की वह क्रिया जिससे बिना मेरू बनाये वर्ण-वृत्त व मात्राएं ज्ञात की जा सकती है ।

णजथा—सं. स्त्री.—डिंगल गीत रचना का एक नियम विशेष जिसमें गीत के प्रत्येक द्वाले में नवीन वर्णन किया जाता है ।

णज्येस्ठ—सं. पु. [सं. ज्येष्ठवर्ण] सब वर्णों से बड़ा, ब्राह्मण वर्ण।

णण—देखो 'वरणन' (रू. भे.)

उ०—१ वर विचार मनहूं कहूं, बरणण सुद्ध वणाय । तगसीरी छिम जोतका, 'किसन' कहै कविराय । —र. ज. प्र.

उ०—२ व्हौ मिळण सीता परसपर हर, घणां उतसव उमड़ घर घर। वखत जिण आमोद बरणण, को करै कवराज । —र. रू.

बरणणो, बरणबो–क्रि. स. [सं. वर्णनम्] १ वर्णन करना, (उ. र.)

उ०—१ सबळ करण अगे कुरुपत उच्चरणं । कुळ राठौड़ वळे "मोडो" कव बरणं । —पा. प्र.

उ०—२ मांनव मनसा यूं कहै बरणै जरी जराय । रचना कह (न) विरंच की, उपमा कही न जाय । —गजउद्धार

२ उल्लेख करना।

उ०—सोई ग्रथा थी सुण्यौ, जोई बरणिय जांण। सोई जोई धर सुकवि, आदि अंत अहिनांण । —डिं. नां. मा.

३ रचना करना, लिखना।

उ०—गणपति मोहि सुमत्ति दै, सुभ अख्यर ततसार । मो मत सारू बरणवूं, हरि गुण ग्रंथ अपार । —गजउद्धार

४ व्याख्या करना।

उ०—नारकीइ बरणवउं हउं, जेहां नारकीना दुख संभारता स्मरता हूंना भव्वांण भव्य जीव हुइं हरि विस्णु हर ईस्वर तेह नी रिद्धि सम्रद्धि लक्ष्मीनउ विस्तार उद्धोस उद्धरसण रोमांच जणइ करइ । —षष्टीशतक प्रकरण

५ प्रशंसा करना, सराहना।
६ निवेदन करना ।
७ चित्रण करना।

बरणणहार, हारो (हारी), बरणणियो – वि० ।
बरणिओड़ो, बरणियोड़ो, बरण्योड़ो—भू० का० कृ० ।
बरणीजणो, बरणीजबो—कर्म वा० ।
बरणणो, बरणबो, वन्निजणो, वन्निजबो, वन्नीयणो, वन्नीयबो —रू. भे. ।

बरणत—देखो 'वरणन' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)

बरणदूत–स पु.—पत्र ।

उ०—इण रीति रो आदेस सुणि टीले दूत रै साथ सत्कार रो बरणदूत तो अगाऊ भेजियो । —वं. भा.

२ लिपि ।

रू. भे.—बरणदूत ।

बरणन–सं. पु. [सं. वर्णन] १ किसी विषय, व्यक्ति, घटना, दृश्य आदि का विस्तार पूर्वक कथन, वृत्तान्त, हाल, बयान ।

उ०—अलख पुरुस आदेस, देस बचाय दयानिधे, बरणन करू बिसेस, सुहृद नरेस 'प्रतापसी' । —दुरसो आढ़ो

२ रगने की क्रिया या भाव, चित्रांकन ।
३ व्याख्या, उल्लेख ।

४ निवेदन, स्तुति, प्रार्थना।
५ प्रशंसा, श्लाघा, सराहना।
६ बयान।
७ लेखन।
रू. भे.—बरणण, बरणन, वरणाव, बरण, वरणण, वरणत, वरणव, बरणाभ, वरणाव।

वरणनस्ट—स. पु. [स वर्ण-नष्ट] प्रस्तार के अनुसार वर्ण-वृत्तों के किसी रूप को लघु गुरु के विचार से जानने की, छन्दशास्त्र की एक क्रिया।

वरणना—सं. स्त्री. [सं. वर्णनम्] गुण कथन।

वरणनास—स. पु. [सं. वर्णनाश] व्याकरण मे, उच्चारण की कठिनता या किसी अन्य कारण से किसी शब्द के अक्षर या वर्ण के लुप्त हो जाने की अवस्था या स्थिति। (निरुक्तकार)

वरणपताका—सं. स्त्री. [सं. वर्णपताका] वर्ण वृत्तों के भेदों में से लघु-गुरु जानने की क्रिया। (पिंगल)

वरणपात—स. पु. [सं.] किसी वर्ण (अक्षर) का शब्द में से लुप्त होने की क्रिया, वर्णनाश।

वरणपाताळ—सं. पु. [स. वर्ण-पातालः] छन्दशास्त्र की एक क्रिया जिससे किसी संख्या के वर्ण के वृत्त और उन वृत्तों मे से लघ्वादि, लघ्वंत व गुर्वादि, गुर्वंत एव सर्व लघु ज्ञात किये जा सकते हैं।

वरणपास—सं. पु. [सं. वरुण-पाश वृत्तसभक्तो=पाशवरण] १ वरुण देव, वरुण। (अ. मा.)
२ समुद्र मे रहने वाला एक भयकर जलजतु जिसे अंग्रेजी मे शार्क कहते हैं।
३ वरुण का एक अस्त्र।
४ ऐसा पाश या फदा जिससे बचना बहुत कठिन हो।

वरणपुर—स पु [सं. वरुण-पुरः] १ वरुणलोक।
२ शुद्ध राग का एक भेद। (संगीत)

वरण प्रत्यय—स पु [स. वर्ण प्रत्यय] छन्दशास्त्र या पिंगल की वह प्रक्रिया जिससे वर्ण-वृत्तो के भेद, स्वरूप तथा संख्याएं जानी जाती है।

वरणप्रस्तार—सं. पु. [स. वर्ण प्रस्तारः] छंदशास्त्र की वह प्रक्रिया जिसके द्वारा यह जाना जाता है कि इतने वर्णों के वृत्तो के इतने भेद हो सकते है और उन भेदों के स्वरूप इस प्रकार होंगे।

वरणमरकटी—स. स्त्री. [स. वर्णमर्कटी] पिंगल या छन्दशास्त्र में एक क्रिया, जिसके द्वारा यह जाना जाता है कि कितने वर्णों के कितने वृत्त हो सकते है और उनमे कितने लघ्वादि, लघ्वंत तथा गुर्वादि गुर्वंत तथा सब वृत्तों को मिलाकर कितने वर्ण, कितने गुरु-लघु, कितनी कलाएं और कितने पिंड होंगे।

वरणमाता—स. स्त्री. [सं. वर्णमातृका] १ सरस्वती।
२ लेखनी।

वरणमाळा—सं. स्त्री. [सं. वर्णमाला] १ किसी भाषा या लिपि के वर्णों (अक्षरों) की श्रेणी या लिखित सूची।
२ तेसठ की संख्या * (डि. को.)
[सं. वरणमाला] ३ वह माला या पुष्पहार जो दुलहिन दुल्हे के गले मे पहनाती है।

वरणव देखो 'वरणन' (रू भे)

वरणविचार—सं. पु. [सं. वर्णविचार] आधुनिक व्याकरण का वह अंश जिसमें वर्णों के आकार, उच्चारण और संधि आदि के नियमों का उल्लेख हो।

वरणविपरजे, वरणविपरय्य—सं. पु. [सं. वर्णविपर्यय] निरुक्त के अनुसार किसी शब्द के वर्णों में उलट-फेर होने की स्थिति। (भाषा विज्ञान)
ज्यूं—पकड़णौ=कपड़णौ।

वरणव्यवस्था—सं. स्त्री. [सं. वर्णव्यवस्था] हिन्दुओं की समाज-व्यवस्था जिसके अनुसार समाज को चार भागों में विभाजित किया गया है। वे चारो भाग हैं—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र।

वरणव्रत—सं. पु [स. वर्णवृत्त.] वह पद्य जिसके चरणो में वर्णों की सख्या व लघु गुरु के क्रम में समानता हो।
वि. वि —मात्रावृत्त का उल्टा।

वरणसंकर—सं. पु. [स. वर्णसङ्कर] १ वह व्यक्ति, जाति या कुल जो विभिन्न जाति के स्त्री-पुरुष के संयोग से उत्पन्न हुवा हो। (दोगला)
२ रगों का मिश्रण।

वरणसमांम्नाय—स पु. [स. वर्ण-समम्नायः] वर्ण माला।

वरणसरिक—स पु [स. वर्ण+सरिक] एक आभूषण विशेष। (व. स.)

वरणसूची—स. स्त्री [सं वर्ग-सूची] छन्दशास्त्र या पिंगल की एक क्रिया जिसमे वर्ण वृत्तों की सख्या की शुद्धता, उनके भेदों में आद्यत लघु और आद्यत गुरु की संख्या जानी जाती है।

वरणस्रेस्ठ—सं. पु. [स. वर्ण-श्रेष्ठ] सब वर्णों में श्रेष्ठ, ब्राह्मण।

वरणांम—देखो 'वरणन' (मह., रू. भे)
उ०—घर रूप भुजां असमांन धरे। कव 'पाल' तणो वरणांम करे।
—पा. प्र.

वरणा—स. स्त्री. [स. वरुणा] १ काशी के उत्तर में बहने वाली एक छोटी नदी।

२ पंजाब की एक नदी, वरुणा नदी।
३ एक आर्य जन पद।
उ०—विदेह संडिल्ल मलय वत्स मत्स [बरणा] दसारण्ण चेदी सिंधु सूरसेन अंग [वट्टा] कुणाल लाट, केकयमंडल।
—व. स.

बरणागियो—सं. पु. [सं. वर्ण] रूप-रंग, वर्ण।
उ०—तास बरणागिये दीठि मनह तणौ। मलफियौ सांमहौ, कळह बेढ़ीमणौ। —द्वा. भा.

बरणाधिप—सं. पु. [सं. वर्णाधिप] ब्रह्मादि वर्णों के अधिपति ग्रह। (फलित ज्योतिष)

बरणायव—सं. पु.—१ सूर्य. २ इन्द्र. ३ वरुण. ४ जल।

बरणाव—देखो 'वरणाव' (रू. भे.)
उ०—भमरी अळवामणी डाण भरै। कवराव किमो बरणाव करै।
पा. प्र.

बरणासम—सं पु. [सं. वर्णाश्रम] १ आर्य संस्कृति के अनुसार समाज की एक व्यवस्था जिसमें मनुष्य समाज को-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र इन चार वर्णों में विभक्त किया गया है और मनुष्य जीवन के चार आश्रम-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व सन्यास निर्धारित किये गये हैं।
उ०—भ्रंम हरी मुख भ्रंम विचारण, सो वरणासम कारिज सारण।
—जयपुर री गीत
२ उक्त व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारित नियम या धर्म।
उ०—वरणासम ध्रम मरजाद बेद। भाखा खट नवरस अरथ भेद।
—वि. स.
रू. भे.—वरणासम, ।

बरणि—देखो 'वरणी' (रू. भे.)
उ०—चंद वयणि, चंपक-बरणि, अहर अलत्ता-रंगि। खंजर-नयणी, खीण-कटि, चंदन-परिमळ चंग। —ढो मा.

बरणियोड़ो—भू. का. कृ.—१ वर्णन किया हुआ, निरूपण किया हुआ. २ बयान किया हुआ, उल्लेख किया हुआ. ३ रचना किया हुआ, लिखा हुआ. ४ व्याख्या किया हुआ. ५ प्रशंसा किया हुआ, सराहना किया हुआ. ६ निवेदन किया हुआ. ७ चित्रण किया हुआ।
(स्त्री. वरणियोड़ी)

बरणियौ—सं. पु.—डाभ का बना मोटा रस्सा। (पानी भरने के काम आता है।

बरणी—वि. [सं. वर्णिन्] १ वर्ण का, वर्ण सम्बन्धित।
२ किसी वर्ण से सम्बन्धित।
३ किसी रंग से सम्बन्धित, रंग वाला।
४ रंग रूप से सम्पन्न।
सं. स्त्री.—१ किसी साधनीय कार्य के अनुष्ठान के लिये नियोजित कर बैठाई जाने वाली ब्राह्मणों की मंडली।
उ०—कुंवरसी असवार हुवौ, जिण दिन सूं भरमल एक टंक मध्यांन ढळियां रोटी जवां री खावी, जमी सूती, तीन वखत री सिनांन, आपरै इस्ट री भजन करती रहती। काजळ, तेल, तंबूळ, कूंकू सारौ त्यागियौ। दूध, दही, घिरत मीठौ सारौ छोडियौ। ब्राह्मण पचास बरणी पर बैसांणिया।
—कुंवरसी सांखला री वारता
२ साधनीय कार्य के अनुष्ठान की विधि।
[सं. वर्णिनी] ३ स्त्री, अर्धांगिनी, पत्नी।
४ नियोजन की क्रिया।
५ हल्दी।
रू. भे—बरणी, वरणि, वरन्नी।

बरणोद्दिस्ट—सं. पु. [सं. वर्णोद्दिष्ट] छन्दशास्त्र की एक क्रिया जिससे वर्ण वृत्त के रूप एवं भेद की जानकारी की जाती है।

बरणौ—वि. [सं. वर्णिन्] (स्त्री. बरणी) १ वर्ण का, वर्ण सम्बन्धी।
२ किसी वर्ण या जाति से सम्बन्धित।
उ०—कि जोग जाग जप तप तीरथ कि, व्रत कि दांनासम बरणा। मुख कहि क्रसन रुखमिणि मंगळ, कांइ रे मन कलपसि कृपणा।
—वेलि
३ किसी रंग से सम्बन्धित रंग का।
उ०—१ बांवळिया रै सोनल बरणा पीळा फूलां सूं गवाड़ी री छिब सवाई बधगी ही। —फुलवाड़ी
उ०—२ कैतां-कैतां हरी रौ मूडौ तातै बरणौ हुयग्यौ अर होट फड़कण लागग्या। —वरसगांठ
४ रूप-रंग से सम्पन्न।
सं. पु.—वृक्ष विशेष जिसके पत्ते बिल्व पत्र से मिलते झुलते होते हैं।
रू. भे.—बरणौ, वरनौ, वरन्नौ।

बरणौ, बरबौ—क्रि स. [सं. वरणम्] विवाह के लिये चुन कर वरण करना, अंगीकार करना, शादी करना।
उ०—१ 'अभपाल' आप छळि करि अचड़, वप विहंडाय रंभा वरूं। जंग करण महा भारथ ज्युंही, 'करण' नांम साचो करूं।
—सू. प्र.
उ०—२ परण धी पतसाह री, रजवट लागै रोग। वर अपछर वीरम कहै, जांणौ सुर पुर जोग। —बां. दा.
उ०—३ कोई झगड़ा में सूर वीर मारीजिया तिकां नै अपछराआं

बरिया सो स्वरग बधावा हुवां लारै री नारै सतियां पिण सत कर नै गई सौ ग्रपछराग्रा रा बधावणा देव मतियां कहै।
—वी. स. टी.

२ चुनाव करना, पसंद करना।
३ स्वीकार करना, मानना।
४ निगलना, खाना। (उ. र.)
५ वरदान देना, ग्राशीर्वाद देना।
६ मागना, याचना करना।
बरणहार, हारौ (हारी), बरणियौ—वि०।
बरिग्रोड़ौ, बरियोड़ौ, बरयोड़ौ—भू० का० कृ०।
बरीजणौ, बरीजबौ—कर्म वा०।
बरणौ, बरबौ—रू० भे०।

बर'णौ, बर'बौ—देखो 'वरसणौ, वरसबौ' (रू. भे.)

उ०-१ भली भाति मू ग्रंत्य बत्या भरै। बिनै इंद्र सामद्र 'जेहौ' बरै'।
—ल. पि.

उ०—२ ग्ररि मुख पारथ बांग बरसिया गहि धमारां। ज्यूं कमळां पर मेघ बरै' थ्रु ग्रणगिणा धारां।
—मेघ

बरत—स. स्त्री. [सं वरत्रा] १ चमड़े का मोटा रस्सा जो हाथी को बांधने,कूए मे मोट खींचने तथा नट के नटक्रीड़ा में काम ग्राता है।

उ०—१ रै चित ग्रन द्रढ एम रख, मूरत स्याम मफार। मेल्ह सुरत नट वांस में, प्रगट **बरत** है पार।
— र ज. प्र

उ०—२ एक बैर जावै छै। सु साठीको कोहर, निर्यै री **बरत** छै सु **बरत** सांवटिनै काख मांहे घाली छै।
—नैणसी

२ देखो 'व्रत' (रू. भे.)

उ०—१ कीजै **बरत** भजन गिणि कीजे। भगत-बछ्ळ रीझै व्रज-भूप।
—ह. ना. मा.

उ०—२ ग्राज मिरति मंगळी, ग्राज पति **बरत** संभाळै। ऊजळौ जग ग्रस, ग्राज गुज बस उजाळै।
—रा. रू.

उ०—३ केहरि तरण पण लडरण ग्रकूणौ। लीधां **बरत** 'जोगपती' 'नूणौ'।
—रा. रू.

उ०—४ तठा उपरांति देव जागिया छै। काती मास रा **बरत** महोछव कीजे छै। घरि घरि दीपमाळिका रा वणाव हुइ नै रहिया छै।
—रा. सा. स.

३ देखो 'विरत' (रू. भे.)

रू. भे.—बरत, भरत, वरतर, वरता, वरत्त।
मह.—बरत्रौ।

बरतण—२ देखो 'बरतरण' (रू. भे.)

२ देखो 'बरतन' (रू. भे.)

उ०—सोर ग्राग सपरस्स, किना वडवाग ग्रकारी। माग हूंत सांमद्र, ध्याग **बरतण** उर धारी।
—रा. रू.

बरतणि, बरतणी—देखो 'बरतणी' (रू. भे.)

उ०—जोधपुर सुपह री चाड मांडै जुड़ण, ग्रापरा लियां परिग्रह उजासै। 'पाल' री खूंद **बरतणि** जूदी पांमतौ, पूजियौ विघन वी वार पासै।
—केसोदास गाडण

बरतणौ—देखो 'बरतणौ' (रू. भे.)

उ०—पाव दोरा रे नेवरणी पांच मसीजरणा, वास कूंपी रे कांबी वारू **बरतणा**।
—स. कु.

बरतणौ, बरतबौ – देखो 'बरतणौ, बरतणौ' (रू. भे.)

उ० – १ सुर तजो चित **बरतौ** ग्रसोक। लंकेस हणूं सुख करां लोक।
—सू. प्र.

उ०—२ तथा खीभाभोजी ग्रापरो वडो मुलायजो **वरतै** है सु हमार फळोधी रा गांव ८४ खालसै किया है।
—द. दा.

उ०—३ देवावत 'लिछमरण' जग दाता, हेळा करण खिताब हुवौ। भिड़जां भडां चारणां भाटां, मुंहगां **बरतणहार** मुवौ।
— बां दा·

उ०—४ मुथरा मांहि **बरतिया** मंगळ। घरण कितूहळ घरोघरि।
— ह. नां. मा.

उ०—५ रूक हू भरत रत्त, करतौ कोप धूहड, बेहडा घड़ा करतौ, **बरतौ** दुवाह।
— दूदौ वीठू सुरतांणोत

उ०—६ सवत सोल चिहुत्तरइ, पोस सुदि तेरस **बरतई**। साग करइ सहि लोक, पूज पहुंता परलोक।
—कविवर खीसार

उ०—७ ससार चक्र तराउ इरा परि ढालु, चडतउ पडतउ **बरतई** कालु। कल्प द्रुम मनवछित होइ जगलाधरम तिहां वरतइ मोइ।
—वस्तिग

उ० – ८ जासी हाट बात रह जासी जग, ग्रकबर,ठग जासी एकार। रे राखियौ खत्री ध्रम रांणै, सारौ ले **बरतौ** संसार।
—प्रथ्वीराज राठौड़

उ० - ९ घर घर मंगळचार, मोहन चढियौ मंडोवर। नाद वेद **बरतिया**, सुकवि बोलै सुभ ग्रक्खर।
-- गु. रू. बं.

बरतणहार, हारौ (हारी), बरतणियौ—वि०।
बरतिग्रोड़ौ, बरतियोड़ौ, बरत्योड़ौ—भू० का० कृ०।
बरतीजणौ, बरतीजबौ—कर्म वा०।

बरतन—१ देखो 'वेतन' (रू. भे.)

उ०—जगदेवजी कह्यौ, सेर बाजरी नै हीज ग्रायौ छूं। तरै राजा कह्यौ, पटो लेस्यो कै कोरी **बरतन** (वेतन) लेस्यौ। जगदेवजी कह्यौ, कोरी **बरतन** लेस्यूं।
—जगदेव पंवार री बात

२ देखो 'बरतन' (रू. भे)

बरतनी—देखो 'बरतणी' (रू. भे.)

बरतमांण, बरतमांन–वि. [सं. वर्तमान] १ विद्यमान, मौजूद।

उ०—ज्यूं लारलड़ा वह गया बरतमांण वह ज्याय। काळ-कळत में कळ रह्या, ठीक न 'विसना' ठाय। —विसनौ

२ जीव धारी, जिन्दा।

३ जो अपने अस्तित्व व सत्ता में हो।

४ घूमने-फिरने वाला।

५ सहयोगी।

६ जो प्रभाव में हो, लागू हो (नियम, विधान)

सं. पु–[सं. वर्तमानः] १ व्याकरण में क्रिया के तीन कालों में से एक जो किसी क्रिया का चालू होना सूचित करता है।

२ वर्तमान काल, मौजूदा समय।

उ०—त्रकाळग्यानदरसी निज भ्रमकूं पहिचांणे। भूत भवस्त बरतमान जुगति सौं जणे। —सू. प्र.

३ समय, वक्त, वेला,। (ह. नां. मा.)

रू. भे.—बरतमांन।

बरतमा—देखो 'वरत्म' (रू. भे.) (ह. ना. मा.)

बरतर, बरता—देखो 'वरत' (रू. भे.) (उ. र.)

बरताड़णौ, बरताड़बौ—देखो 'बरताणौ, बरताबौ (रू. भे.)

उ०—वसती सु दळि वरताड़, ग्रनि गाम धाम उजाड़। पहु रोस जोस अपार, लेखवै मेछ लिगार। —रा. रू.

बरताड़णहार, हारौ (हारी), बरताड़णियौ—वि०।

बताड़िग्रोड़ौ, बरताड़ियोड़ौ, बरताड़्योड़ौ—भू० का० कृ०।

बरताड़ीजणौ, बरताड़ीजबौ—कर्म वा०।

बरताड़ियोड़ौ—देखो 'बरतायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बरताड़ियोड़ी)

बरताणौ, बरताबौ– देखो 'बरताणौ, बरताबौ' (रू. भे.)

उ०—नै किसनदासजी गढ में आया। राव कल्यांणसिंघ जी री आंण वरतायी। —द. दा.

बरताणहार, हरौ (हारी), बरताणियौ—वि०।

बरतायोड़ौ—भू० का० कृ०।

बरताईजणौ, बरताईजबौ—कर्म वा०।

बरतायोड़ौ—देखो 'बरतायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बरतायोड़ी)

बरतार –देखो 'बरतारौ' (मह, रू. भे.)

२ देखो 'भरतार' (रू. भे.)

बरतारी–देखो 'वृतारि' (रू. भे.)

बरतारौ–सं. पु [सं. वृत्तचार] १ प्रयोग, ईस्तेमाल करने की क्रिया।

उ०—पछै संवत १८४१ रै वरस नागोरी लूंकां रा गछ रा स्रीपूज हरखचंद जिन मत रा टीपणा रौ वरतारौ कियौ। —बां. दा. ख्यात

२ समय, वक्त।

उ०—मृग जळ नीर सींग ससियेका, ज्यूं बंझया का बारा। दुख सुख जरा मरण सुपना में, यूं सतोगुण वरतारा। —सुखरांमजी महाराज

३ किसी देवि-देवताओं या देव-योनि में गई हुई मृतात्मा का किसी मनुष्य शरीर में प्रवेश की अनुभूति एवं तदनुसार होने वाली चेष्टाएं।

४ वह पद्य जिसमें कविता या छंदों के रचना संबंधी नियमों का निरूपण हो।

५ आधार, सहारा, आश्रय।

रू. भे.—बरतारौ।

मह.—वरतार

बरताव—देखो 'बरताव' (रू. भे.)

उ०—ऐड़ो बरताव करती जाणै किणी पाड़ोसण रौ टाबर व्हे। —फुलवाड़ी

बरतावणौ, बरतावबौ—देखो 'बरताणौ, बरताबौ'

उ०—१ हिंदुस्थांन का छत्र जगत छाया बरतावण। हिंदुस्थांन में सूरज कवि कमळ-विकसावण। —रा. रू.

उ०—२ स्रीपुर नगर सोहांमणु, तिहां वरतावौ अमार। —स. कु.

बरतावणहार, हारौ (हारी), बरतावणियौ—वि०।

बरताविग्रोड़ौ, बरतावियोड़ौ, बरताव्योड़ौ—भू० का० कृ०।

बरतावीजणौ, बरतावीजबौ—कर्म वा०।

बरतावियोड़ौ—देखो 'बरतायोड़ौ' (रू. भे)

(स्त्री. वरतावियोड़ी)

बरतियोडौ—देखो 'बरतियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री. वरतियोड़ी)

बरतियौ, बरतीयौ—देखो 'भरतियौ' (रू. भे.)

उ०—१ तरै बरतिया कना मेह बंधावण रौ तलास कियौ। तरै वरतिये कह्यौ—एक हिरण मंगावौ। तरै हिरण, आंणजै कागळ? में जंत्र लिखनै वरतिये कोरनै हिरण रै सींग मांहै घात नै कोस र भाखर थौ तठै हिरण रै सहनांण कर छोड दियौ। —नैणसी

उ०—२ हिवै इया रै देस मांहै धांन घणा। वहवारीयां रै लाखै ग्यांन हुवौ। केलैकोट, बगै, काछ, पावर रा महाजन एकठा हुया। होई नै एक वरतीयै नुं कह्यो, जु "धांन म्हांहरै घणौ। ज्युं करौ

ज्यूं थांन रा पईसा हुवै ।" ताहरां महाजन मेह बधायौ ।
—लाखं फूलांणी री बात

बरतुळ, बरतुल—वि. [सं. वर्तुल] चक्करदार, गोल ।
सं. पु. १ चक्कर, गोला ।
२ चक्र ।
३ वातचक्र ।
रू. भे.—बरतुळ, बरत्तुल ।
अल्पा.,—बरतुळो, बरतुलौ ।
बरतेसरी—देखो 'व्रतेसरी' (रू. भे.)
बरतौ—देखो 'बरतणौ' (रू भे.)
बरत्त—१ देखो 'वरत' (रू. भे.)
२ देखो 'व्रत' (रू. भे.)

बरत्तणौ, बरत्तबौ—देखो 'बरतणौ, बरतबौ' (रू. भे.)
उ०—१ मांण प्रताप पड़ै भूपत्ती । विच गढ कमधां आंण वरत्ती ।
—सू. प्र.
उ०—२ धोपट्टै लीध धरत्ती । जिहंगीरे आंण वरत्ती ।
—गु. रू. बं.
बरत्तणहार, हारौ (हारी), **बरत्तणियौ**—वि० ।
बरत्तियोड़ौ, बरत्तियोड़ौ, बरत्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
बरत्तीजणौ, बरत्तीजबौ—भाव, कर्म वा० ।
बरत्तमांन—देखो 'वरतमांन' (रू. भे.)
बरत्तिकाबिंदु—स. पु. [स. वर्तिकाविंदु] हीरे का एक दोष ।
बरत्तियोड़ौ—देखो 'बरतियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. बरत्तियोड़ी)
बरत्तुल, बरत्तुल—देखो 'वरतुळ' (रू. भे.)
उ०—हृदं मूल वरत्तुल इक होइ । दुहु कूखे लांबा द्यौ दोइ ।
—घ. व. ग्रं.
बरत्तुळौ, बरत्तुलौ—देखो 'वरतुळ' (अल्प., रू. भे.)
उ०—दूजो लंबो ग्रीव परि, जहां धरिजै जोत । दो लवणं द्यौ वरत्तुला, च्यारै इहि विधि होत । —घ. वं. ग्र.
बरत्म—सं. पु. [सं. वर्त्मन्] १ मार्ग, पथ, रास्ता, राह ।
२ सड़क ।
३ पगडंडी ।
४ पद ।
५ स्थान ।
६ लीक ।
७ पद्धति, रस्म, चलन, परम्परा ।
८ किनारा, तट ।

रू. भे.—वरतमा ।
बरत्तारि—देखो 'व्रतारि' (रू. भे.)
बरत्नी—सं.स्त्री. [सं. वर्तनिः] मार्ग, रास्ता, सड़क, राह । (ह. नां. मा.)
बरद—वि. [सं.] १ वरदान देने वाला, अभीष्ट की पूर्ति करने वाला, वर-दाता ।
२ शुभ ।
सं. पु.[सं. वरदः] १ देवता (अ. मा.)
२ देखो 'विरुद' (रू. भे.) (अ. मा.)
रू. भे.—बरद ।
बरदउदात—सं. स्त्री. [सं. उदात वरद, वरद+उदात] सरस्वती, शारदा । (अ. मा.)
बरदपत, बरदपति,—देखो 'विरुदपति' (रू. भे.)
उ०—हाथी बहु हेला दिये कर बाहर करतार । वेगा आवौ बरदपत मेरी भीर मुरार । —गजउद्धार
बरदळ, बरदल, बरदळि, बरदलि—[सं. पु.] १ दूल्हा, वर ।
उ०—१ बंधव अनुज 'गजै' री बेटी, लाज सील गुण प्रीत लपेटी । बरदळ लख घर मेळ सवायो, प्रकट तिकण रौ लगन पठायो ।
—रा. रू.
उ०—२ सरीखा छेड़ धरा खुरसांण, मरीखौ राउ अनै सुरतांण । बरदळ बेठौ वडे वीवाह, मिळी घण तुरग महा-रिण मांह ।
—रा. ज. सी.
उ०—३ दळपति कोइ न दूजौ बरदळि । निरदळिया मात लोक नर । करि ऊछजि विसकन्या कहियौ । रात्र तणौ घरि लहीस वर ।
—दूदौ
२ वर-पक्ष ।
उ०—ढोलउ-मारु परणिया, बरदळ हुवउ उछाह । आ पूगळ री पदमिणी, अउ नरवर चउ नाह । —ढो. मा.
३ बारात ।
बरदांणी—देखो 'वरदायिणी' (रू. भे.)
उ०—हंस गमण ब्रहमांणी हसा रूप हस आरूढ़ । देवगुरु बरदांणी निधि वाणी तुम्यौ नम । —देवि
बरदांन—स. पु. [स वरदान] १ किसी देवी, देवता या बड़ों द्वारा अभीष्ट की पूर्ति के लिये दी जाने वाली सिद्धी । शुभ कार्य की कामना की पूर्ति के लिये दिया जाने वाला आशीर्वाद ।
उ०—देवी माई हिंगोळ पच्छम माता, देवी देव देवाधि बरदांन दाता । —देवि
२ वह वस्तु, अवस्था या स्थिति जो मगल दायिनी हो, अनुग्रह रूप हो
रू. भे.—बरदान ।
बरदांनी—वि॰ [सं. वरदान+रा. प्र. ई.] १ वर देने वाला, मनोरथ सिद्ध करने वाला ।

२ जिसको वरदान प्राप्त हो, सिद्धिधारी।

वरदा–सं. स्त्री. [सं.] १ कुंवारी कन्या, लड़की।

२ ग्रसगंध।

३ ग्रड़हुल।

४ एक नदी का नाम।

५ सरस्वती, शारदा।

रू. भे.—बरदा।

वरदाइ—देखो 'वरदाई' (रू. भे.)

उ०—वरदाइ पढत गुण कवि वखाणि। मगळीक वयण मोसर प्रमांणि। —सू. प्र.

वरदाइक—देखो 'वरदायक' (रू. भे.)

उ०—वरदाइक 'जाखो' वंसि बधारण वांन। मनमोट महिपती। मेर जिसो ग्रनमांन। —ल. पि.

वरदाई–वि [स. वरदातृ] १ वर देने वाला, वरदाता।

उ०–नव दुरगा नवै मेट वरदाई, करगि मगळीक रच्चए। वंदिग जैकार बिंद कोळाहळ, विप्रां वेदउ वच्चए। —गु. रू. ब

२ श्रेष्ठ, उत्तम।

उ०—सुदि ग्रगसर सतमी वार मगळ वरदाई। ग्रभ परम "ग्रभमाह" विमळ ग्रहि वंस वडाई। —रा रू.

३ यशस्वी।

उ०—१ 'मूजा' पाट सकाज, 'वाघ' कमधज वरदाई। कर दन खग बह कवर, पिता पहिला ग्रत पाई। —सू. प्र.

उ०—२ वीर पाबू समराथ, वीर साचो वरदाई। वीर खाग सिर वहा, वीर चारणियां भाई। —पा. प्र.

४ वीर।

उ०—'सूरा 'ग्रह्रबाळ' गुजड हथ 'सांडा,' 'जैता' 'जगमल' जैत्राई। 'काधिळ' कळिमूळ सदा कळि चालण, 'नैरा' वेढक वरदाई। —गु. रू. बं.

उ०—२ वरदाई भुजे बडाई तमांण सवाई। मिधि पाई जुध जैत्राई सकति सहाई। —ल. पि

५ वरदान या सिद्धि प्राप्त।

उ० -१ 'सांवत' 'माहव' तणो सवाई। 'वीटल' रो 'सकतो' वरवाई। —रा. रू.

उ०—२ पाबू पाट रै रूप राठवड़ां, मेवै तुभ सधीरा। वेगड़ै पाल्ह लीया वरवाई, सिघ तणा माढी रा।

—पाबू राठौड़ धांधळोत रो गीत

६ वरदान से उत्पन्न होने वाला।

उ०—पांण का कपिराज सूरज का बंस। देवी का वरदाई दईव का ग्रस। दिल का दलेळ लहरू का दरियाव। —सू. प्र.

८ ग्रनुकूल, लाभप्रद।

रू. भे—बरदाई, वरदाइ, वरदायी, बिरदाई।

वरदाचतुरथी, वरदाचौथ–स. स्त्री. [स. वरदाचतुर्थी] माघ मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी।

वरदात–वि. [स. वरदातृ] वर देने वाला, वरदाता।

सं. स्त्री [सं वरदात्री] १ सरस्वती। (ग्र. मा.)

२ पार्वती गिरिजा (ग्र. मा.)

३ देखो 'वरदाता' (रू. भे.)

वरदाता–वि [सं. वरदातृ] १ वर देने वाला, वरदायक।

उ०—दीनानाथ ग्रभै वरदाता, त्राता सेवग तारणा।

—र. ज. प्र.

सं. पु.—ब्रह्मा।

रू. भे.—बरदाता।

वरदाय, वरदायक–वि.—१ वर देने वाला, वरदाता।

उ०—जानुकी वर मरम जाणण, तेग ग्ररेसां तायक। 'किसन' भज जन मान रक्खे, दान ग्रभै वरदायक। —र. ज. प्र.

२ सिद्धि देने वाला।

३ यशस्वी, कीर्तिवान, विरुदधारी।

उ०–वधै राज सुख विहद, वधै हित संपत वधायक। ग्रवर वधै दिन इतो, वधै पल पल वरदायक। —सू. प्र.

४ श्रेष्ठ।

उ०—'सुरतो' 'गांगावतां' 'नरां 'पदमो'। नर नायक। ग्रणभंग 'चूंडावता' 'विजो' कमधां वरदायक। —सू. प्र.

५ वीर।

उ०—उदर सुमित्र लछण जीपण ग्ररि, धरै सेस ग्रवतार धुरंधर। बियो सत्रघण सुजस सवायक, दीरघबाह वडो वरदायक।

—र. रू.

६ सिद्धि प्राप्त।

७ वर प्राप्त, वरदान धारी।

उ०–ग्रामो-सामही भटका हुवे उतरिग्रा। ग्राप रखी रा वरदायक हुता। सो मछ री दया वासतै घणा सेहर रा लोक मछ ऊपरा तरवारिग्रा वाहिया। —कल्यांणसिंह नगराजोत वाढेल री बात

उ०—२ वरदायक सकति रो, कत कीत रो कहावै। उरड़ जोम ग्रंगरो, ग्रवर पह मीढ़ न ग्रावै। —सू. प्र.

८ फलदायक, सफलता देने वाला।

उ०—१ वरदाय 'लखण' रण सूर वीर। धारण प्रवीण ग्रण धार धीर। —रा. रू.

उ०—२ हसा मह चारण क्रोध प्रसाधि। विढं बरदायक वीर-विराध। —सू. प्र.

रू. भे.—बरदायक, विरदाक, वरदाइक, विरदायक

६ देखो 'विरुदायक' (रू. भे.)

बरदायण, बरदायणि, बरदायणी, बरदायिणी,—सं. स्त्री. [स्त्री. वर+दायिनी] सरस्वती। (डि. को.)

उ०—ऐवास विराजै ऊजळा, विध ऊजळ हंस-वाहणी। ऊजळ प्रढोल गाऊ 'प्रभो', दीजै वर बरदायणी। —बखतो खिड़ियो

वि.—१ सिद्धि व सफलता देने वाली।

उ०—पांण बुध 'प्रनावत' तणो जस पायणी, प्रेम बण बायणी तेज प्रांनेक। मीर मक डायणी प्रबखासां मही, प्रसी बरदायणी कटारी एक। —करनीदांनजी कवियो

२ वर देने वाली।

रू. भे.—बरदायण, बरदाणि, बरदाणी।

बरदायी—देखो 'वरदाई' (रू. भे.)

उ०—नांनण छावहडो बरदायी हुवो। पोकरण प्राय वसियो। —बां. दा. ख्यात

बरदाळ—देखो 'विरुदाळी' (मह., रू. भे.)

उ०—कप जेह छळ कूदियो, फर वडाळी फाळ। एक कटारी प्रगरंग, बकट, 'कलो' बरदाळ।

—कल्यांणसिंह नगराजोत वाढेल री बात

बरदाळो—देखो 'विरुदाळो' (रू. भे.)

उ०—जं खळ जठी तठी जुध जीपण, हठी भीम कारज हड़मंत। बणीयो यळ राखण बरदाळा, डाढाळा केसव चो दंत

—किसनो प्राढो

बरदी—सं. स्त्री. [प्र. वर्दी] किसी विभाग, संस्था या वर्ग के कर्मचारियों के लिये निर्धारित पोशाक विशेष, यूनिफॉर्म।

रू. भे.—बड़दी, वड़दी।

बरदेत, बरदैत—देखो 'वरदायक'

उ०—१ कथ 'पाल' तें साची कही, बरदेत झूठ न बात। प्राया समै रा मारिया, एकरैसूं कव उतपात। —पा. प्र.

उ०—१ वडा खळ खाग हणै बरदैत। जुड़ै इम 'भांण' समोभ्रम 'जैत'। —सू. प्र.

बरद्धक—वि. [सं. वर्द्धक] १ वृद्धि करने वाला, बढ़ाने वाला। [सं वर्धक.] २ काटने वाला।

३ विभाजन करने वाला।

रू. भे.—बरधक, बरधकि।

बरद्धन—सं पु. [सं. वर्द्धन] १ वृद्धि, बढ़ोतरी।

२ उन्नति।

३ वृद्धि या बढ़ोतरी होने की प्रवस्था।

४ काटने या विभाजन करने की क्रिया या भाव।

रू. भे.—बरधन।

बरद्धमांन—वि. [सं. वर्द्धमान] १ जो बढ़ रहा हो, वृद्धिशील हो, बढ़ने योग्य।

२ बढ़ने की प्रवृत्ति वाला।

३ उन्नति के लिये उन्मुख।

सं. पु.—१ जैनियों के चौबीसवें तीर्थंकर, महावीर स्वामी।

२ एक वर्ण वृत्त जिसके पहले चरण में १४, दूसरे में १३, तीसरे मे १८ व चौथे चरण में १५ वर्ण होते हैं।

३ वार व नक्षत्र सम्बन्धी २८ योगों में से २८ वां योग। (फलित ज्योतिष)

४ देखो 'वरद्धमानतप'

रू. भे.—बधमांन।

बरद्धमांनतप—सं. पु. एक प्रकार का व्रत विशेष

उ०—स्थांन पंचमी, मुकुट सहामी, माणिक्य प्रस्तारिका, निक्रमण-तप, बरद्धमांनतप, इंद्रियजय, कसायजय। —व. स.

बरधक—सं. पु. [सं. वर्धक: वर्धकि:] १ बढ़ई, तक्षक।

२ देखो 'वरद्धक' (रू. भे.)

रू. भे.—बरधकि, बरधकी, वरधकि।

बरधका—सं. स्त्री. [सं वृद्धा] १ गाथा-छंद का एक भेद जिसमें विप्र गण (चार मात्रा के समूह) का प्रयोग बहुत होता है।

उ०—भगण बहुत सो प्रौढ़ा भणजै। गण बोह विप्र बरधका गिणजै। —र. ज. प्र.

२ देखो 'वृद्धा' (रू. भे.)

बरधकि—देखो 'वरधक' (रू. भे.)

बरधन—देखो 'वृद्धापन' (रू. भे.)

बरधापन—देखो 'वृद्धापन' (रू. भे.)

उ०—ऐ प्रखीयात कीद 'प्रासावत', रीदां सुं तेवड़ै रिण। वप वढीयो बरधापण वढतां, पोरस मछर जवांनपण।

—दुरगादास प्रासकरणोत री गीत

बरन्—प्रव्य [सं.] १ बल्कि २ ऐसा नहीं।

बरन—देखो 'वरण' (रू. भे.)

उ०—१ पसरि पख है पाई, हल्ला उड्डै प्राघंतरि। जरद लाल इक स्याह, बरन वाना विबहुयरि। —गु. रू. ब.

उ०—दुति सोभा दांमणी, बरन प्रादीत वरन्नी। भाव-सिंध सारधू, देव कन्या उतपन्नी। —गु. रू. ब

उ०—३ जप जाप होम कीजै जिगन, **बरन** खट्ट ग्रामै बरो।
जोधपुर ग्राज ग्रजुधापुरी, रांम राज कमधज्ज रो। —गु. रू. बं.

बरनसन-स. पु. [सं. वर्णाऽऽसनः] कवि, पंडित। (ग्र. मा.)

बरना-ग्रव्य. [फा. वर्नः] १ ग्रन्यथा।
२ नहीं तो।
३ ऐसा नहीं हुग्रा तो।

बरनोळी, बरनोली—देखो 'बंदोळी' (रू. भे.)

बरनोळौ, बरनोलौ—देखो 'बदोळौ' (रू. भे.)
उ०—ताजां नेजां गयणाइ सोहइ, **बरनोलइ** इम मनमोहत।
—कविवर स्रीसार

बरनौ—देखो 'वरणौ' (रू. भे.)
उ०—फौजां डेरा फाबिया, दीसै हद्द विहद्द। सबज **बरना** स्याह ग्रन, लाल सपेत जरद्द। —गु. रू. बं.

बरन्न—देखो 'वरण' (रू. भे.)
उ०—मारू मारइ पहियड़ा, जउ पहिरइ सोवन्न। बंती, चूड़इ मोतियां, ग्रीयां हेक **बरन्न**। —ढो. मा.
उ०—२ वेधं खळ सावळ चोळ **बरन्न**। कहै रवि झोक लई 'सुमकन्न'। —सू. प्र.

बरन्नी—देखो 'वरणी' (रू. भे.)
उ०—एक खड़ी मुख रूप नियाळै, एक खड़ी सिर चम्मर ढाळै। कांम लता पिण कग्गक **बरन्नी**, पाम खड़ी सुख रास पतन्नी।
—गु. रू. बं.

बरन्नौ—देखो 'वरणौ' (रू. भे.)
उ०—विवह **बरन्ना** कप्पडा, विवह **बरन्नी** पाग।
फजर हुवंदी फूलिया, जांण मलूकां वाग। —गु. रू. बं.
(स्त्री बरन्नी)

बरपूर—देखो 'भरपूर' (रू. भे.)
उ०—तद तरवार म्यान सूं लीवी सू प्यादां झगड़ौ **बरपूर** हुवो।
—द. दा.

बरम-स. पु. [रू. वर्मन्] १ कवच, बख्तर।
उ०—काटसी घणा ग्रघ ग्रोघवाला करम। बेध नह सके जम पहर इसड़ो **बरम**। —र. ज. प्र.
२ घर, मकान।
३ छाल, गूदा।
४ पित्तपापड़ा।
[फा. वरम] ५ किसी ग्रंग पर ग्राने वाली सूजन, पोथ।
६ घाव।
७ देखो 'ब्रह्म' (रू. भे.)

रू. भे.—बरम, बरम्म, वरम्म।

बरमचारी—देखो 'ब्रह्मचारी' (रू. भे.)

बरमा-सं. स्त्री. [सं. वर्म्मन्] १ नाम के ग्रंत में लगाई जाने वाली क्षत्रियों की एक उपाधि।
२ उपनाम।
३ देखो 'ब्रह्मा' (रू. भे.) बरमा

बरमाळ—देखो 'वरमाळा' (रू. भे.)
उ०—१ करण ग्रखियात चढियो भलां काळमी, निवाहण वयण भुज बांधिया नेत। पंवारां सदन **बरमाळ** सूं पूजियो, खळां किरमाळ सू पूजियो खेत। —बां. दा.
उ०—२ रांमायण भारथ तणय रंग, जोणियो ग्रमायण विकट जंग। गंठ-जोड ग्रछर मूलाल गंठ। कदणां ग्रंत्रळ **बरमाळ** कंठ।
—वि. सं.

बरमाळणौ, बरमाळबौ—क्रि. स. १ दुलहिन द्वारा वर के गले में माला डालना, वरमाला डालना।
उ०—विध जुत कूरमराज विचारे, स्रीफळ कंचन रतन सिगारै। सुभ दिन लगन घड़ी ले सुंदर, **बरमाळियौ** 'ग्रभौ' प्रथमी-वर।
—रा. रू.
२ जयमाला डालना।
३ वरण करना, विवाह करना, शादी करना।
उ०—वीरम नां **बरमाळतां**, मिटियै रे 'किसमीर'। 'बूकण' री घर बूडसी, नदी वहंते नीर। —वी. मा.
४ स्वीकार करना, ग्रंगीकार करना।
बरमाळणहार, हारौ (हारी), **बरमाळणियौ**—वि०।
बरमाळिग्रोड़ौ, बरमाळियोड़ौ, बरमाळयोड़ौ—भू० का० कृ०।
बरमाळीजणौ, बरमाळीजबौ—कर्म वा०।

बरमाळा, बरमाला—स. स्त्री. [सं. वर+माला] १ दुल्हन द्वारा दूल्हे को पहनाया जाने वाला पुष्पहार, हार।
उ०—१ विच गळ रंभ वरू **बरमाळां**। ग्रोयण मझि उझळतां ग्रत्राळां। —सू. प्र.
उ०—२ इसी बात सुण लाडी **बरमाळा** लेय घणा लोगां री भीड़ सूं उछाह करती ग्राई वरमाळा गळै पहराई।
—पंच दंडि री वारता
उ०—दसण सयण रयण छळ दमगगळ, राख गळौ वळ भीच रहै। धड़ ग्रारती ऊतरै धारा, **बरमाळां** किरमाळ वहै। —दूदो
१ जयमाला।
रू. भे.—वरमाळ, बरमाळा, वरमाळ, **वरम्माळ, वरम्माळा**।

बरम्म—१ देखो 'वरम' (रू. भे.)

उ० – नमसकार सूरां नरां, बिरद नरेम वरम्म । रिजक उजाळे मांम री, पाळे सामधरम्म । —बां. दा.

वरम्मा—देखो 'ब्रह्मा' (रू. भे.)

२ देखो 'ब्रह्म' (रू भे.)

वरमाळियोड़ौ–भू. का. कृ.–१ वरमाला डाला हुआ. २ जयमाला पहनाया हुआ. ३ वरण किया हुआ, विवाह किया हुआ, शादी किया हुआ. ४ स्वीकार किया हुआ, अंगीकार किया हुआ।
(स्त्री. वरमाळियोड़ी)

वरम्माळ, वरम्माळा—देखो 'वरमाळा' (रू. भे.)

उ०–१ कवी छंद बोलै प्रभू अग्रकारी । धणी कंठि सीता वरम्माळ धारी । —सू. प्र.

वरयता–सं. पु. [सं. वरयिता] स्त्री का पति, भतार, स्वामी।
(अ. मा., ह. ना. मा.)

वि.—वरण करने वाला।

रू. भे.—वरयिता।

वरयात्रा–सं. स्त्री [सं. वर+यात्रा] १ वर का विवाह के लिये वधू के यहाँ बरात सहित किया जाने वाला गमन।

२ बरात।

वरयेचा–सं. स्त्री.—राठोड़ वंश की एक उप-शाखा।

वररमा–सं. पु. [सं. रमा+वर] १ रामचन्द्र।

उ०—तोड़ खळ जमा चौ आच खग तोलियां, ईस गण नाच घम-घमाचौ ओप । गजब रो तमाचौ अजब रो थको गण, कना सर वररमा चौ कोप । —बद्रीदास खिड़ियौ

वररुचि–सं. पु. [सं] १ एक प्रसिद्ध प्राचीन पंडित जो व्याकरण और काव्य के मर्मज्ञ थे। सुविख्यात प्राकृत व्याकरणकार।

२ एक प्रसिद्ध नाट्यशास्त्र प्रणेता।

रू. भे.—बररुचि।

वरल–सं. पु. [सं. वरलः] १ सूर्य, सूरज। (नां. मा., ह. ना. मा.)

२ हंस।

३ बर्रया।

४ प्रकाश, उजाला, रोशनी।

रू. भे.—बरळ।

वरळक–सं. पु. [सं. वरल+रा. प्र. क.] उजाला, चमक।

उ०—तें ध्रवियो घणा भडा बळि तार्के, रिणवट 'कूंपा' रूप रखा । वरळक करें फरें बीरारसि, अहि जिम थांरौ कूंत 'अखा' । —नादण बारहठ

वरलच्छि–सं. पु. [सं. लक्ष्मी-वरः] विष्णु।

रू. भे.—बरलच्छि, वरलाछ।

वरळणौ, वरळबौ—देखो 'विरळणौ, विरळबौ' (रू. भे.)

उ० दादू स्वाद लाग संसार सब, देखत वरळय जाय। इंद्री स्वारथ साच तज, सबै बंधांणैं आई। —दादूबांणी

वरला–सं. स्त्री. [सं] मादा हंस, हंसिनी।

वरलाछ—देखो 'वरलच्छि' (रू. भे.)

वरळियोड़ौ—देखो 'विरळियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. वरळियोड़ी)

वरळ, वरळु—देखो 'विरळौ' (रू. भे.)

उ०—जनम लगइ विहडइ नहीं, भली नारी जे होइ । एतला ऊफक सार नथी, राखइ ज वरळु कोइ । —नळदवदंती रास

वरवंछक, वरवंछत–वि.— बुरा चाहने वाला, दुश्मन।

उ०—आसीस दीयै 'सुरतांण' अछरा, नृप हां वडा वधारण नेह । वरवंछत लाघा तो वडतां, छत्र पतीयां सुं बाधा छेह । —दुरसौ आढौ

वरवड़ी–सं. स्त्री. [देशज] चारण वंशोत्पन्न एक देवी जिसने महाराणा हमीर को राज्य प्राप्त कराया था।

वि. वि.—यह चखड़ा की पुत्री थी।

रू. भे. बरवड़ी, बिरवड़।

वरवती–वि. (स्त्री) १ सौभाग्य शालिनी, सुहागन।

२ जिसको वरदान प्राप्त हो।

सं. स्त्री.—१ वह स्त्री जिसका पति जिन्दा हो, सुहागन स्त्री।

रू. भे.—बरवती।

वरवर—देखो 'बरबर' (रू. भे.)

वरवरण–सं. पु. [सं. वरवर्ण] १ अच्छा वरण, सुन्दर वरण।

२ स्वर्ण, सोना।

वरवरणी–सं. स्त्री. [सं. वरवर्णिनी] १ लक्ष्मी।

२ दुर्गा।

३ सरस्वती।

४ सुन्दर स्त्री।

५ उत्तम स्त्री।

६ लाख।

७ हल्दी।

८ प्रियंगुलता।

वरवरणौ, वरवरबौ—देखो 'वड़वड़णौ, वड़वड़बौ' (रू. भे.)

उ०—वरवरतौ वेग वरद बीमाळा, ठहतौ खळां घाल तो ठाळ । आबुदसा आवतौ आबू, वेरीयां दळ दीठौ 'विजपाळ' । —दुरसौ आढौ

बरवरियोड़ौ—देखो 'बड़बड़ियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बरवरियोड़ी)

बरबार—देखो 'बारबार' (रू. भे.)

बरवासण, बरवासणी–सं. स्त्री. [सं. वरवासिनी] कछवाहों की कुल देवी।

उ॰—पछै मलीरणा रै गांव भूंपड़ा खेड़ै सोहड़ भगवंतगढ सेस भारिज्ये मलीरणै रै वीछूं दैनै हुय जीरोतरो गांव हाडोती री हुय-नै आगै खंडारगढ़ चांबळ मेळी हुई तठै देवी **बरवासण** री थान छै। —नैणसी

बरवीर–सं. पु. [सं. वर-वीर] १ श्रेष्ठ वीर, श्रेष्ठ योद्धा।

उ॰—वडो वडग्रार भुजे कुळ भार, धरा सिणगार इसौ लखधीर। वहै खत्रवाट नमावण नाट, विधांसण थाट सत्रां **बरवीर**। —ल. पिं.

२ श्रेष्ठ विद्वान, सुयोग्य पंडित।

उ॰—ह भ ध र ध न ख भ होय, अंक ग्रठ दगध ग्रधीरह। ग्राखर दग्ध ग्रठार बदे, कवसल **बरवीरह**। —र. रू.

३ बुद्धिमान, विवेकी।

उ॰—तुरातुर नौसरजा भव तीर, विसे-विस बीसरजा वरवीर। हमें गुरु वायक मां बुधहार, सभै निज नायक की सुध सार। —ऊ. का.

४ एक छन्द विशेष।

उ॰—चव कळ उरोज थळ च्यार वोज। **बरवीर** छंद, कह यम कव्यद। —र. ज. प्र.

बरवेरण–स. पु. [सं वडवा–रमण] घोड़ा। (नां. डिं. को.)

उ०—रस वन फळ बोह पाय रसाळी, पुत्रां हेत करै रिखपाळी । वणि ससिवेस रमै मांभळ वन, तै बळहती वेल सोवन तन ।
—सू. प्र.

बळहियोड़ो—.भू का. कृ.— बढ़ा हुग्रा ।
(स्त्री. बळहियोड़ी)

बलहो—देखो 'वल्लभ' (ग्रल्पा., रू. भे.)
उ०—१ वेगाह वळजो बलहा, संपत लच्छी सहेत ।
—कल्यांणसिंह नगराजोत वाढेल री वात

बळां—क्रि. वि.—१ ग्रोर, तरफ ।
उ०—१ भिड़ फौजा गज दहूं बळां । निज घोर नगारा ।
—द. दा.
उ०—२ चढबळां जोगण खपर चढवै, सिभ कमळां संग । जग गीत चिहूंवै—बळा जाहर, मुजस हुवै सुढंग ।
—र. ज. प्र.
२ दफा, मर्तबा, बार ।
रू. भे.—बळां, बळांई ।

बळांणो—देखो 'बळाणो' (रू. भे.)
उ०—दसरावा रो डूगलो, गणगोरी रो सिरपाव, बळांणो घोड़ो सर्लूंबरसूं भींडर महाराज पावै । —बां. दा. ख्यात

वळांपूरण—देखो 'वळपूरण' (रू. भे.)

उ०—नित वळां अनवळ दियण नर ही, वळांपूरण विरवड़ी मा वळांपूरण विरवड़ी । —वरवड़ी देवी रा छंद

वळांमण—सं. पु.—ढग, तरीका, रीति ।

वळा, वला—क्रि. वि.—१ ओर, तरफ।

उ०—उठै चत्रकोट वळा उजवाळ, करै जुध नाह इंहां कळिचाळ । —सू. प्र.

उ०—२ किलबांइण चंचळ पाय कळा, वघ, सोच खड़ब्भड़ आठ वळा। —रा. रू.

२ बार, दफा, मरतबा ।

उ०— वा दो तीन वळा मासी रै मूंडा सांम्ही जोयो तो उणनै ऐड़ो लखायो जाणै उणरी आंख्यां होठां माथै चिप्योड़ी व्है ज्यूं। —फुलवाड़ी

१ खलिहान।

२ अफगानिस्तान का निवासी, अफगान ।

[अ. वला] ३ लोभ, लालच ।

४ आसक्ति, मोह ।

५ इश्क, प्रेम ।

६ देखो 'वलय' (रू. भे) (उ. र.)

वळाको—सं. पु. [सं. वल्ल+राज. प्र. को] १ एक बिन्दु से दूसरे बिन्दु अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान तक लगाया जाने वाला चक्कर, चक्कर, फेरा, ट्रिप ।

उ०—दीवांणजी नगर री गळियां में टपाटप वळाका देवण लागा उण वेळा पूरी सोपो पड़ग्यो हो। —फुलवाड़ी

२ घुमाव मोड टेढ़ापन ।

३ ऐंठन, मरोड़, वट ।

उ० - मुछां रा वळाका दीधां सीमोद गनीमा माथै, धू हाम तमासै मुनिंद्र रीधा धोर। म्यांन हूं उखेलताई कीधा खाग तेढ़ीमणी, वेढी-मणी मेलताई कीधा महावीर। —बद्रीदांन खिड़ियो

४ मोच ।

५ कसक ।

रू. भे.—बळाको, भळाको।

वळानाथ—स. पु. [राज. वळा=अरावली पर्वत+सं नाथः] हाडा राजपूतों की विरुद, उपाधि ।

रू. भे.—वळानाथ।

वळाबंध—सं. पु.—अरावली पर्वत का नाम ।

उ०—ले पाए घातिया, मेर माखा कर वाढ़ै, वळाबंध ढंढोल, 'कमो' अळगां हूं काढै। भड तुरंग वीणार, चडै मामी गज केसर, फौज लगै फूलियै, दीध परराठां पस्सर। —गु. रू. बं.

रू. भे.—बळाबंध ।

वलायत—देखो 'विलायत' (रू. भे.)

उ०—तो वडका दिल्ली तखत, रखी पत केइ वार। ते जुध मदत वलायतां, सह जस कथ संसार। —जैतदांन बारहठ

वलारा—सं. पु. [देशज] अनाज सहित कुचले हुए भूसे के ढेर के दोनों ओर के किनारे ।

वलालो - देखो 'विलालो' (रू. भे.)

उ०—चत लागो जां रो हर चरणा, करै न प्रेत भजन अघकार। सुकव वलाला थनै सेवीयो, सेवूं कम बीजा सरदार। —किसनजी आढ़ो

(स्त्री. वलाली)

वळाव—सं. पु.—१ दिशा।

उ०—वळकति खग्ग चहुंवै वळाव। सिहरे क जांण वीजां सिळाव। —गु. रू. बं.

२ खलिहान ।

३ वह भूमि जहां खलिहान बनाया जाता है ।

वळावणी, वळावबो—देखो 'वोळाणी, वोळाबो' (रू. भे.)

उ०—तंत तणक्कइ पिउ पियइ, करहउ ऊगाळेह। भल वउळावो दीहड़ा, दई वळावण देह । —ढो. मा.

वळावळ—देखो 'वळवळ' (रू. भे.)

उ०—'पदम' मुख आगळी दखणिमां पधारण, वधारण खड़ग वड़ करणवा वार। वळावळ वाज नै महारिण वाजियो, साद रणं सिर सांघणो मार । —गोरधन गाडण

वळावियोड़ो—देखो 'वोळायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री. वळावियोड़ी)

वळावो—देखो 'वोळाऊ' (रू. भे.)

वळाहक—देखो 'बळाहक' (रू. भे.) (सभा)

वळि, वलि—क्रि. वि. [स. वलति] १ फिर, और ।

उ०—१ वळि मालवणी बीनवइ, हुं प्री दासी तुज्झ। का चिंता चित अंतरे, सा प्री दाखउ मुज्झ । —ढो. मा.

उ०—२ पडिउ भीमु आसासिउ राइ गदा लेउ वलि सांम्हउ धाइ। अरजुनु जां भूझेवा जाइ राव सु भीमि रहाविउ ठाइ । —पं. पं. च.

२ पुनः दुबारा ।

उ०—गह स्रंडइ गहिलउ हुअउ, पूछइ वळि पूछंत। मारु तणइ संदेसड़इ, ढोलउ नहु धापंत। —ढो. मा.

३ इस पर भी ।

उ०—मीह ग्रनड बलि पाखरयउ, कहु किम जीपणउ जाय ।
—सहज कीरति

४ तब ।

उ०—लहरी मायर-मदिया, लूठउ-मदउ वाव । वीछुडियां साजग मिळइ, बळि किउ नादउ नाव । —ढो. मा.

५ ग्रोर, तरफ ।

उ०— जातौ किण ही न दीठौ तेह, फिर पाछौ ना' थौ बलि गेह ।
—वि. कु.

६ वार, दफा, मर्तबा ।

स. स्त्री.—१ रेखा, लकीर ।

२ भुर्री, सिकुड़न ।

३ छप्पय नामक छंद का एक भेद जिसमे ४९ गुरु व ५४ लघु मात्राएं होती हैं ।

४ देखो 'बळि' (रू. भे.)

उ०—मंगहुता मज्जण मिळया, हूंना मुझ हीयाह । ग्राजूणइं दिन ऊगरइ, बीजा बळि कीयाह । —ढो. मा.

उ०—२ बळि राजा छळि जैंण बाधियौ । नमौ पराक्रम नारिम्रण ।
—ह. ना. मा.

रू. भे.—बळि, बलि, वलिय, वळी, बली, वलीय ।

बलित–वि [स.] १ गतिशील ।

२ घूमा हुग्रा, मुड़ा हुग्रा ।

३ गुथा हुग्रा ।

४ लिपटा हुग्रा, वेष्टित ।

५ भुर्री पड़ा हुग्रा ।

बळिभद्र—देखो 'बळभद्र' (रू. भे.)

उ०—बळिभद्र बधव बधव तेडीयौ जी, बीजउ प्रसंन कुमार । यईद्रभा नयरी बीवाह छइजी, रहीय म लावौ वार ।
—रुकमणी मगळ

बलिमधु–सं पु.—मधुप ।

बळिमुख–स. पु. [स.] वानर, बदर । (डि. को.)

बलिय—१ देखो 'बलि' (रू. भे.)

उ०—वरनगा वाक बलिय कमली पाच भलमलि ग्रति भली । वाणना नारिज पाच ठवणी मुहपती पुड पाटली । —स. कु.

२ देखो 'वलित' (रू. भे.)

बळियोड़ो–भू. का. कृ.—१ वापस लौटा हुग्रा, लौट कर गया हुग्रा. गया हुग्रा. २ प्रस्थान किया हुग्रा, गमन किया हुग्रा. ३ लौट कर ग्राया हुग्रा. ४ घूमा हुग्रा, फिरा हुग्रा, चक्कर लगाया हुग्रा । ५ घूमा हुग्रा, मुड़ा हुग्रा. ६ वक्र गति या बल खाकर चला हुग्रा. ७ ग्रागे बढ़ा हुग्रा. ८ ढला हुग्रा. ९ प्राप्त हुवा हुग्रा, मिला हुग्रा. १० ग्राकर्षित हुवा हुग्रा. ११ ढका हुग्रा, लपेटा हुग्रा. १२ लौटाया हुग्रा, दिया हुग्रा. १३ प्रत्युत्तर किया हुग्रा, उत्तर दिया हुग्रा ।

१४ देखो 'बळियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री. बळियोड़ी)

बळियौभंवर–स. पु.—रेगिस्तान की वह भूमि जिसमें चलते समय मनुष्य थम जाता है ।

बळियौ–स. पु.—१ समय ।

२ ग्रवसर ।

३ बैलों के सींगों पर लपेटने की रंगीन डोरी ।

४ बल खाई हुई कोई वस्तु ।

५ देखो 'बळियौ' (रू. भे.)

६ देखो 'वळि' (२) (ग्रल्पा., रू. भे.)

बळिराज, बळिराजा, बळिराव—देखो 'बळिराजा' (रू. भे.)

बळिहारी, बलिहारी—देखो 'बळिहारी' (रू. भे.)

उ०—साग काछि माया मंड्या, हरि विचि भी भारौ । जन हरिदास माया तजै, ताकी बळिहारी । —ह. पु. वा.

बळिवड—देखो 'वळबड' (रू. भे.)

बळींड—देखो 'वळीड' (रू. भे.)

बली–स. स्त्री [सं.] चर्म या चमड़ी की सिकुड़न, झुर्री ।

२ पेट के दोनों ग्रोर पेटी के सिकुड़ने से पड़ी हुई लकीर ।

३ पंक्ति ।

४ रेखा, लकीर ।

५ उत्तराधिकारी, वारिस ।

रू. भे.—बळि ।

बळी, बली–सं. स्त्री. [देशज] १ पहाड़ के नीचे की भूमि, लम्बी भूमि ।

उ०—पंवारा री पैंतीस साख, त्यां माहे एक साख भायलां री, भायला री माथासरौ गांव रोहीसी भगरा नीचै बळी छै तठै नै सिवाणचीनू । —नैणसी

२ रेतीलै टीबै पर प्राकृतिक रूप से बनी लहरनुमा उभरी रेखाएं ।

३ रीढ़ की हड्डी, मेरुदंड ।

४ सीधा रोपा जाने वाला वह काष्ठ का डंडा जिस पर धनुषाकार लकड़ी रख कर उस पर बैठ कर चक्कर काटा जाता है ।

वि. वि.—देखो 'चकचूंदियौ'

५ रुपया-पैसा ।

सं. पु. [ग्र.] ६ वह धर्मात्मा और महात्मा व्यक्ति जो ईश्वर की दृष्टि में प्रिय और मान्य हो।]

७ शासक, बादशाह।

उ०—ग्रकबर साह जलालदी, खितवा बली खुदाय। बाजदार कर बंदगी, ताजदार हुय जाय। —बां. दा.

८ हाकिम।

९ देखो 'वळि' (रू. भे.)

उ०—१ एक सुयखंघ हरिण ग्रंग नउजी, वरग छइ ग्राठ ग्रभिरांम। ग्राठ उद्देसा छइ बली जी, संख्याता सहस पद ठांम। —वि. कु.

उ०—२ ग्रगनि में बांण छूटा ग्रसंख, बळो वीढ़ चिहुँवै बळां। पछि बांण हुवौ पूठीरुखौ, 'गजण' तांम दिल्ली दळां।—गु. रू. ब.

उ०—३ जासक कटक ग्रांपणइ ठांमि, गूजराति ग्रावमइ ग्रनांमि। करि वीवाह मनि ग्रांणी रुली, छपन कोडि धन देमइ वली। —कां. दे प्र.

रू. भे.—बळी, बली।

बलीग्रयद, बलीग्रहद—स. पु. [ग्र. वलीग्रहद] १ बादशाह के बाद होने वाला उत्तराधिकारी, वारिस, युवराज।

२ राजकुमार, शाहजादा।

३ संतान।

उ०—पातसाह साजिहानजी रै बलीग्रयद सायजादा च्यार हुवा। —द. दा.

बळोगण—सं. पु. [सं. ग्रवलिंगन] ताप पर चढ़ाये जाने वाले रसोई के बर्तनों के पेंदे पर लगाया जाने वाला मिट्टी का लेपन।

बळोट, बळोठ—देखो 'बलिष्ठ' (रू. भे.)

उ०—वरू थोय जोयग ग्रत्र बाथ, हुवौ हव पाबुए एकरण हाथ। वराचक ढाकिय कोट बळोट, परां थट दीठ उगाडिय पीठ। —पा. प्र.

बलीय—देखो 'वलि' (रू. भे.)

उ०—वाहण जेह नै पांच सैं, बलीय पाचसइ हाट। घर गाकुल पिण पाचसै तितला सकट सुघाट। —वि कु.

बली-बली—देखो 'वळ-वळ' (रू. भे.) (उ. र.)

बळू—वि.—१ मददगार, सहायक।

२ रक्षक।

३ पक्षका, तरफ का।

रू. भे.—बळू।

बळे, बले—देखो 'वळै' (रू. भे.)

उ०—१ मंगळ बुद्ध मयंक, बळे सनि सुक्र ब्रहस्पति। राहु केत रिख ग्रघण, नवै ग्रह सांति करै नित। —ह. र.

उ०—२ ग्रौ हुव बळे तक्षक हुय ग्रावै। पांण हूंत तो जांण न पावै। —सू. प्र.

उ०—३ ढोलइ करह बलावियउ, करि सिणगार ग्रपार। ग्रास्यां तउ मिळस्यां बळे, नरवर कोट जुहार। —ढो. मा.

उ०—४ मांगी दूं बधावणी तोने, पंथीड़ा लाखपसाव हो राज। बले सघ जोतां बाटड़ी, थे तो ग्रावी ग्राज सुणाय हो राज। —राज

उ०—५ ग्रायत इळा ग्रनळ पुड ग्रायत, समंद ग्रायतां बळे ज सात। लाखां तेथ बहंखिया लाखै, बडा बडा जुग रहसै बात। —महारांणा लाखा री गीत

बळेरण—सं. पु. [देशज] छत पर बनी मुंडेर।

बळेवड़ो—सं. पु. [देशज] १ ऊंट या बैल की गर्दन पर कपर्दिका गूंथा हुग्रा, बांधने का ग्राभूषण।

उ०—इसा ऊंठ झेकजे छै, हाथ फेरजै छै। पीतळ रा गिरबांण रूपे रा कड़ा छै। ता मांहे मोहरा बेळचौ मोहरा घातजै छै लूंबा कवडाळा बळेवडा घातजै छै। —रा. सा. सं.

२ बैलों के दोनों सींगों को लपेटते हुए बांधी जाने वाली डोरी।

बळै—क्रि. वि.—१ फिर, ग्रौर।

उ०—१ सिव नै सिसहर निलै सकति नै सीह चढ़न्नी। बांमण ग्रनियै बळै वाघ बळराजा दोनी। —गु. रू. बं.

उ०—२ कुटबा सहेता हुती नाव कीरं। बळै पाय रैणा तरी रघुवीरं। —सू. प्र.

उ०—३ खुशी भेळी एक बळै खुमी। उच्छब भेळो एक बळै उच्छव। —फुलवाड़ी

२ पुनः, दुबारा।

उ०—१ सं. १६७७ पछै ग्रमरसिंघजी साथै गयौ। पछै बळै ग्राय वसियौ, तरै लवेरा रो पटो दियौ। —नैणसी

उ०—२ तरै सोच घारै कपी देह त्यागं। बळै ग्रावियौ ग्रादि ग्रासोक वाग। —सू. प्र.

३ पीछे, बाद में।

वि.—ग्रतिरिक्त, ग्रन्य।

सं. स्त्री—तरह, भांति, प्रकार।

रू. भे.—बळे, बले, बळै, बिळै वळ, वळे, वले, भळ, भळे, भळै।

बळोवळ, बळोवळी—सं. पु. [राज. वळ] भोजन।

उ०—सांझै भूखा सोई, करै परभात बळोवळ। हाथऊ कूंत उपाड़ि, मार ढाहे मोताहळ। —राव रिणमल री बात

क्रि. वि.—१ चारों तरफ, चहुं ओर।

उ०—१ वाजि घमस ऊडड, वाजि त्रबाळ चहूवळ। द्रोण वाजि है मुरां, वाजि दळ मोक बळोवळ —सू. प्र.

उ०—२ आगरै नमत सुं 'डूगरो' आगतां। बळोवळ लिखांणां जगत बाका। जुहारीसींघ का टाळिया जगत में, डाकुवा हरा रा सुजस डाका। —बुधजी आसियौ

२ जिधर-किधर, यत्र-तत्र, इधर-उधर।

उ०—तद जाटा रौ गारौई साथ भागौ सू बळोवळी मुंडा लेय नै पापै पुनै गया नै कबर स्त्री बीकंजी री वडी फतै हुई। —द. दा.

३ पृथक-पृथक।

४ अपने अपने मन मे।

५ पुन: पुन:, बार-बार।

उ०—करांमनि देखि छति 'नौबदे' कळोधर, खळा भुज बळोबळ जितूं खाडे। चाळबधं जिकै लड़ता चापडै, मागवा बाजरी चाळ माडै। —दुरगादास राठोड़ आसकरणोत रो गीत

६ निरन्तर, लगातार।

रू. भे.—बळोवळ, बलोवली, बळोवळ, बळोवळी, वळोवळ, वळोवळी

बळौ—स. पु.—१ अरावली पर्वत।

उ०—घर हरै पाखरां वाजतं घूघरै, दीह सूझै नही खेहरै डंबरै। रूधियौ बळौ रायसिघरै लस्करै, डूगरै घणा ओनाड़िया डूगरै। —द. दा.

२ पर्वत श्रेणी।

३ स्तंभ, खम्भा।

४ बांस।

५ कच्चे मकानों की छाजन के नीचे लगाई जाने वाली लकड़ी, काड़ी।

उ०—खूटा खड़ा बळा डूंचिया, हालां सू हळ ठाटिया। सिरधर अर संनीर माळा, खूड़ मूण थम, पाटिया। —दमदेव

६ हुक्के की नै के ऊपरी भाग पर लगाया जाने वाला सोने या चांदी का छल्ला।

रू. भे.—बळौ।

बळोवळ, बळोवळी—देखो 'वळोवळ' (रू. भे.)

उ०—१ ओघ हळवळ समळ गळळ पळडळ गरां। त्रिसळ सळ बळोवळ कळळ हूकळ तुरां। —महादान मेहडू

उ०—२ बळोवळि ऊछळं सोर साहा विढण, बोल जागी बिचै वसत वूड। उडाडै लोह एकां सिरै 'प्रवा' रौ, 'प्रवा' रा ऊपरा लोह ऊडै। —कमां अखावत पडियार रो गीत

बल्कल—सं. पु. [सं वल्कल:] १ वृक्ष की छाल।

२ उक्त छाल का वस्त्र जिसे ऋषि, मुनि महात्मा, अरण्यवासी पहनते थे।

३ ऋषि मुनि महात्माओं व तपस्वियों के पहनने का वस्त्र।

४ छिलका।

५ ऋग्वेद की वाष्फल नामक शाखा।

रू. भे.—बक्कल, बक्कल, बलकल बल्कल।

बल्गन—सं. स्त्री. [सं. वल्ग-गतौ] १ घोड़े की एक चाल जिसमें वह उछलता कूदता चलता है, दुलकी। (शा. हो.)

[सं. वल्गनं] २ उछाल, फलांग, छलांग।

बल्गा—सं. स्त्री. [स.] लगाम, रास, बाग-डोर।

रू भे.—बल्गा, वलगा।

बल्गित—स. स्त्री. [सं. वल्गितं] १ घोड़े की सरपट चाल।

२ डींग, शेखी।

बल्द—स. पु. [अ.] पुत्र, तनय, सुत, बेटा।

बल्दियत—सं. स्त्री. [अ.] १ पिता के नाम का परिचय।

२ पुत्र होने की अवस्था या भाव।

बल्ल—सं. पु. [सं] १ गिलाफ, आवरण।

२ चादर।

३ तीन घघची के बराबर की तौल।

४ वर्जन, निषेध।

५ गमन, चाल।

बल्लकी—सं. स्त्री. [स.] १ नारद की वीणा का नाम।

२ वीणा।

३ सलई का पेड़।

रू. भे.—बलकी, बल्लकी, वलकी।

बल्लणौ, बल्लबौ—देखो 'वळणौ, वळबौ' (रू. भे.)

उ०—सज्जण बल्लै गुण रहै, गुण भी वल्लणहार। सूकण लागी वेलड़ी, गया ज सींचणहार। —ढो. मा.

बल्लणहार, हारौ (हारी), बल्लणियौ—वि०।

बल्लिओड़ौ, बल्लियोड़ौ, बल्ल्योड़ौ—भू० का० कृ०।

बल्लीजणौ, बल्लीजबौ—भाव वा०।

बल्लभ—वि. [सं.] (स्त्री. वल्लभा) १ प्रिय, प्यारा, स्नेही, प्रेमी।

उ०—प्रति बल्लभ तेहने पुत्री इक, जास मदालसा नांम रे। रूपें करि जीति जाणें रति, अपछर जिम अभिरांम रे। —वि. कु.

२ सुख प्रद, सुखद।

उ०—वपि असह जळ सुख उसण बल्लभ सूर कर हुइ सीतळं।

उण किरण सिस निस जेम ग्रीखम विखम हिम द्रुम विज्जळं ।
—रा. रू.

३ वांछनीय ।
४ सर्वोपरि, उत्तम ।
५ सुन्दर ।
सं. पु.—१ पति, स्वामी, प्रियतम ।
२ प्रिय व्यक्ति, प्रेमी ।
३ स्वामि, मालिक ।
४ मित्र, दोस्त ।
५ अध्यक्ष ।
६ पर्यवेक्षक ।
७ प्रधान या मुख्य ग्वाला, गोप ।
८ वैष्णव सम्प्रदाय का एक आचार्य ।
९ शुभ लक्षणों वाला घोड़ा, अश्व ।
१० पाण्डव पुत्र भीम का एक नाम ।

उ०—दूत लक्षण कला सवि जांणू ; मूं हरइं हुसि राज पराणउ ए युधिस्ठिर नरेंद्र सूयार, नांमि वल्लभ भुजा बलि सार ।
—सालि सूरि

११ ज्योतिष में कर्ण ।

रू. भे.—बलभ, बलम, बल्लभ, बल्लम, वलभ, वलम, वल्लव, वल्लह, वल्लहउ, वल्लहु, वल्ह, वल्हग, वालंभ, वालंम, वालिभ । वालिभि, वालिम, वाल्हम ।

अल्पा.,—वल्लहो, बल्हो, बलहो, बल्लहो, वल्हो, वालमियो ।

वल्लभा—वि. स्त्री. [स. वल्लभ] प्यारी, प्रिय ।

उ०—'जग रूप' मधू 'जगनाथ-कुळ,' पदमणि किरि सूरज प्रभा । बनीतो कुलीण कुरम वडी, परम लछि पती वल्लभा ।
—गु. रू. ब.

सं. स्त्री.—पत्नी, स्त्री, प्रिया ।

रू. भे.—बल्भा, वल्लहा, वल्लहो ।

वल्लभाचारय—सं. पु. [स. वल्लभ-आचार्य] चार वैष्णव सम्प्रदायों में से एक सम्प्रदाय के प्रवर्तक ।

रू. भे.—वलभाचारी ।

वल्लव—देखो 'वल्लभ' (रू. भे.)

उ०—कथ संभर खेड़ नरेंद्र कही । सन मंधिय वल्लव जींद सही ।
—पा. प्र.

वल्लवसिबा—सं. पु. [सं. शिवा+वल्लभ] चदन । (अ. मा.)

वल्लह, वल्लहउ—देखो 'वल्लभ' (रू. भे.)

उ०—१ वच्छा ! वल्लह तुम तणो, गिरुई रिद्धि समेत मासऽम्भितर निच्छइण, मिलस्यं घरो म खेउ ।
—श्रीपाल रास

उ०—२ ठविउ नेमि जिणिइं जग वल्लहउ । परमतेजिहिं तेजलु ते कहउ ।
—जयसेखर सूरि

वल्लहो—देखो 'वल्लभा' (रू. भे.)

उ०—बहु गुणवती गोरडी, कठि विलाइ कंत । मझ-पाहिं तुझ वल्लही, ते कहीइ कुण कंत ।
—मा. कां. प्र.

वल्लहु—देखो 'वल्लभ' (रू. भे.)

उ०—मुझनइं ते प्रति वल्लहु, सदा न तजतु संग । ते देखतां तुझसिउ, रमतां न रहइ रग ।
—मा. का. प्र.

वल्लहो—देखो 'वल्लभ' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—१ जीव उहां पिंजर इहां, हिवड़ै हूला-हेल । रे परदेसी वल्लहा, वेल विहूणा फूल ।
—जलाल बूबना री बात

उ०—२ हा ! बांधव हा ! वल्लहा, हा ! मुझ जीवन प्रांण । पाणी में पड़तो थको, इम स्युं थयो अजांण ।
—वि. कु.

वल्लाह—अव्य. [अ.] १ ईश्वर की शपथ ।

२ सचमुच ।

वल्लियोड़ो—देखो 'वळियोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री. वल्लियोड़ी)

वल्ली—स. स्त्री. [सं. वल्लि, वल्ली] १ लता, वल्लरी, बेल ।

उ०—१ सर सरिता सुभ भरी, रसा सुभ करी हरीतन । त्रण वल्ली विसतरी, वर्ण ग्रह वरी दिसा वन ।
—रा. रू.

उ०—२ वल्ली तसु बीज भागवत वायो, महि थांणो प्रिथु दास मुख । मूळ ताल जड़ अरथ मंडहे, सुथिर करणि चढि छांह सुख ।
—वेलि

२ पृथ्वी ।
३ मिट्टी ।
४ शाल-वृक्ष ।
५ अग्नि-दमयंती ।
६ केवटी मोथा ।
७ काली अपराजिता ।

रू. भे.—वल्लि, बल्ली ।

वल्लुर, वल्लूर—सं. पु. [सं. वल्लुरं, वल्लूरं] १ लता कुंज, लता मण्डप ।

२ पवन ।
३ मंजरी ।
४ अनजुता खेत ।
५ रेगिस्तान ।

६ बीरान जंगल, वन ।
७ उपवन ।
[सं. बल्लूर:] ८ जंगली सूकर का मांस ।
९ सूखा मांस ।

बल्वल—सं. पु.—१ बलराम द्वारा मारा जाने वाला एक दैत्य ।
२ देखो 'बल्वल' (रू. भे.)

बल्ह, बल्हम—देखो 'बल्लभ' (रू. भे.)
उ०—मानवगी जांगी धणा, मारू माथै सल्ल । पिण ढोलौ जांगौ नही, बोल्हीया वे बल्ह । —ढो. मा.
उ०—२ ये म्रादर देगा कूं म्रापही ऊभा हुया छै । जैसें कोई म्रौर भी बल्हम हितू म्रावें छै । त्यो ते ऊभा हुवा छै । —वेलि टी

बल्हौ—देखो 'बल्लभ' (म्रल्पा., रू. भे.)

बव—सं. पु. [सं.] ग्यारह करणों मे एक करण जिसमें जन्म लेने वाले मनुष्य को बलवान, धीर-गंभीर म्रौर विचक्षण होना माना जाता है । (फलित ज्योतिष)
रू. भे.—बब, बव ।

बवकणौ, बवकबौ—देखो 'भभकणौ, भभकबौ' (रू. भे.)
उ०—१ मेछ तडफड मारका, म्रीधाण गहकको । पत्र भरै रत पूरिया बीराण बवक्को । —वी. मा.
उ०—२ सुण इम वचन समीर, वीर रणधीर बवक्कै । मतवाळा मदमत्त, घोम भाळा धकधक्कै । —पे. रू.
उ०—३ माहा म्रोपगी गनीमा हुंता हुचकै नरीद 'माधौ' । भूचकै भूलोक बाटी चकै कोम भार । बोमंगी म्रराबा भाळ बेताळ बवकै बकै, बाजद्रा 'बाहदरंग' हूकै जैण बार ।
—हुकमीचंद खिड़ियौ

बवकणहार, हारौ (हारी), बवकणियौ—वि० ।
बवकियोड़ौ, बवकियोड़ौ, बवक्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
बवकीजणौ, बवकीजबौ—भाव वा० ।

बवड़—देखो 'वधू' (मह., रू. भे.)

बवड़ी—देखो 'वधू' (म्रल्पा., रू. भे.)
उ०—म्हारी म्रे बवड़िया मरवणती, म्रा सासड रै हुकमा मे चाले बवडिया सरवणती । —लो. गी.

बवज—सं. पु.—१ व्यवधान, बाधा ।
उ०—मदमांहि बवज पडचो, लाघ्या परवत दुरघट-घाट । परिदेशां परि-भूमि गयउ, वीरौ जण हन चालइ बाट । —वी. दे.
२ कारण ।

बवणौ, बवबौ—क्रि. म्र. [सं. वपनम्] बोवाई होना, बोया जाना ।

उ०—केहर रा नख रंध्र सूं, गज मोतियां निपात । सूरत कौरत वेल रा, बीज बवै म्रवदात । —बां. दा.

बवयण—सं. पु. [सं. वि+वचन] यश, कीर्ति, प्रशंसा । (म्र. मा.)

बवळाणौ, बवळाबौ—देखो 'वोळाणौ, वोळाबौ' (रू. भे.)
उ०—सज्जणिया बवळाई कइ, गउखे चढी लहक्क । भरिया नयण कटोर ज्यउं, मुंधा हुई डहक्क । —ढो. मा.
बवळाणहार, हारौ (हारी), बवळाणियौ—वि० ।
बवळायोड़ौ—भू० का० कृ० ।
बवळाईजणौ, बवळाईजबौ—कर्म वा० ।

बवळायोड़ौ—देखो 'वोळायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. बवळायोड़ी)

बवहाणौ, बवहाबौ—देखो 'वहाणौ, वहाबौ' (रू. भे.)
उ०—बवहाय धणी धण खग वही, सेखराव पड़ियो समर । दौलत्तिइ पाव तजि गौ जदिन, गंगाराव धरियो गुमर । —सू. प्र.

बवहायोड़ौ—देखो 'वहायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री. बवहायोड़ी)

बवहार—देखो 'व्यवहार' (रू. भे.)

बवहाररासि—सं. पु.—जीवाणु समूह का एक म्रंश ।
उ०—किमइ निगोदह जीव नीसरइ, बवहाररासि ते जाई नय वरइ । म्रसख सहर तणउ करइ सहार, जीवह जीव करइ म्राहार ।
—वस्तिग

बवांण—देखो 'विमांन' (रू. भे.)
उ०—'माल' बेम बवाणा मांई, क्रीत जुगा नांई कहलोत । म्रपछर परण गयो इकदांई, गळबाई कीदां गहलोत । —महादांन मेहडू

बवासीर—देखो 'बवासीर' (रू. भे.)

बसग—देखो 'वासुकि' (रू. भे.)
उ०—इद्र वज्र है एक कड़क सारो घर धूजै । गुरड एक बसंग म्रनेक पस म्रापाण न पूजै । —पा. प्र.

बसंत—सं. पु. [सं.] १ षट ऋतुम्रों में प्रथम एवं प्रमुख मौसम जिसका समय चैत्र व वैशाख मास होता है ।
वि. वि.—इस मौसम के म्रागमन के पूर्व पेड़ पौधों के सब पत्ते झड़ जाते है । म्रौर सारी वनस्पती पुन: फलने-फूलने लगती है । इसलिये यह ऋतुम्रों का राजा माना है । यह शिशिर म्रौर ग्रीष्म के बीच का मौसम है, जो म्रत्यन्त सुहावना होता है ।
२ मूर्तिमान ऋतु जो कामदेव का सखा माना है ।
३ संगीत में छ: रागों मे से दूसरा राग ।
उ०—कीजइ म्रवसरि म्रवसरि नवरंसि रागु बसंत । तरुणी दल दोलारस सारस भमइ हसंत । —जयसेखर सूरि

४ एक ताल। (संगीत)
५ माघ सुदी पंचमी को आने वाला पर्व।
वि. वि.—इस दिन से इस ऋतु का प्रारम्भ माना जाता है।
६ फूलों का गुच्छा।
७ एक वस्त्र विशेष।
उ०—अनेक एक पेखियंति, रूप में चिरत्त ए। वसंत पट्टणं विसाळ, जोति में नखत्त ए। —गु. रू. बं.
८ अतिसार रोग।
९ शीतला या चेचक की बीमारी।
१० मसूरिका नामक रोग।
११ पीला रंग॰। (डिं. को.)
रू. भे.—बसंत, वासंत।
अल्पा.—वसंतड़ो, वसंतो।

वसंतता-सं. स्त्री. [सं.] १ वासन्ती या माधवी लता।
२ सफेद जूही।
३ वसन्तोत्सव।

वसंतड़ो-वि.—१ बसने वाला, रहने वाला।
उ०—ग्रेकइ वांभ्र वसतड़ा, एवड़ ग्रंतर काइ। सीहू कवड्डी नह लहइ, गइवर लक्खि विकाइ। —ग्र. वचनिका
२ देखो 'वसंत' (ग्रल्पा., रू. भे.)

वसंततिलक-सं. पु. [स] १ वसंत का आभूषण।
२ देखो 'वसंततिलका' (रू. भे.)

वसंततिलका-सं. पु. [सं. वसंततिलकः, वसंततिलका, वसततिलकं] चोदह वर्णों का एक छन्द जिसके, प्रत्येक चरण में तगण, भगण, जगण भगण और दो गुरु होते हैं।
रू. भे.—वसंततिलक।

वसंतदूत-सं. पु. [सं.] १ कोयल।
२ चैत्र मास।
३ ग्राम का वृक्ष।
४ पचम राग।

वसंतदूती-सं. स्त्री. [सं.] १ कोयल।
२ पाडर वृक्ष।
३ माधवी लता।

वसंतपंचमी, वसंतपांचम, वसंतपांचिम-सं. स्त्री. [सं. वसंतपंचमी] माघ शुक्ला पचमी, माघ मास के शुक्ल पक्ष की पचमी, इस दिन वसंत तथा रति सहित कामदेव की पूजा करने का विधान है।
उ०—प्रथमादि ग्राग वसंतपांचिम, राग फाग परीखिये। हित धांम-धांम धमाळ सुख हुय, उरध भींमळ ईखिये। —रा. रू.
वि. वि.—ग्राज कल यह सरस्वती पूजन का दिन माना जाता है।
रू. भे.—बसंतपंचमी, बसंतपांचम, बसंतपांचिम, बसतपांचिमी, वसतपाचम, वस्तपांचम।

वसंतबंधु-सं. पु. [सं.] कामदेव।

वसंतभैरवी-सं. स्त्री. [सं.] एक रागिनी का नाम। (संगीत)

वसंतमारू-सं. पु.—सब शुद्ध स्वरों का सपूर्ण जाति का एक राग। (संगीत)

वसंतमालतीरस—देखो 'सुवरण-मालिनी-वसत' (वैद्यक)

वसंतरत—देखो 'वसतरितु' (रू. भे.)
उ०—मचियो रसवोर वसंतरत मातो, ग्रवध पवन पोह गोळा तीर। कुसुम पात तर जठे 'कुसळ' हर, गहरापण कीधो गजगीर। —ग्रभैराम महीयारियो

वसंतरमण, वसंतरमणि, वसंतरमणी-सं. पु.—एक छंद (गीत) विशेष जिसके प्रथम चरण में १९ मात्राएँ होती है तथा शेष तीनों चरणों में १६-१६ मात्राएँ होती हैं तथा ग्रत भगण ग्राता है। इसकी तुकात मिलती है।
उ०—१ ग्राद पाय उगणीस मत, बीजो सोळ वखांण। ग्रंत भगण जिण गीत नं, वसंतरमणि वखांण। —र. ज. प्र.
उ०—२ कर कर ग्राद में हिक नगण सुभंकर, धुर उगणीस मत्त नहचै धर। बे लघु होय तुकंत बराबर, सुसबद रांम कहै मझ मंदर। गीत वसंतरमण कवि गावत, सोळह पद-प्रत मात सुभावत —र. ज. प्र.
रू. भे.—बसंतरमणी।

वसंतरित, वसंतरितु—देखो 'वसंत' (१)
उ०—ऊपर तिठा वसंतरित ग्राई, सोत वितीत हुई ग्रसुहाई। सोभै ग्रब ग्राद तर सारा, वर्ण नीत जिम प्रज चा वारा। —रा. रू.
रू. भे.—बसंतरितु, वसंतरत।

वसंतवाक-स. पु. [स. वसंतवाक्] संगीत दामोदर के चोदह तालों में से एक।

वसंतसख, वसंतसखा-स. पु. [सं वसंत सखः] कामदेव का एक नाम।

वसंति, वसंती-वि. [स वसन्ती] १ वसत ऋतु का, वसंत ऋतु सम्बंधी।
२ वसत ऋतु में होने वाला, चलने वाला।
उ०—ग्रबा डार कोयलिया बोलै, वहत वसंती बयार मा। कुंज-कुंज रमराज दंपत जहा, भंवरन ज्यु मिळ डोलै। —रसीलै राजरा गीत
३ वसंती (पीले) रग का।
स. स्त्री.—१ वसंत ऋतु की देवी, सरस्वती।
उ०—दम मास समापित गरभ दीध रित, मन व्याकुळ मधुकर मुणणति। कठिण वेयणि कोकिल मिसि कूजति, वनसपती प्रसवती वसंति। —वेलि

२ सरसों के फूल के समान हल्का पीला रंग ।

३ जूही ।

रू. भे.—बसती, बासंती ।

बसंतोत्सव–स. पु. [स.] १ वसंतपंचमी के दिन मनाया जाने वाला एक उत्सव ।

२ प्राचीन काल में वसंतपंचमी के दूसरे दिन मनाया जाने वाला एक महोत्सव ।

३ होली का उत्सव ।

बसंतौ—देखो 'वसंत' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—खेलें प्रति ही उलसतौ, वालम विनु कैसो **बसंतौ** हो लाल ।
—घ. व. ग्र.

बसधरा—देखो 'वसुंधरा' (रू. भे.)

उ०—असुराण प्राण मिटसी इळा, सुर वध पांण **बसंधरा** ।
नवकोट नाथ निसनो निजर, डर घारो हरि ऊपरा । —रा रू.

बसंभर—देखो 'विस्वंभर' (रू. भे.)

उ०—मीर म्हैं जका भीरू **बसंभर**, गाज कुण सकै 'जसवंत' रा गाव । राव एक थाप ऊथापीया रड़मलां, रड़गला पुड़दड़ी राखीया गाव । —दुरसौ आढौ

बस–वि. [स. वश] १ नियन्त्रण या काबू मे आया हुआ, अधीनस्थ ।

२ आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी ।

३ विनम्र ।

४ किसी किसी प्रकार के जादू-टोने के प्रभाव में आया हुआ, वशीभूत ।

मुहा०—बस में होणौ=काबू मे होना, अधिकार मे होना, मुग्ध होना, मोहित होना, मोहजाल मे फसना, भ्रमित होना ।

सं. पु. [स. वश] १ अभिलाषा, कामना सकल्प, इच्छा, चाह ।

२ नियन्त्रण, काबू, अख्त्यार ।

उ०—बस राखौ जीभ कहै इम 'बांको', कड़वा बोल्यां प्रमत किसी ।
लोह तणी तरवार न लागै, जीभ तणी तरवार जिसी ।—बा. दा.

३ किसी विषय या बात को अपने अनुकूल घटित करने की सामर्थ्य, शक्ति ।

४ प्रभाव, प्रभुत्व, धाक ।

५ पहुंच ।

६ गति, वेग । (अ मा)

मुहा.—१ बस चालणौ=स्थिति काबू मे होना ।

२ बस मे होणौ=कोई कार्य अपने अधिकार-क्षेत्र में होना ।

३ बस री बात=वह स्थिति जहां पर अपनी पहुँच हो, प्रभाव हो ।

७ उत्पत्ति, जन्म ।

८ रंडियो का चकला, रंडी खाना ।

९ देखो 'विस' (रू. भे)

रू. भे.—बस, वसि ।

बसक्कि, बसख—देखो 'विसिख' (रू भे.) (ह. नां. मा.)

उ०—**बसक्कि** भबक्कि बळक्कै सार । घावां मिळ तिम्मर घोर अंघार । —गु. रू. बं.

बसट–अव्य. [स. वषट्] यज्ञों में अग्नि में आहुति देते समय उच्चारण किया जाने वाला एक शब्द ।

बसटकार–स. पु. [स. वषट्कार] १ उक्त शब्द उच्चारण करने वाला व्यक्ति ।

१ एक देवता ।

३ देवताओं के उद्देश्य से किया जाने वाला यज्ञ ।

बसटक्रत–वि. [सं. वषट्कृत] हवन किया हुआ, होमा हुआ, हुत ।

बसटक्रत्य–सं. पु. [सं. वषट्कृत्य] हवन, यज्ञ, होम ।

बसण—१ देखो 'वसन' (रू. भे)

उ०—१ खंघ **बसण** रण हाथ खग, घोड़ा ऊपर गेह, घर रखवाळो विन धरण, गिणै न त्रण सम देह । —जैंतदांन बारहठ

उ०—२ आज झगड़ा ऊपरै जावतां भेस करियौ छै–कुसुम फूलां रो मोड अनै **बसण** कपड़ा रंगिया है । —वी. स. टी.

२ देखो 'बसण' (रू भे.)

बसणौ—१ देखो 'बसणौ' (रू भे.)

२ देखो 'वसन' (अल्पा., रू भे)

बसणौ, बसबौ—देखो 'वसणौ, बसबौ' (रू. भे.) (उ. र.)

उ०—१ हसतौ नृप देखे सिघ हसियौ । विभ्रम तांम नृपति उर वसियौ । —सू. प्र.

उ०—२ पैंड विये अममेद रा, मरै खड़ग री मीच । अच्छरां बांहड़ियां गळै, बसै विमांणां बीच । —बां. दा.

उ०—३ संमत १६६१ अमरसिंघजी सार्थं गयौ । पछै संमत १६—९६ वळै वसियौ । काठमी पटै । —नैणसी

उ०—४ जिणै देसे सज्जण **बसइ**, तिणि दिसि वजउ वाउ । उआं लगे मो लगसी, ऊ ही लाखपसाउ । —ढो. मा.

उ०—५ पवन चदनगध हरावतउ, वदनि वासि **बसइ** दिसी वासतु । —शालि सूरि

बसणहार, हारो, (हारी), बसणियौ वि०

बसिओड़ौ, बसियोड़ौ, बस्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

बसोजणौ, बसोजबौ—भाव वा० ।

बसत—देखो 'वस्तु' (रू. भे.)

उ०—१ रत घ्रति चंदरण कपूर, सर्फ समसांरण सफाई । विविध भ्रमित सुचि बसत वेहग्नि निमति चलाई । —रा. रू.

उ०—२ वराक कहै भ्रावं बसत, के कूड़ें के गूंरण । चेळे पड़ें सो होय सुध, सैंभर पड़ें स लूंरण । —बां दा.

उ०—३ इतरी बसत कनक घट भ्रांणे। संपुट दिये किये सहनांणे । बाळजती पतिवरता बेवं । सपत निसा जाग्ररण करि सेवं । —सू. प्र.

२ देखो 'वस्त्र' (रू. भे.)

बसतपांचम—देखो 'वसंतपंचमी' (रू. भे.)

बसतर—देखो 'वस्त्र' (रू. भे.) (ग्र. मा., ह. नां. मा.)

उ०—पीढं ताम उठावं ऊपरि । केसर चंदरण भीरण बसतर करि । —सू प्र.

बसति, बसती—स. स्त्री. [स. बशित्व] १ ग्रष्ट सिद्धियों में से एक जिससे सब को वश में करने की शक्ति ग्राजाती है । (डिं. को.)

२ देखो 'बस्ती' (रू. भे.)

उ०—१ ग्रोपो ग्राढ़ो कहै ईसवर, नित राखूं चित थारो नांम । तूं छतो मांय देवरण मुख तूंही, ररण तरणी बसती तू राम । —ग्रोपो ग्राढ़ो

उ०—२ बसती मांय मिळै नहीं वासो, खरच पला री खासी । साजरण सैरण सीरवो सुख रा,जीव हेकलो जासी । —भीखजी रतनूं

उ०—३ ऊंडा जळ सूकै ग्रवस, नीलो वन जळ ज्याय ; चुगल-तरणा पग फेरसूं, बसती ऊजड ज्याय । —बां. दा.

उ०—४ ऊग्यो डूंग्व ग्रफीम, नीमरो रूंख निरोगी । बसती होड़ हकीम, नीमड़ो जंगम जोगी । —दसदेव

बसतु—देखो 'वस्तु' (रू. भे.)

उ०—ताम्बो, ताव तमांम, पीनरणी मर पुसळाई । नैंड़ी थैंड़ी तरणी जाळ बसतुवा वरणाई । —दसदेव

बसतो—देखो 'बसतो' (रू. भे.)

बसत्त—१ देखो 'वस्तु' (रू. भे.)

उ०—हुंता रज्जरण-होयड़ें, सयरणां हूदा हत्त । जउ सोहरणो सावइ होग्रइ, सोहरणो बडी वसत्त । —ढो मा.

२ देखो 'वस्त्र' (रू. भे.)

उ०—करै वरिणज्ज एक हट्ट, रूप सक्कलत्त ए । साग्वा चोतार मुक्खमल्ल, रेसमी बसत्त ए । —गु. रू. ब.

बसत्र—देखो 'वस्त्र' (रू. भे.)

उ०—भ्रांमी बसत्र सेत तन भासत, वसन लाल खित्ररणी सुवासत —र. ज. प्र.

बसदे—१ देखो 'वसुदेव' (रू. भे.)

२ देखो 'वासदे' (रू. भे.)

बसदेराव - देखो 'वसुदेव' (रू. भे.)

बसदेव—देखो 'वसुदेव' (रू भे.)

उ०—१ सेत ग्रस्व सुभद्द स करण-सत्र · सखा तास बसदेव सुत । —ह. नां. मा.

उ०—२ घन बसदेव तरणे गरधारी, जमदग रै घर फरस जपै । संकर रै गरणपत सारीखो, दूजो 'फतमल' ग्रसो दपै । —मेगराज ग्राढो

२ देखो 'वासदेव' (रू. भे.)

उ०—रुइ घ्रत पूंछ लपेट कर, बसदेव जगाया । देतां का एवास सब, जद भ्राग जळाया । —केसोदास गाडरण

बसधा—देखो 'वसुधा' (रू. भे.)

उ०—वड पह बहुभार भुजि कुळिभार, घर सिरणगार तपै लखधीर । विलसरण गजवाज कुंग्रर सकाज, बसधा राज करै बरवीर । —ल. पि.

बसधापत, बसधापति—देखो 'वसुधापति' (रू. भे.)

उ०—'जगतेस' फवज्ज प्रबंध करै, भुव कंपित भार दिगीस डरै । मन ग्रांन महीपन के प्रजरे, किन पै बसधापति कोप करै । —बा. रा.

बसन—स. पु. [स. वसन] १ वस्त्र, कपड़ा, परिधान । (ग्र. मा., ह. नां. मा.)

उ०—१ भ्रूटि भूंबिय महोतलि रोली । काढ़िवा बसन कोष । होयाली —सालि सूरि

उ०—२ तन स्याम ग्रंबुद रूप तड़िता, बसन पीत विचार । वासन्न पीत विचार सरवर, घनुख सायक धार । —र. ज. प्र.

२ कफन ।

३ ग्रावरण, गिलाफ, ग्राच्छादन ।

४ स्त्रियों के कमर में धारण करने का एक ग्राभूषरण, करधनी।

रू. भे.—वसना ।

५ देखो 'विस्णु' (रू. भे.)

६ देखो 'बसरण' (रू. भे.)

रू. भे.—बसरण, वसन, बसन्न, वसरण, वसन्न, वासन्न ।

ग्रल्पा —बसरणो ,वसरणो ।

बसनस—सं. पु. [स. वस्नसा] स्नायु, रग, नाड़ी ।

बसना—देखो 'वसन' (३) (रू. भे.)

बसन्न—देखो 'वसन' (रू. भे.)

उ०—वर्ग सामळो गात भीगौ वसन्नं । निगी भूखणे जोत मोती मलन्नं । —रा. रू.

वसमगत, वसमगति—देखो 'विसमगति' (रू. भे.)

उ०—हीगे धागेया मान जवान छवनो नहंग, ग्रवर नर वीमरै तगा ग्रम्रभा । वसमगत देव 'जसराज' खग वाहते, रही रथ साह गजगाह रभा । —महाराजा जसवंतसिंह री गीत

वसरांमणो, वसरांमबो—१ देखो 'विसरामणो, विसरांमबो' (रू. भे.)

उ०—बडो सूर दातार रायसींग वसरांमियौ, वडगा गुण वड वडी घड़ा बरगी । कुजस तणी मोनाज करसी कमस, कमरा कोड़ा तणी गीभ करसी । —दुरसो ग्राढ़ो

२ देखो 'विस्रामणो, विस्रामबो' (रू. भे.)

३ देखो 'विसरावणो, विसराबो' (रू भे.)

वसरांमियोड़ो—१ देखो 'विसरांमियोड़ो' (रू. भे.)

२ देखो 'विस्रामियोड़ो' (रू. भे.)

३ देखो 'विसरायोड़ो'

(स्त्री. वसरांमियोड़ी)

वसराळ—देखो 'विसराळ' (रू भे.)

उ०—नवक वाग वसराळ गेंगाग जग ग्रानमां, खाग दावायतां ग्राव लूटी । लाय वदी तगत लयंतां लगाई, ग्राग जैपुर नगर जाग ऊठी । —दुरजणसिंह री गीत

वसव—देखो 'विस्व' (रू. भे.)

उ०—सगळी मद वरी सागजादी, मार नार पड जना सगार । वसव ऊपरै येक वखाणा, गारां वीजे सुगग मभार । —मेसदास ग्राढो

२ देखो 'विस' (रू. भे.)

उ०—वसव छाडै भुजंग, मग, ऊलट वहावै, कहावै वेद कुण साच करसी । लग दीया 'भीम' ग्रासुर जकै जुग्रावै, ऊदै रव न थावै वीया 'ग्ररसी' । - जवानजी ग्राढ़ो

वसवान—देखो 'वसीवान' (रू भे.)

उ०—१ घर डुल्लिय परिभार, पहुमि वसवान उचल्लिय । हल भिल्लिय नरि नार, सम ग्रहि फन पर सल्लिय । —ला रा.

उ०—२ गुनगा दासरथ रूप जसवान कोटक समर, समर जसवान ग्रा, सियामाना । नवता नाम नसवान ग्रध भव तणा, भव तणा लिया वसवान भामो । —र. ज. प्र.

वसांमध—स पु.—पाटल नामक वृक्ष । (ग्र मा)

वि. वि देखो 'पाडळ'

वसा—स. स्त्री. [स. वसा] १ ग्रौरत, नारी, स्त्री ।

२ पत्नी, भार्या, जोरू ।

३ लड़की, पुत्री ।

४ पति की बहन, ननद ।

५ बंध्या स्त्री ।

६ गौ, गाय ।

७ बांझ गौ ।

८ हथिनी ।

[स. वसा] ९ मेद । (डिं. को.)

१०—चरबी, मांस ।

११ मस्तिष्क ।

रू. भे.—वसा ।

वसाकेतु—स. पु. [स.] पश्चिम में उदय होने वाला एक धूम केतु, तारक-पुंज ।

वसाड़णो, वसाड़बो—देखो 'वसाणो, वसाबो' (रू भे.)

उ०—जादम जाडा वजिया, 'रामो' नैं ऊदल्ल । विच सुरपुरां वसाड़िया, ग्रछरां तणा महल्ल । —रा. रू.

वसाड़णहार, हारौ (हारी) वसाड़णियौ—वि० ।

वसाड़िग्रोड़ो, वसाड़ियोड़ो, वसाड़्योड़ो—भू० का० कृ० ।

वसाड़ीजणो, वसाड़ीजबो—कर्म वा० ।

वसाड़ियोड़ो—देखो 'वसायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री. वसाड़ियोड़ी)

वसाणो, वसाबो—देखो 'बसाणो, बसाबो' (रू भे.)

वसाणहार, हारौ (हारी), वसाणियौ—वि० ।

वसायोड़ो भू० का० कृ० ।

वसाईजणो वसाईजबो—कर्म वा० ।

वसायोड़ो—देखो 'बसायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री वसायोड़ी)

वसारेळ—सं पु [सं. वसु=पृथ्वी+राज.रेळ=तरबतर] इंद्र ।

उ०—घटा बांध चमराळ पखराळ फौजां घसण, दुजड़ तड़िताळ छिबभाल दमतौ । ग्राग ग्रणगाळ रो गिरा ग्रग्राजियो, वैरियां काळ वसारेळ 'वमतौ' । —करणीदांन कवियो

वसाळ—स पु —भेड़ ।

उ० - ढोलइ करह विमासियउ, देखे वीस वसाळ । ऊचे थळइ ज एकलो, वच्चाळइ एवाळ । —ढो. मा.

वसाव, वसावट—देखो 'बसाव' (रू. भे)

उ०—तम महल न पोढ़ै प्रमग नचीता, वमरे गिरै वसाव कीया । वस तणो ऊडाव वीडरे, मीमोदां वक रास कीया ।

—मेपजी बारहठ

वसावणो, वसावबो—देखो 'बसाणो, बसाबो' (रू भे.)

उ०—१ मुलक बसावणहार, चिणावै वेजा भारी । ढूंढा पड़वा साळ, भखारी भींत तिबारी । —दसदेव

उ०—२ घर आंगण मांहै घणा, त्रासै पड़ियां ताव । जुध आंगण सोहै जिके, वालम वास बसाव । —बां. दा.

बसावणहार, हारौ (हारी), बसावणियौ—वि० ।

बसाविग्रोड़ो, बसावियोड़ो, बसाय्योड़ो—भू० का० कृ० ।

बसावीजणौ, बसावीजबौ—कर्म वा० ।

बसावियोड़ो—देखो 'बसायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री. बसावियोड़ी)

बसाह-सं. पु—नगर या शहर के चौहटे का नाम । (सभा)

बसि—१ देखो 'वसी' (रू. भे.)

२ देखो 'बस' (रू. भे.)

उ०—अंगथीमां चंदन घूम्रों, देह माहारांनि कसि । प्रत्यक्ष जूम्रो पारखूं, विसधर जेणि बहु वसि । —नळाख्यान

बसितव, बसिता—देखो 'वसित्व' (रू. भे.) (ना. मा.)

बसितागाथा-सं. स्त्री—गाथा छंद का एक भेद जिसमें आठ गुरु व ४१ लघु होते हैं । (पिंगल सिरोमणि)

बसित्व-सं पु. [सं. वशित्व] १ वशता, अधीनता ।

२ एक प्रकार की सिद्धि ।

रू. भे.—वसितव, वसिता, वसीता ।

बसिमा—देखो 'वसि' (रू. भे.)

बसियकरण—देखो 'वसीकरण' (रू. भे.)

उ०—मूरति तोरी हो दिल चोरी नइ रही, वसियकरण कियो कोइ । रंग दिखालइ हो रालइ जे दुख आपणौ, ते गुण रसिया जोइ । —वि. कु

बसियां—देखो 'वस्ती' (रू. भे.)

बसियोड़ो—देखो बसियोड़ो' (रू.भे)

(स्त्री. वसियोडी)

बसिस्ट, बसिस्ठ-सं. पु. [सं वसिष्ठ] १ एक प्रचीन एवं प्रसिद्ध ऋषि, जो स्वायंभुव मन्वंतर में उत्पन्न हुए ब्रह्मा के दस मानसपुत्रों में से एक माना जाता है ।

उ०—१ होता प्रभु करना जग हरता, कहना गुर बसिस्ट जिम करता । धरि गुर वचन वचन पित धारै, प्रभु सिय जुत वनवास पधारै । —सू. प्र

उ०—२ बसिस्ठ आदि वह्मयं, करत जातकमयं । हळद्द कुंकमं हरी, करंत छोह केसरी । —सू. प्र.

वि. वि.—वसिष्ठ नामक सुविख्यात ब्राह्मण वंश का मूल पुरुष भी इसे ही माना जाता है एवं यही वंश अयोध्या के वैदिक-कालीन सूर्यवंशी (इक्ष्वाकु वंशी) राजाओं का सदियों तक पौराहित्य करता रहा था । इन्हें ही ऋग्वेद के सातवें मंडल के रचयिता माना जाता है ।

२ एक स्मृतिकार ऋषि ।

३ एक ऋषि जो भरतवंशीय सम्राट रंतिदेव सांकृत्य का पुरोहित था ।

४ रैवत मन्वंतर का एक ऋषि ।

५ सावर्णि मन्वन्तर का एक ऋषि ।

६ श्राद्ध देव का प्रोहित एक ऋषि ।

७ सप्तर्षि मंडल का एक तारा ।

८ आठवा वेद व्यास, जिसे इन्द्र ने ब्रह्मांड पुराण सिखाया था ।

९ एक शिल्प शास्त्रज्ञ ।

१० अगस्त्य ऋषि का छोटा भाई विदेह-राज निमि का प्रोहित था ।

रू. भे.—बसिस्ठ, बसीठ, बासिस्ट, बासिस्ठ, बसोठ ।

बसिस्ठपुरांण-सं. पु. [सं. वसिष्ठपुराण] एक उपपुराण, जिसे लिंग पुराण भी मानते हैं ।

बसी-सं. पु. [सं. वसिः] १ गृह, घर, निवासस्थान । (अ. मा.)

उ०—आयां बसियां आपणीं, ग्रीखम थई वतीत । १७३६ गुण चाळो लागो वरस, चाळो सरस सजीत । —रा. रू.

२ वस्त्र ।

[सं. वश्यः] ३ नौकर, चाकर, दास, अनुचर (परिग्रह)

उ०—१ रावळ नूं डूंगरपुर नेड़ोहोज ठोड़ पाधर में वताई तठै ऐ आपरा गाडा आंण वसी सूधा छोडिया । —नैणसी

उ०—२ ताहरा एक दिनै ऐ चढनै घूघरोट रा पाहड़ां मांहै राव मालदेजी री वसी हुती, तिकै नूं बंध कीवी । —नैणसी

५ जागीरदारों द्वारा लिया जाने वाला कर विशेष जो प्रजा की रक्षा करने के कारण लिया जाता था ।

६ वह व्यक्ति जो जागीरदार का विशेष कृपा पात्र होता था और सभी प्रकार के कर व लागों से मुक्त होता था ।

उ०—हुवै वसी रो वांणियो, पातर हुयै खवास । हुवै कीमियागार ठग, निध हर जावै नास । —बां. दा.

वि. वि.—उक्त कृपा व स्वतन्त्रता के साथ ही इसे जागीरदार की इच्छा का हर वक्त ध्यान रखना पड़ता था ।

७ बसने के लिये दी जाने वाली जागीरी, स्थान ।

उ०—सहसो तेजसी वरसिंघ जोधाउत्त री पोत्रो मेड़तीयौ वास राखीयो थो तिणनु रीया वसी नुं दीनी थी ।

—राव मालदे री बात

८ निवास ।

उ०—जैतो जोधपुर चाकरी करै। कूंपो सोजत चाकरी करै। सु जैतै री वसो बगड़ी मांहै। सु बगड़ी बीरमदे रै बांटै में आई। —नैणसी

[सं. वशि:] ८ अधिकार, कब्जा।

९ अधीनता।

१० मनमोहकता।

वि.—१ बसाया हुआ, २ आकर बसा हुआ, ३ वश में रहने वाला।

रू. भे.—बसि, वसो, बस्सी, वसि।

वसीकर—वि. [सं. वशीकर] १ वश में करने वाला।

उ०—मंत्र वसीकर महलो, वांणी बोयलियांह। कुरजड़ियां गरदन कहूं, कटा कोयलियाह। —पा. प्र.

२ मोहित करने वाला, मुग्ध करने वाला।

रू. भे.—बसीकर।

वसीकरण, वसीकरणि—सं. पु. [सं. वशीकरण] १ वश में करने की क्रिया या भाव।

२ एक मंत्र, जिसके प्रयोग से किसी को वश में किया जा सकता है। (तन्त्र)

३ अष्ट सिद्धियों में से एक सिद्धि। (ह. नां. मा)

४ कामदेव के पांच बाणों में से एक।

उ०—आकरसण, वसीकरण उनमादक, परठि द्रविण सोखण सर पंच। चितवण हसणि लसणि गति संकुचणि, मुंदरी द्वारि देहरा सच। —वेलि

५ वश में करने का कोई साधन।

उ०—वाजित्र गरथ वसीकरण बीजा सहु अकयथ्थ। जिए चड़या दउ बलरइ, नरणि पसारइ हथ्थ। —व. स.

उ०—२ रसायनप्रयोगरसिक, प्रदरसितवलियलित, वसीकरणि अमूढ़ लक्ष सड़ी। —व. स.

रू. भे.—बसीकरण, वसियकरण।

वसीका—सं. स्त्री. [अ. वसिका] अगर की लकड़ी।

वसीकौ—वि. [अ. वसिक] १ शून्य, रहित।

२ रीता, खाली।

[अ. वसीक:] ३ पेंशन पाने वाला।

[स. पु.] (१) ऋण पत्र। (२) दस्तावेज। (३) इकरार नामा।

४ सरकारी खजाने मे जमा कराया जाने वाला धन जिसका सूद जमा कराने वाले के सम्बन्धियों को मिलता है।

रू. भे.—बसीकौ।

वसीकृत—वि. [सं. वशीकृत] १ मोहित, मुग्ध।

२ वश में किया हुआ।

वसीटाळू—देखो 'विस्टाळू' (रू. भे.)

वसीटाळौ—१ देखो 'विस्टाळौ' (रू. भे.)

२ देखो 'विस्टाळू' (रू. भे.)

वसीट्टी—सं. पु.—१ दूत।

उ०—पचे मिलि बात पतीठी, परगच्छी हुआ वसीट्टी। —कविकनक सोम

२ देखो 'वसीठी' (रू. भे.)

वसीठ—सं. पु.—१ संदेशवाहक, दूत।

उ०—हे सखी म्हारै पती कोई जोधार में मारण री इच्छा न होवै तद उणनें उर छाती में भाला री बूड़ी दे अटकावै-रोकै-पण काळ तो उठा सूं प्रांण लेण नें वसीठ दूत भेज देवै। —वी स. टी.

३ राज दूत।

४ देखो 'वसिस्ठ' (रू. भे.)

रू. भे.—बसीठ।

वसीठी—सं. स्त्री.—१ वसीठ का कार्य।

२ संदेश लाने-लेजाने का कार्य।

रू. भे.—बसीठी, वसीट्टी।

वसीता—देखो 'वसित्व' (रू. भे)

वसीतुनीर—सं. पु.—तीर, बांण। (अ. मा.)

वसीभूत—वि. [सं. वशीभूत] १ वश में या काबू में किया हुआ, नियंत्रित, अधीन।

२ दूसरों की इच्छा के अधीन रहने वाला।

३ मोहित, मुग्ध।

रू भे.—बसीभूत।

वसीयत—स. स्त्री. [अ.] १ विदेश गमन या मरणासन्न व्यक्ति द्वारा अपनी सम्पत्ति के विभाग उपयोग के लिये की जाने वाली व्यवस्था।

२ मरणासन्न व्यक्ति का अपनी सम्पत्ति के व्यय एवं प्रबंध के लिए अंतिम आदेश, निर्देश।

३ मरने वाले का अंतिम कथन।

४ सम्पत्ति की व्यवस्था के लिये लिखा जाने वाला दस्तावेज।

रू. भे.—बसीयत।

वसीयतनामौ—स. पु. [अ. वसीयतनाम:] १ अपनी सम्पति की व्यवस्था के लिये लिखा जाने वाला कानूनी दस्तावेज।

२ इच्छा-पत्र।

बसीरौ–सं. पु. [सं. सिच क्षरणे+क्त=प्रवसिक्त या शीकृ सेचने+क्त =प्रवशीकित। भागुरी के मत से अ का लोप सिक्त अथवा शिकित=वसीकौ=बसीरौ] प्रजा ।

उ०—१ राव सुरतांण रै **बसीरा** रजपूता रा गांव छै, तिण ऊपर फौज १ पंलीजे ज्यूं रजपूत जुदा जुदा बिखर जाय, पछै सुरतांण नूं कूट मारिस्यां। —नैणसी

उ०—२ चौपदौ घण। सो ईयां री घण लोकां रा खेत खावै । **बसीरा** लोकांरा खेत ऊभा खाईजे। सु लोक बसीरौ भाखरसी आगै नित-प्रत पुकार घालै । —नैणसी

बसीलौ–सं. पु. [फा. वसील:] १ आश्रय, सहारा ।

उ०—सावळ संत तणी सुण सांमी, ढळवळ सहज न धारै ढील । वचन उसीला तणो **बसीलौ**, वड दरबारां तणो वकील । —ओपो आढौ

२ सम्बन्ध, लगाव।

३ साधन, जरिया, माध्यम ।

उ०—अंग अमोला हो लाल, तुझ नइ दीठां आणंदा । मुगति **बसीला** हो लाल, समता सुरतरु कंदा । —वि. कु.

४ उपकरण ।

५ बिचौलिया ।

रू. भे.—बसीलौ ।

बसीवांन–वि. [सं. वसि+प्र. वत्] १ बसने वाला, निवास करने, वाला, निवासी ।

२ वंश परम्परा के अनुसार जो स्थायी रूप से निवास करता हो ।

रू. भे.—बसीवांन, बसैवान, वसवांन।

बसुंधरा–स. स्त्री. [सं.] पृथ्वी, भूमि ।

उ०—ए'क तीन वसत निभाइयी विनायक, पवन-पांणी-**बसुंधरा** । —लो. गी.

रू. भे.—बसदरा, बसंघरा, बसुंधरा, वसघरा, वसुघर, वसुघरा।

बसु–सं. पु. [सं.] १ धन, दौलत, द्रव्य। (अने.)

२ प्रकाश, तेज।

३ देवता, सुर ।

४ रत्न ।

५ स्वर्ण, सोना ।

६ एक ही श्रेणी के आठ देवताओं का एक गण (समूह)

उ०—तहां वेदपाठी ब्राह्मण विधिपूरवक मंत्र-बळ करि ब्रह्मादि रिखीस्वर इंद्र आदि देवता अड़सठ तीरथ, चार वेद, आठ वसु, अस्ट परवत दसों दिग्पाल आदि सैं आवाहन करि आहुति कर प्रसन्न किया । —सिंघासण बत्तीसी

वि. वि.—आठ देवताओं के नाम इस प्रकार है:—आप (अह), ध्रुव, सोम, धर या धव, अनिल, अनल, प्रत्यूष और प्रभास ।

७ कुबेर । (ह. नां. मा.)

(८) इन्द्र । (९) मेघ, बादल । (ना. डि. को.) (१०) सूर्य । (११) विष्णु । (१२)शिव,रुद्र । (१३)जल, पानी । (१४) वायु । (१५) प्रजापति । (१६) तालाब, सरोवर (१७) महद्‌गण । (१८) पदार्थ, वस्तु । (१९) लवण विशेष । (२०) अगस्त्य का वृक्ष । (२१) वक-वृक्ष । (२२) छप्पय छन्द का एक भेद जिसमें ३ गुरु व १४६ लघु होते हैं। (२३) साधु पुरुष, सज्जन । (२४) अधिकार, कब्जा, वश । (२५) आठ की संख्या ।

(डि. को) (२६) दीप्ति, चमक । (अनेका.) (२७) अग्नि, आग । (अ) (२८) किरण, रश्मि । (२९) पृथ्वी, धरती ।

उ०—कछव कछवाह वांसो पलट करै किम, **बसु**-ह वो मांड बिहूं भडां वासै । —मिरजा राजा जयसिंह रौ गीत

(३०) उषा । (३१) अश्वी । (३२) इन्द्र की अमरापुरी । (३३) कुबेर की अलका पुरी । (३४) अमरापुरी व अलका पुरी में बहने वाली एक नदी । (३५) दक्ष प्रजापति की कन्या का नाम । (३६) मोलश्री । (३७) वृद्धि नामक ओषधि, जडी । (३८) लगाम, रास बागडोर ।

वि. —१ जो सब में निवास करता हो ।

२ जिसमें सबका निवास हो ।

३ अधीन, अवलम्बित ।

क्रि. वि.—अधिकार में, कब्जे मे, अधीन ।

उ० -- माल-बित सारौ सभाळनै हाथ **बसु** कियो । —नैणसी

रू. भे.—बसु, बसू, बिसू, वसुह, वसू ।

बसुचरण–स. पु.—डगण के चतुर्थ भेद का नाम, इसमें आदि गुरु, फिर दो लघु (ऽ।।) होते हैं ।

बसुद–सं. पु. [स. वसु+प्र. द.] १ विष्णु । २ कुबेर ।

बसुदरम–सं. पु. [स. वसुधर्म] इन्द्र ।

रू. भे.—बसुदरम ।

बसुदा—देखो वसुधा' (रू. भे.)

उ०—'जुजा' सुतन जमायौ जबरौ, सत्रहां ऊपर इसौ सधीर । **बसुदा** संग वळा नै वादै, वांदै वळी तोनै नर वीर ।

—ठाकुर इंदरसिंह रौ गीत

बसुदेव–सं. पु. [स] श्रीकृष्ण के पिता एवं यदुवंशियों के राजा ।

(ह. नां. मा.)

उ०—अवळा बाळक एक, अरज करूं ऊभौ अठै । टाबर ध्रुव री टेक, तैं राखी **बसुदेव** तण । —रांमनाथ कवियौ

रू. भे.—वसुदेव, वसुदेव, वसदे ,वसदेव ।

वसुधर, वसुधरा—देखो 'वसुंधरा' (रू. भे.) (डि. नां. मा., नां. मा.)

वसुधान, वसुधा—सं. स्त्री. [सं. वसुधा] पृथ्वी, धरती, धरा । (अ. मा., डि. को., डि. ना. मा., नां. डि. को., ना. मा., ह. ना. मा.)

उ०—१ हिन्दै मरै खळ हाल खगधारा कुळ खोवणा । मूंपै हेकण साथ, सिर बिन घर वसुधा सुजस । —बां. दा.

उ०—२ दत देता धन मागतां, जगि सुणता जसवास । वसुधा इण पर वौळिया, नव कोटी मट-माम । —गु. रू. बं.

रू. भे.—वसुदा, वसुधा, विसुधा, वसधा, वसुध्धा, वसुह, वसुहा, वसूधा ।

वसुधाधर—सं. पु. [सं.] १ विष्णु ।

२ शेषनाग ।

३ पर्वत ।

वसुधाधिप, वसुधाधिपति—देखो 'वसुधापति' (रू. भे.)

वसुधाभोख—सं. पु. [सं. वसुधाभुक्] पानी, जल । (अ. मा.)

वसुधापति—सं. पु.—राजा, नृप ।

रू. भे.—वसुधाधिप, वसधापत, वसधापति, वसुधाधिप, वसुधाधिपति ।

वसुधारा—सं. स्त्री. [सं.] १ कुबेर की राजधानी, अलकापुरी ।

२ एक प्राचीन तीर्थ का नाम ।

३ जैनों की एक देवि, शक्ति ।

वसुधेस—सं. पु. [सं. वसुधा+ईश] १ ईश्वर ।

२ राजा, नृप ।

रू. भे.—वसुधेस ।

वसुध्धा—देखो 'वसुधा' (रू. भे.)

उ०—वसुध्धा वट्ट । पैमाळ पहट्ट । गोधूळ गरद्द । पाखै गय-मद्द । —गु. रू. बं.

वसुपय—सं. पु.—डगण के चतुर्थ भेद का नाम । (र. ज. प्र.)

वसुप्रसून—सं. पु. [सं. विसप्रसून] १ कमल ।

रू. भे.—वसूप्रसून ।

वसुमता, वसुमति, वसुमती, वसुमत्ती—सं. स्त्री. [सं. वसुमति] पृथ्वी, धरती । (डि. ना. मा., नां. मा., ह. नां. मा.)

उ०—१ डारण समर अडोल, मारण चढ़्यो मेवासिया । तिण कारण खग तोल, बोल उबारण वसुमती ।

—प्रतापसिंघ म्होकमसिंह री बात

उ०—२ रजनीचरण करन निरमूळहि, सारदूळ चढि गहिय त्रिसूळहि । जगपति जनिय हलिय वसुमत्ती, लोकरनी जयजयति सकत्ती । —मे. म.

रू. भे.—वसुमति, वसुमती, वसूमती ।

वसुरेता—सं. पु. [सं. वसुरेतस्] १ अग्नि ।

२ शिव ।

वसुरोधो—सं. पु.—शिव ।

वसुह—१ देखो 'वसु' (रू. भे.)

उ०—जिम धायौ जोगेस, वसुह दिख ज्याग विधूसण । जिम धायौ ग्रह बांण, पत्थ गौ ग्रह छाडावण । —गु. रू. बं.

२ देखो 'वसु' (२९) (रू. भे.) (ना. मा.)

उ०—परचंड पराक्रम दाखवै, पित्त बीवनै पच दिन । 'गजसाह' वसुह राखी पगै, डहै भुज्ज डिगियौ गिगन । —गु. रू. बं.

वसुहा—देखो 'वसुधा' (रू. भे.)

उ०—१ बांमा देवीव अर सुत्ति मंजुल मुत्ताहल । सयल कलावलि कलिकाय कलिमलि वसुहा हल । —स. कु.

उ०—२ वसुहा वर वड वीर धीर दुज्जणजण गंजण, सुभट पणइ सुरतांण स्रीय महिमूद मनरंजण । —व. स.

वसूंलो—देखो 'वसूलो' (रू. भे.)

वसू—देखो 'वसु' (रू. भे.) (अ. मा., नां. मा., ह. नां. मा.)

उ०—१ वडी विपत सह वीर, वडी क्रीत खाटी वसू । धरम-धुरंधर धीर, पोरस धिनो प्रतापसी । —दुरसो आढौ

उ०—२ धुजा फरक्की धूहडां, बहरक्की गज वोह । वसू थरक्की काबलौ, मुरधर छक्की मोह । —किसोरदांन बारहठ

उ०—३ पछै पताई रावळ रै साळो सइयो वांकलियो तिकै रो वडो मामलो, वडो इतबार गढ़ी री कूंची तै वसू । —नैणसी

उ०—४ कटोरा माहै फूल लीजै छै । बाकरा होसनाकां वसू कीजै छै । —रा. सा. सं.

उ०—५ तिण कारण मरवौ भलो रे, तिरसारत इण ठांम । पिण न हुवा तेह ना वसू रे, लोक वदै सहु ग्राम । —वि. कु.

उ०—६ मुरधर संखोधार, लियौ लोहां बळि ईडर । वसू लाख छत्तीस, पूठि कन्नौज वडो घर । —गु. रू. ब.

वसूधा—देखो 'वसुधा' (रू. भे.)

उ०—वसूधा प्रगट दीसती वेस्या, भूकै भूप भुजंग सु भूठ । —ध. व. ग्र.

वसूप्रसून—देखो 'वसुप्रसून' (रू. भे.) (अ. मा.)

वसूमती—देखो 'वसुमती' (रू. भे.) (अ. मा.)

वसूल—वि. [अ.] १ वसूली करने पर जो प्राप्त हुआ हो, जो लिया गया हो, लब्ध ।

२ जो व्यव या श्रम के प्रति फल में मिला हो ।

सं. पु.—१ आय, प्राप्ति ।

२ प्राप्ति की रकम ।

बसूली-सं. स्त्री. [अ.] १ वसूल करने या उगाही करने की क्रिया या भाव ।

२ लोगों से प्राप्य धन लेकर एकत्र करने की क्रिया या भाव ।

वि.—जो वसूल के लिये हो ।

रू. भे.—बसूली, बसोली ।

बसूलौ-सं.पु. [सं. वासिः] १ लकड़ी छीलने का, बढ़ई का एक औजार ।

उ०—रदोही होवै मती, मती बसुलौ मित्त । होवै करवत मारिसो, बांटण-खाटण वित्त । —अज्ञात

२ ईंट काटने का एक औजार विशेष ।

रू. भे.—बसूलौ, बसेलौ, बसोलौ, बांयलौ, बांसोलौ, बांहोलौ, भसालौ, भासोलौ, भोयलौ, भोहलौ वसूलौ, वसोलौ, वांयलौ, वांसोलौ, वांहोलौ, वासूलौ ।

अल्पा.—बसूली, बसोली, बांसोली, बांहोली, वांयली, वांसोली ।

बसेक, बसेख—देखो 'विसेस' (रू. भे.)

उ०—१ पाबूजी अर हरियो थोरी असवार हुयनै सांढियां देने कोळू आया । ताहरां बसेक हुवौ । —नैणसी

उ०—२ दुवार है मरब्ब दाम, जै बसेख दुज्जयं । अतीत ग्रेह तप्प आय, प्रीत हूंन पुज्जय । —सू. प्र.

बसेखौ—देखो 'विसेस' (अल्पा., रू. भे.)

उ० मुजरो छै पारस मरदां री, बीरत अंग खत्रवाट बसेखौ । आय जा झटका ईसर सूं, दोय दोय बटका देखौ ।

—पहाड़खां आढौ

बसेरौ—देखो 'बसेरौ' (रू. भे.)

बसेस—देखो 'विसेस' (रू. भे.)

उ०—प्रिव माळवणी परहरै, हाल्यउ पूंगळ देस । ढोला म्हां बिच मोकळा, वासा घणा बसेस । —ढो. मा.

उ०—सकारां चुरसां थारां जांणीयो जेहान सारां. बाखांणीयो छत्र धारां जोड़रां बसेस । आडंबरा भड़ाळां सावरा साज ओढ़ा-ड़ीया, अगांछाळां वागंबरां पूजीया महेस ।

—करणजी मईयारीयौ

बसोख-सं. पु [स. विशिखा] राजमार्ग, राजपथ, ग्रामरास्ता ।

उ०—बाजार हाट वाटा बसोख, इण भात दांन द्रव्र ओपत अनोख । हिम मणि जटत सब ग्रह होय, पुर अवर वताओ जोड़ कोय ।

—शि. रू.

बसोलौ—देखो 'वसूलौ' (रू. भे.)

बसौ-क्रि. वि.—१ वैसा, तैसा ।

उ०—आप पोढिया था सो हूं तो म्हारै मन री खुसी सूं जसौ दरसाव देखियो बसौ कहियो । —कुंवरसी सांखला री वारता

२ लिये, निमित्त, हेतु ।

बस्त-स. पु. [सं. वस्तु, बस्त] १ वासा, डेरा ।

२ गमन ।

३ मांगना क्रिया ।

४ घायल करना, मारना क्रिया ।

५ नाभि के नीचे का हिस्सा, मूत्राशय ।

६ परवस्ती, कृपा ।

उ०—अंतरजांमी, तूं अछै हो लाल, वाल्हेसर सुबीदीत जि० । साहिब बस्त तिका करौ हो लाल, जिण करि करि आवै चीत जि० ।

—वि. कु.

[सं. वस्तः] ७ बकरा ।

[अ.] ८ बीच का भाग, मध्य ।

९ देखो 'वस्तु' (रू. भे.)

उ०—१ जन हरिदास मन गहि पवन ब्रह्म अगनि विसवन दहौ । अगम बस्त अतरि अगह तहां उनमनि लागा रहौ । —ह. पु. वां

उ०—२ मिळतां रांण घरै महाराजा, ऊछव प्रगटै मिटै अकाजा । जिती बस्त नित अम्रत जोड़ां, राजै नव नवभांत रसोड़ां ।

—रा. रू.

उ०—३ घणीं प्रीति सूं, अंबिकाजी आपणा हाथ सूं पूजि । जु बस्त आपणा मन नइ प्यारी थी । सु वस्त अपणैं हाथि की । पूजा कौ फळ हाथि आयौ । —वेलि टी.

उ०—४ जे नगर मांहइ दांनसाला, पौसधसाला, धरमसाला, गढ मंदिन प्रकार, चुरासी चुहुटांणी हटस्रेणी, मांहइ बस्त संपूरण वरतइ । —व. स.

उ०—५ संचा बस्त अनेको तणा, का न रहइ मननी कांमिणा । ऊंचा तोरण महल अनेक, एक-एक थी अधिका एक ।

—प. च. चौ.

बस्तपांचम—देखो 'वसंतपंचमी' (रू. भे.)

बस्तर—देखो 'वस्त्र' (रू. भे.)

उ०—घर घर ग्वालन दही बिलोवै, कर कंगन झनकारै । बस्तर झूमण तन पर धारो, पनियां पेच संवारै । —मीरां

बस्तवत-वि. [स. वस्तु-वत] जो वस्तुओं से भरपूर हो, वस्तुओं से परि-पूर्ण, वस्तु युक्त, सामग्री युक्त ।

उ०—बन ते जे ब्रक्षवंत, नदी ते जे नीरवत, कटक ते जे वीरवंत, देस ते जे प्रजावत, प्रासाद ते जे ध्वजावंत, वाट ते जे सुघवंत, हाट

ते जे बस्तवंत, वचन ने जे सत्यवंत मम्य ते जे विनयवंत, प्रशांत ते जे बुद्धिवंत, राजा ने जे न्यायवत, तिम धरम ते जे दयावत ।
—व. स.

बस्ति—सं. स्त्री. [सं. वस्तिः] १ निवास, ठहराव ।
२ नाभि के नीचे का पेट का भाग ।
३ कोष ।
४ मूत्राशय ।
५ पिचकारी ।
६ योग की एक क्रिया जिससे उदर-शुद्धि होती है ।
उ०—नाभि प्रमांण सु वारि मे, उत्कट ग्रासन लाय । नळि दे गुद मंकोच कर, वारि उदर ले जाय । कर सुनौळि फिर त्याग दे, यह ही बस्ति कहाय । बात पित्त कफ जन्य जे, गुल्मादिक गद जाय ।
—स्वामी नारायणदास
रू. भे.—बसति, बसती, बसत्ती, बस्ति, बस्ती, वस्ती ।
७ देखो 'बस्ती' (रू. भे.)

बस्तिकरम—सं. पु. [सं. वस्ति-कर्म] १ पिचकारी देने की क्रिया ।
२ पेट की आंतें साफ करने या रेचन करने के लिये गुदा मार्ग से पानी चढ़ाने की क्रिया (एनिमा) ।
३ उदर शुद्धि के लिये की जाने वाली योग-साधना ।
रू. भे.—बस्तिकरम ।

बस्तिमळ—सं. पु. [सं. वस्ति-मलं] पेशाब, मूत्र ।
रू. भे.—बस्तिमळ ।

बस्ती—१ देखो 'बस्ती' (रू. भे.)
उ०—वही साहिबी हुती । तद सैंहर बस्ती घणी हुती । हमें ही जैतारण सारीखो सहर वसै छै । मुदो वस्ती रो वांणियां ऊपर छै ।
—नैणसी
२ देखो 'बस्ति' (रू. भे.)

बस्तु—सं. स्त्री. [सं.] १ वह चीज या पदार्थ जिसका अस्तित्व हो, सत्ता हो, जिसको देखा व छुआ जा सकता हो, जो अपनी वास्तविकता रखता हो ।
२ सारवान चीज, धन, दौलत ।
३ साधन व सामग्री जिससे कोई चीज बनती हो ।
४ सार, तथ्य ।
५ खाका, ढांचा ।
६ श्रम द्वारा निर्मित कोई चीज ।
७ विषय-वस्तु जिस पर वाद-विवाद व विचार विमर्श किया जा सकता है ।
८ किसी नाटक की कथावस्तु, कथानक ।
रू. भे.—बसत, वस्त, बस्तु, बुसत, बुस्त, वत्थु, वसत, वसतु, वसत्त वस्त, वुसत, वुस्त ।
अल्पा.—बसतड़ी ।

बस्तुनिरदेस—सं. पु. [सं. वस्तु-निर्देश] नाटक के मंगलाचरण का एक भेद जिसमे कथा का कुछ आभास दिया जाता है ।

बस्तो—देखो 'बस्ती' (रू. भे.)

बस्य—सं. पु. [सं. वश्य] १ अनुचर, नौकर, दास ।
२ देखो 'वस्या' (रू. भे.)
उ०—कहिन बहिन बाई कुण नई एह जाई, करिन मझ पसाई ताहरउं हउ जिभाई । कहइ हिव सुदरसणा बस्य देवंग त्रस्णा, मझ तणी ए सिलिद्री स्रीसमांणी पुरिद्री ।
—सालिसूरि

बस्यकरम—सं. पु. [सं. वश्यकर्म] ७२ कलाओं में से एक ।

बस्या—सं. स्त्री. [सं. वश्या] आज्ञा कारिणी स्त्री ।
रू. भे.—वस्य ।

बस्त्र—सं. पु. [सं.] १ ऊन, रुई, रेशम आदि के धागों से बुन कर बनाया हुआ कपड़ा जो अनेक प्रकार से उपयोग में आता है । (उ. र.)
२ शरीर पर धारण करने का कपड़ा, पोशाक, परिधान । (उ. र.)
रू. भे.—बसत्र, बस्तर, बस्त्र, वसत, वसतर, वमत्त, वसत्र, वस्तर ।
अल्पा.,—बासतो, बामत्थो, बास्तो ।

बस्त्रकार—सं. पु. [सं.] १ वस्त्रों के आगार का अधिकारी ।
उ०—उद्दीसकार धृतिकार रूपकार, करणीकार रसकार क्षीरकार सस्यकार बस्त्रकार विभूसणकार, पुंतार, अस्त्रसिक्षाकार, रथकार ।
—व. स.
२ वस्त्रों का व्यापारी, बजाज ।

बस्त्रगांठ, बस्त्रगांठि—सं. स्त्री. [सं. वस्त्र-ग्रंथि] १ कपडे की गांठ, बडल । (उ. र.)

बस्त्रगोपना—सं. पु.—१ वस्त्रों की रक्षा ।
२ स्त्रियों की ६४ कलाओं में से एक ।

बस्त्रपरिधायक—वि. [सं.] वस्त्र धारण कराने वाला, पहनाने वाला ।
उ०—गज वैद्य, वृत्रिवायक, वहीवायक, ग्राचायक, त्रिहायक अंगरक्षक बलबक वस्त्रपरिधायक, काठिया लोहटिया
—व. स.

बस्त्रागार—सं. पु. [सं. वस्त्र+आगार] १ वह स्थान, मकान या कक्ष जहां कई प्रकार के बहुत से वस्त्र हो, वस्त्र भण्डार ।
२ घर का वह कक्ष जहा पहनने के कपड़े रहते हो (ड्रेसिंग रूम)

बहग—देखो 'विहग' (रू. भे.)
उ०—रग रळा दह नमै अढग मै जगन रग, कमध अणभग उछरग कीधो । सोहीयो पलग जग हुचै बान्हन मुन, दुगम उतवंग वहंग त्याग दीधो ।
—ठाकुर जोगीदास री गीत

वहंगपत वहंगपति—देखो 'विहंगपति' (रू. भे.)

उ०—थाळ सारंग न खेग संख कंज पलंग थत, वहंगपत न पूगो चाल बासं। हाल ऊगो लगा नहंग छबतो हरी, पाल अरधग गयो मतंग पासं। —हुकमीचंद खिड़ियो

वहंगराज, वहंगराजा—देखो 'विहंगराज' (रू.) भे·

उ०—१ पतंग ऊगतं रहे थाकै **वहंगराज** पंथ, जाय गग बमुह खाय नहंग भालो। सेस घर तजै पंथ भंजै वागां समग, देत्रगर डगं तो चगं 'दोलो' —नाथजी बारहठ

उ० —२ राहां सकाजा अळगां सग्र दौड़ में **वहंगराजा**। ताव तेज भोड में नहंग राजा तास। रूप रंग घाट थाट देख रीभै रावराजा, वाग माहाराजा असो मोजीयो व्रहास। —हुकमीचंद खिड़ियो

वहंडणो, वहंडबो—देखो 'विहडणो, विहंडबो' (रू. भे)

उ०—जद वारग कहै 'जोगावत', घड़ा वहंड सुरलोक गयो, मह जोधां सळखां रड़माळा, कमदा कुळ ऊजळो कियो। —हर्टसिंग पातावत रो गीत

वहंडणहार, हारो (हारी), वहंडणियो—वि०।

वहंडिग्रोड़ो, वहंडियोड़ो, वहंड्योड़ो—भू० का० कृ०।

वहंडोजणो, वहंडोजबो—कर्म वा०।

वहंडियोडो—देखो 'विहंडियोडो' (रू. भे)

(स्त्री. वहंडियोडी)

वहंत—स. पु. [सं. वहन्त] १ हवा, पवन। (२) बच्चा।

वह—सर्व [सं. वह्] कर्तृ कारक प्रथम पुरुष सर्वनाम जो किसी संदर्भ का अनुमान देता है।

सं. पु [स. वहः] १ परोक्ष या दूर की वस्तुओं का संकेत करने का एक निर्देशकारक शब्द।

२ समर्थन, सहमति।

३ लेजाने की क्रिया।

४ वाहन, सवारी।

५ घोड़ा।

६ हवा, पवन।

७ मार्ग, सड़क।

८ नद।

९ बैल का कंधा।

१० कंधा, स्कंध।

११ चार द्रोण भर का एक नाप।

१२ देखो 'वाह' (रू. भे.)

उ०—हरामखोरां नूं नेड़ा आवण देवो। जाहरां तीर-**वह** मांहे आसी, ताहरां म्हे हंकारो करसां। —राजा नरसिंघ री वात

रू. भे.—वह, वहे।

वहकणो, वहकबो—देखो 'महकणो, महकबो' (रू. भे.)

उ०—मंच प्रति मंच तणी रचना हुई। स्वरगपुरी तणी सोभा लई। ध्वज पताका लहकई, पुस्प परिमल **वहकई** नाचई पात्र। राजभवन आवई अक्षत पात्र। —वाग्विलास

वहचरा, वहचराय—देखो 'बहचराय' (रू भे.)

उ०—बहीचरा देवी अरथ कुकुकटवहणी लोक **वहचरा** कहै। —बां. दा. ख्यात

वहजावणो, वहजावबो—देखो 'वजाणो, बजाबो' (रू. भे.)

उ०—रांमण इंद्रजीत खर दूखर, गजै कूंण गिणावै। खांत लगै केता खळ खाधा, वळै दांत **वहजावै**। —र. ज. प्र.

वहण—वि.—१ वार करने वाला, मारने वाला।

२ चलने वाला, गमन करने वाला।

उ०—उड्डि महाभर कंध, भार भलपण संब्बाहै। वेगड वांमी **वहण** अथी आभो पति साहै। —गु. रू. बं.

३ धारण करने वाला।

सं. पु. [सं. वहनं] १ वाहन, सवारी।

२ रथ।

उ०—जाय जोगण बंद जाजा, प्रजुण वन्ही करै प्राजा। **वहण** आवध होम बाजा, दपि दराजा रोस। —र. रू.

३ नाव, नौका।

उ०—**वहण** पोत (भव महण लंघावण, तरण उदय हरि नांम तराज)। —ह. नां. मा.

४ नदी, सरिता।

उ०—जुग जवदा जोड़या जिम **वहण** वहाई। —केसोदास गाडण

५ समय। (अ. मा.)

६ वार, प्रहार।

७ चाल, गति।

८ देखो 'बहन' (रू. भे)

रू. भे.—बहण, वहणो।

वहणी—सं. स्त्री.—१ चलने की क्रिया या भाव।

२ आचार-व्यवहार, चाल-चलन।

३ बर्ताव।

४ तेज चलने वाली, शीघ्र गामी।

५ चाल, गति।

६ बहने की क्रिया या भाव।

रू. भे.—**बहणी**, वहनि, वहनी, वहिणि, **वंणी**।

वहणो—वि. [सं. वह्] (स्त्री. वहणी) १ चलने वाला, गतिशील।

२ घूमने वाला, टहलने वाला, विचरण करने वाला ।

उ०—भार प्रठारा पसरि न पोर्व, नभ बहणि पवन धरती नहिं सोर्व । निरभै भया भरम सब भागा, ज्यौ की डोरी उनमनि लागा ।
—ह. पु. वां.

३ तेज चाल वाला ।

४ बहने वाला ।

बहणो, बहबो–क्रि. अ. [सं. वहनं] १ चलकर कहीं जाना, गमन करना, चलना, किसी की ओर निरन्तर चलना ।

उ०—१ धवळ न घटकं घुर रहै, कासूं पांणी कीच । इण री जननी तारही, वैतरणी रै बीच । —बां. दा.

उ०—२ मारवणी मनि रंगि, वाटइ तिणि प्रावी वहइ । कुंझौ एकणि सग, तालि चरती दिट्ठिया । —ढो. मा

उ०—३ वायक वांमांनां सुणी, आकासमारगि प्रणसरी । वेगि वही नि तं गयु रै हंस नलरांनी पुरी । —नळाख्यान

उ०- ४ बहै क बाज पत्थए, अकास में क रत्थए । सीरम साह नरसहै, विवांण उड्डिया वहै । —गु. रू. बं.

२ पास से गुजरना, निकट से होकर चलना ।

३ द्रव्य पदार्थ या पानी का धारा रूप में बहना, प्रवाहित होना ।

उ०—नठै समुद्र मांहे पैठा । पैस प्रर एक वडौ पाटलौ तिण ऊपर भांतेज नूं बैमांण प्रर पाटला नै धकाय प्रर बहू तैपाणी माहे वहाय दियौ । —नैणसी

मुहा.—बहती गंगा मे हाथ धोणा=अवसर का लाभ उठाना, सहज मे ही कार्य साधना, अवसरानुसार परोपकार करना ।

४ उक्त प्रकार की धारा के साथ बहना, प्रवाहित होना ।

उ०—ऊभळं नीर पताळा एहा, जळनिध प्रबळ घटा घण जेहा । राजा दास कुसळह्व थट रहिया, वैरी सकळ सुजळ महि वहिया ।
—सू. प्र.

५ इधर-उधर घूमना, भटकना ।

६ गतिमान होना ।

७ घूमना, मडराना ।

